CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 08°C

हल्द्वानी, गुरुवार 12 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 168 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 23 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# योगी सरकार ने खोला वादों का पिटारा

## उप्र बजट 2026 वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट किया पेश

- निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास व कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस, 10 लाख नौकरी संभावित
- लड़कियों की शादी के लिए मिलेंगे अब एक लाख रुपये, युवाओं को साधने की कोशिश, महिलाओं के लिए अलग प्रशिक्षण केंद्र बनेंगे
- कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाएगी उप्र सरकार, युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने दसवां बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। विधानसभा चुनाव से पहले यह दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट है।

वित्त मंत्री ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट पेश किया। इसमें निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यूपी में 10 लाख युवाओं को रोजगार संभावित हैं। लड़कियों की शादी के लिए सरकार एक लाख रुपये देगी। यूपी का इस बार का बजट का आकार नौ लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये का है। पिछले बजट की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। पीपीपी मोड में कौशल संवर्धन और जॉब प्लेसमेंट केंद्र विभिन्न जनपदों में स्थापित किए जाएंगे। इस व्यवस्था से कार्यबल में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए महिलाओं के लिए अलग केंद्रों की स्थापना की जाएगी। पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं के कौशल संवर्धन की व्यवस्था की जानी होगी। हमारे कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाई



जाएगी। नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इस अभियान में निजी क्षेत्र की सहभागिता भी सुनिश्चित की जानी होगी। ऐसे व्यक्ति जिनके पास किसी भी व्यवसाय में हस्तकौशल या निपुणता प्राप्त है, कभी भी बेरोजगार नहीं रह सकते। इसलिए युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगारपरक प्रशिक्षण और कौशल संवर्धन को प्राथमिकता के आधार पर मिशन मोड में संचालित किया जाना आवश्यक है। एक तरफ जहां अर्थव्यवस्था में पूंजी निवेश और अवस्थापना विकास का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं प्रदेश की युवा जनशक्ति को रोजगार के अवसर प्रदान करने, उन्हें रोजगार के लिए सक्षम बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रदेश में डिजिटल -**शेष पृष्ठ दो पर**

## नौ वर्ष के नवनिर्माण की गाथा को दर्शाता है बजट: योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में सुरक्षा का वातावरण नहीं था। पर्यटन की कोई ठीक व्यवस्था नहीं थी। आज करोड़ों लोग आकर यूपी में धार्मिक स्थलों पर दर्शन करते हैं। 50 हजार नए होम स्टे की दिशा में काम करेंगे।

चिकित्सा के क्षेत्र में यूपी ने काफी ग्रोथ की है। पीएम आयुष्मान योजना से पांच करोड़

- **कहा: रूल ऑफ लॉ रियल ग्रोथ की गारंटी**

से ज्यादा गोल्डन कार्ड यूपी के लोगों को दिए गए। दिव्यांग छात्राओं को लिए ई-ट्राईसाइकिल की व्यवस्था की गई है। आज यूपी देश के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ रहा है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए ईक्यूब के रूप में महिला सुरक्षा बल 13 फीसदी से बढ़कर 36 फीसदी हुआ है। महिलाओं के लिए क्रेडिट कार्ड योजना चलाई जाएगी। ताकि उन्हें वह छोटे-छोटे काम के लिए किसी से ऋण न लेना पड़े और उन्हें ब्याजमुक्त ऋण मिल सके। इसके लिए बजट की व्यवस्था की गई है। युवाओं को ध्यान में रखते हुए सभी 18 कमिश्नरी में स्पोर्ट कॉलेज बनाए जाएंगे। इसके लिए बजट में धनराशि की व्यवस्था है।

### पहली बार किसी सीएम को 10वां बजट पेश करने का मौका मिला, हर वर्ग का ध्यान रखा: सीएम

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि 9 साल में उत्तर प्रदेश पर राय बदली है। बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया। 9 साल में एक भी टैक्स नहीं लगा। नौ वर्ष में तीन गुना से अधिक उत्तर प्रदेश का बजट बढ़ा है। बजट की थीम सुरक्षित नारी, सक्षम युवा और खुशहाल किसान। दो लाख करोड़ की धनराशि कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए है। सीएम योगी ने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि कोई एक सरकार का 10वीं बार बजट प्रस्तुत हो रहा है। नौ वर्ष में कोई भी टैक्स नहीं लगाया गया है। सिटी इकनोमिक जोन यह क्लस्टर डेवलेप करने की नई कार्यवाही के लिए बजट में प्रावधान किया गए हैं। रूल ऑफ लॉ रियल ग्रोथ की गारंटी है।

### हर जिले में होगा मॉडल स्कूल

**लखनऊ।** बजट में बेसिक शिक्षा के लिए 77,622 करोड़ रुपये की अभूतपूर्व व्यवस्था प्रस्तुत की गई है। यह राशि परिषदीय विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहेगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इन प्रावधानों से प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को नई गति मिलेगी। सबसे अहम प्रावधान कक्षा 1 से 8 तक परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं के लिए है। नि:शुल्क यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूता-मोजा और स्टेशनरी उपलब्ध कराने की योजना के लिए 650 करोड़ रुपये प्रस्तुत किए गए हैं। उद्देश्य है कि संसाधनों के अभाव में कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। इसके साथ ही सरकार प्रत्येक जिले में दो-दो मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्थापित करने की योजना पर कार्य कर रही है। प्रदेश के 75 जिलों में कुल 150 ऐसे विद्यालय प्रस्तावित हैं, जिन्हें आधुनिक सुविधाओं, डिजिटल कक्षाओं और उन्नत शैक्षणिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। प्रत्येक जनपद में एक मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय विकसित करने की भी योजना है, ताकि ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों को समान गुणवत्ता की शिक्षा मिल सके।

### बजट सत्र के दूसरे चरण में होगी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश किया, जिसके बाद अब स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नोटिस में खामियां सामने आई है, जिसके संशोधन के निर्देश दिए गए हैं। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। लोकसभा सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष ओम बिरला ने सचिवालय को विपक्ष द्वारा प्रस्तुत दोषपूर्ण नोटिस को खारिज होने से बचाने के लिए उसमें संशोधन करने का निर्देश दिया।

## भारत-यूएस ट्रेड डील में भारत को मिली और राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाशिंगटन/ नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी अपनी फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए हैं। पहले जिन बातों का साफ जिक्र था, अब उन्हें या तो हटा दिया गया है या उनकी भाषा बदली गई है।

पिछले हफ्ते दोनों देशों ने ट्रेड डील का ऐलान किया था। इसके बाद व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट जारी कर आगे की रूपरेखा बताई थी, लेकिन अब उसी दस्तावेज का नया वर्जन जारी हुआ

- **अमेरिका ने फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए**
- **दाल व 500 अरब डॉलर की खरीद भी जरूरी नहीं**

है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा, जिसमें दाल भी शामिल थी। अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा लिया गया है। 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदली गई है। पहले लिखा था कि भारत, अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए कमिटेड है। अब इसे बदलकर इरादा रखता है कर दिया गया है। नए दस्तावेज में सिर्फ एनर्जी, सूचना और संचार तकनीक, कोयला और कुछ अन्य सामान की बात कही गई है। डिजिटल सर्विस टैरिफ पर भी अमेरिका ने नरमी दिखाई है। पहले कहा गया था कि भारत यह टैरिफ हटाएगा।




## देहरादून में शूटआउट, स्कूटी सवार बदमाशों ने कारोबारी को भूना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** देवभूमि की शांत वादियों में एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट ने राजधानी को दहला दिया है।

डालनवाला जैसे पॉश इलाके में स्थित तिब्बती मार्केट के पास दिनदहाड़े बुधवार सुबह स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने गैस एजेंसी स्वामी अर्जुन शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। शहर के बीचों-बीच हुई इस वारदात ने न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती दी है, बल्कि पुलिस के सघन

- **दिनदहाड़े देहरादून शहर के बीचो-बीच हुई हत्या के बाद पुलिस के सुरक्षा दावों की खुली पोल**

चेकिंग के दावों की भी हवा निकाल दी है। इंदिरा नगर निवासी अर्जुन शर्मा अमरदीप गैस एजेंसी, जीएमएस रोड का मालिक है और अपने कारोबार के चलते बुधवार को सवेरे वह जब तिब्बती मार्केट के समीप थे, तभी घात लगाए बैठे दो स्कूटी सवार -**शेष पृष्ठ दो पर**

## जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा।

इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई। आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले

- **नए दिशानिर्देश जारी, सभी छह पैरा गाना जरूरी, स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई, सिनेमाघरों को छूट**

वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा। आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है।

## हम किससे तेल खरीदेंगे, यह फैसला अमेरिका करता है: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद में लंबे गतिरोध के बाद बुधवार को लोकसभा में राहुल गांधी ने बजट 2026 पर चर्चा में भाग लिया। इस दौरान कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भाषण की शुरुआत में मार्शल आर्ट्स का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि जिजित्सु में ग्रिप दिखती है, राजनीति में नहीं दिखती। चोक कहां हो रहा है, जोर कहां पड़ रहा है, राजनीति में नहीं दिखता। इसके बाद उन्होंने बजट, अमेरिका संग हालिया ट्रेड डील से लेकर वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने आम

- **कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भाषण की शुरुआत में मार्शल आर्ट्स का किया जिक्र**



बजट और वित्त मंत्रालय की तरफ से पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि मैं आर्थिक सर्वे को देख रहा था। दो बिंदु मुझे दिखे। पहला बिंदु- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है। यानी जो अमेरिका आधारित सिस्टम था, उसे चुनौती मिल रही है। उसे अब रूस और चीन फिर से चुनौती दे रहे हैं। दूसरा- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था। लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है। यानी हम स्थिरता से अस्थिरता की तरफ जा रहे हैं। राहुल ने कई और वैश्विक मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर किया था। तो हम अस्थिरता की दुनिया में जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीओ को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में आज एंटी करप्शन प्रयागराज की टीम ने बिजली विभाग के एसडीओ को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा एंटी करप्शन ने दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए एसडीओ संजीव कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है। खुल्दाबाद के रहने वाले शिकायतकर्ता जितेन्द्र कुमार ने नौ फरवरी को एंटी करप्शन से की शिकायत थी। शिकायत में कहा गया था कि अराजपत्रित लोकस. वक विद्युत उपखण्ड अधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा शिकायतकर्ता से विद्युत कनेक्शन के मीटर को सही कराने और मुकदमे से बचाने और बढ़े हुए जुर्माने से बचाने के एवज में दस हजार रिश्वत मांग रहे है शिकायत पर प्रयागराज की एंटी करप्शन यूनिट ने आज इंस्पेक्टर अंजली यादव के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम के साथ खुसरोबाग स्थित कार्यालय उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में शिकायतकर्ता के साथ पहुंचकर एसडीओ को ट्रैप किया।

### इलेक्ट्रिकल वाहनों की खुदरा बिक्री में तेज वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री में जनवरी में सभी श्रेणियों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। वाहन डिलरों के महासंघ (फाडा) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में यात्री वाहनों की बिक्री साल-दर-साल 54.75 प्रतिशत बढ़कर 18,470 पर पहुंच गई। इस श्रेणी में 8,007 इकाइयों के साथ टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स शीर्ष पर रही। उसकी बिक्री 50.71 प्रतिशत बढ़ी। दूसरे स्थान पर 4,703 वाहनों के साथ जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया और तीसरे स्थान पर 3,668 इकाई के साथ महिंद्रा एंड महिंद्रा रही।

## बजट में तकनीक, रोजगार और नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता

# टेक युवा- समर्थ युवा योजना लागू होगी: खन्ना

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा, कौशल संवर्धन व जॉब प्लेसमेंट केन्द्र स्थापित किए जाएंगे

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट भाषण में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि वर्तमान युग में इमर्जिंग टेक्नोलॉजी का व्यापक उपयोग आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से उप्र में 'टेक्नोलॉजी मिशन' की स्थापना की जाएगी।

प्रदेश में स्टेट डाटा अथॉरिटी तथा डाटा सेंटर क्लस्टर्स स्थापित किए जाएंगे। साथ ही एआई मिशन की स्थापना और 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सामा. जिक क्षेत्र में सभी वर्गों के लिए योजनाओं के साथ-साथ त्वरित और भविष्योन्मुखी विकास के लिए आधुनिक तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश की प्रगति में नारी शक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है और युवाओं की ऊर्जा व मेधा विकास की आधारशिला है।

महिला सशक्तीकरण के तहत मुख्यमंत्री मातृ सुरक्षा संकल्प योजना को और सघनता से संचालित किया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों एवं महिला उद्यमियों के उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए 'मुख्यमंत्री महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना' पर कार्य किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में डीजल आधारित नलकूपों को सौर ऊर्जा आधारित बनाने, कृषि वितरण एवं निर्यात को बढ़ावा देने तथा त्वरित आर्थिक विकास के लिए 'सिटी इकोनॉमिक रीजन योजना' लागू करने की घोषणा की गई। रोजगार पर विशेष जोर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी और नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। पीपीपी मॉडल पर कौशल संवर्धन और जॉब प्लेसमेंट केंद्र विभिन्न जनपदों में स्थापित किए जाएंगे, जिनमें महिलाओं के लिए पृथक केंद्र भी बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। प्रदेश की कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी आई है। पुलिस विभाग में 2 लाख से अधिक भर्तियां की गई हैं। 'अभ्युदय' केंद्रों में छात्रों को मुफ्त कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। वित्त मंत्री ने दावा किया कि उप्र स्टार्टअप रैंकिंग में नंबर-1 बना है।

### बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर व प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल: राज्यपाल

**लखनऊ।** उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानसभा में प्रस्तुत राज्य सरकार के बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे समावेशी, जनोन्मुखी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट युवा सशक्तिकरण, कानून-व्यवस्था की मजबूती और चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के माध्यम से प्रदेश को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। राज्यपाल ने कहा कि कौशल विकास, रोजगार सृजन और डिजिटल सशक्तिकरण पर दिया गया विशेष जोर युवाओं के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है।

## परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगा बजट: दयाशंकर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में परिवहन विभाग को मिली प्राथमिकता को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह प्रावधान उप्र की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में सुरक्षित, सुगम और पर्यावरण-अनुकूल यात्रा व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि बसों के बेड़े को मजबूत करने के लिए 400 करोड़ रुपये की लागत से ई-बसों की खरीद की जाएगी। इससे एक ओर जहां यात्रियों को आरामदायक और प्रदूषण-मुक्त यात्रा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधुनिक बस अड्डों के निर्माण और उन्नयन के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इन बस अड्डों पर डिजिटल सूचना प्रणाली, बेहतर प्रतीक्षालय और स्वच्छता सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर है। मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा विजन योजना के अंतर्गत 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिससे दुर्घटना रोकथाम, जागरूकता अभियान और आपातकालीन सहायता प्रणाली को सुदृढ़ किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही बस अड्डों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना हेतु 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने कहा कि यह कदम हरित परिवहन नीति को मजबूती देगा और प्रदेश को सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाएगा। दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृत परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से लागू किया जाए।

## कौशल विकास को नई रफ्तार देगा बजट: कपिलदेव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित उप्र 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार रोजगारपरक शिक्षा और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रही है।

मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 88 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए लगभग 3,349 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे आईटीआई और कौशल प्रशिक्षण संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने और प्रशिक्षकों की क्षमता बढ़ाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित 286 राजकीय आईटीआई में करीब 1-90 लाख सीटें उपलब्ध हैं।

महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 47 आईटीआई में विशेष महिला शाखाएं और 12 स्वतंत्र महिला आईटीआई संचा. लित किए जा रहे हैं। साथ ही 2,963 से अधिक निजी आईटीआई में 4.58 लाख से अधिक प्रशिक्षण सीटें उपलब्ध हैं।

## भाजपा की विदाई का बजट: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बीजेपी वालों ने जब भी मुंह खोला, बुरा ही बोला

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में पेश किए गए योगी सरकार के 10वें बजट को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जोरदार हमला बोला है। उन्होंने इसे 'विदाई बजट' करार दिया है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बजट का आकार भले ही 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिखाया जा रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत में यह जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता।

सपा के राज मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि जब मुंह खोला तब बुरा बोला। यह विदाई बजट है और अब भाजपा की विदाई तय है। हर वर्ष बजट का आकार स्वाभाविक रूप से बढ़ता है, इसलिए केवल राशि बढ़ाना उपलब्धि नहीं माना जा सकता। असली सवाल यह है कि पिछले बजटों का पूरा और प्रभावी उपयोग क्यों नहीं हो सका। उनका आरोप था कि सरकार 50 प्रतिशत से अधिक धनराशि भी प्रभावी ढंग से खर्च नहीं कर पाई, जो प्रशासनिक अक्षमता को दर्शाता है। सपा प्रमुख ने कहा कि यदि उप्र को तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तो राज्य की सकल घरेलू उत्पाद लगभग 90 लाख करोड़ रुपये के आसपास होनी चाहिए। मौजूदा दावों और वास्तविक आंकड़ों के बीच बड़ा अंतर है, जिससे सरकार की तैयारी और नीयत पर सवाल खड़े होते हैं। एमएसएमई क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 92 लाख इकाइयां हैं, जिनमें से 82 लाख अब तक पंजीकृत नहीं हैं। उन्होंने पूछा कि एक दशक में इतनी बड़ी संख्या में इकाइयों का पंजीकरण क्यों नहीं हो पाया। उनका कहना था कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों और नीतिगत बदलावों का सीधा असर एमएसएमई और किसानों पर पड़ेगा, लेकिन बजट में इनके लिए ठोस रणनीति नजर नहीं आती। अखिलेश यादव ने युवाओं के रोजगार, निवेश के दावों, स्वास्थ्य सेवाओं और कानून-व्यवस्था को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि विभाग में लगभग 57 प्रतिशत, स्वास्थ्य में 58 प्रतिशत और बेसिक शिक्षा में करीब 62 प्रतिशत बजट ही खर्च किया गया। जब पिछली योजनाओं की आवंटित धनराशि का पूरा उपयोग नहीं हो सका, तो नए और बड़े बजट की घोषणाओं से आम जनता को वास्तविक लाभ कैसे मिलेगा।

## भाजपा ने राहुल गांधी के आचरण पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को संसद में नेता विपक्ष राहुल गांधी के बयान पर निशाना साधा और उनके आचरण पर सवाल उठाते हुए संसदीय मर्यादा को तार-तार करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता डा. सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संसद लोकतत्र में उच्चतम मानकों और मर्यादाओं का प्रतीक मानी जाती है, लेकिन हालिया घटनाओं ने संसदीय परंपराओं को आघात पहुंचाया है। त्रिवेदी ने कहा कि गांधी ने अपने व्यवहार, भाषा और शैली से राजनीति तथा संसदीय गरिमा को निम्न स्तर तक ले जाने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी ने अपनी 'कुंठाग्रस्त शैली' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बार-बार अनर्गल और झूठे आरोप लगाए हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि संसद में भाषा की एक मर्यादा होती है और जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उसी के अनुरूप आचरण करें। उनके अनुसार विपक्षी दलों का व्यवहार ऐसा रहा है मानो उन्होंने संसद की गरिमा का ध्यान नहीं रखा हो।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 84233.64
निफ्टी 25953.85



सोना रु. 156000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 258000
प्रति किलो



## शुरुआती बढ़त के बाद शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव

मुंबई, वार्ता




विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव देखा गया। आईटी कंपनियों में बिकवाली के दबाव में बीएसई का संसेक्स शुरुआती तेजी के बाद 40.28 अंक (0.05 प्रतिशत) गिरकर 84,233.64 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 18.70 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की बढ़त में 25,953.85 अंक पर पहुंच गया, जो 7 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। कुल मिलाकर बाजार में निवेश धारणा मजबूत रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.15 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.02 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी सेक्टर पर जबरदस्त दबाव देखा गया। निजी बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक भी लाल निशान में बंद हुआ। ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और रसायन समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे। संसेक्स की कंपनियों में टीसीएस का शेयर ढाई प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इटरनल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूट गए। आईटीसी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाइटन के शेयर भी लाल निशान में रहे। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर साढ़े तीन प्रतिशत के करीब चढ़ा। मारुति सुजुकी और इंडिगो में एक से दो प्रतिशत तक की तेजी रही। ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और हिदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी बढ़त में बंद हुए।

## चांदी और सोना दोनों धातुओं की कीमत और गिरी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में लगातार दो दिन की बढ़त के बाद आज 11 फरवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी की कीमत एक हजार रुपए गिरकर 2.58 लाख रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.59 लाख रुपए किलो थी। आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 142 रुपए घटकर 1.56 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले 10 फरवरी को इसके दाम 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थे। सोना भी अपने ऑल टाइम से 20 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। इसकी कीमत भी 29 जनवरी को 1.76 लाख रुपए के अपने सबसे ऊपरी स्तर पर थी। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

## गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों एवं दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुत्रावार को चावल के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। चावल के साथ चीनी में भी टिकाव देखा गया। गेहूं के दाम बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार.चढ़ाव रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं की कीमत 16 रुपये बढ़कर 2,865 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा भी आठ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 22 रुपये और उड़द दाल 17 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत भी पांच रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मसूर दाल में कमोबेश टिकाव रहा। विद. ेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 35 रिंगिट टूटकर 4,060 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.42 प्रतिशत फिसलकर 57.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 74 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 55 रुपये और पाम ऑयल 30 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 23 रुपये बढ़ी। वहीं वनस्पति 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी में लगभग टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7783.83 रुपये, मसूर काली 8123.17 रुपये, मूंग दाल 10130.22 रुपये, उड़द दाल 10615.20 रुपये, तुअर दाल 11063.14 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### ओमान ने भारतीय निवेशकों को नए एल्युमिनियम जोन में निवेश का दिया न्योता

**नई दिल्ली।** ओमान अपने प्लास्टिक क्लस्टर की सफलता को दोहराने की कोशिश के तहत भारतीय निवेशकों को नई योजना वाले एल्युमीनियम प्रोसेसिग जोन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित कर रहा है। इससे यह पहल तेजी से बढ़ रही भारत-ओमान आर्थिक साझेदारी के तहत आएगी। लादायन कार्यक्रम के प्रमुख मुंधर अल-रवाहि ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि ओमान एल्युमिनियम क्षेत्र के इर्द-गिर्द 'एक संपूर्ण इकोसिस्टम' विकसित करना चाहता है। उनका कहना है कि यह नया औद्योगिक क्लस्टर कच्चे माल के निर्यात के बजाय मूल्य वर्धित प्रसंस्करण और विनिर्माण पर केंद्रित होगा।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योगी सरकार...**

इन्टरप्रन्योरशिप योजना पर कार्य किया जाएगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अगले चरण के रूप में जनविश्वास सिद्धांत के आधार पर उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इसमें रजिस्ट्रेशन, लाइसेंसिंग आदि कार्यवाहियों को और अधिक सहज एवं सुगम बनाया जाएगा। विश्व बैंक सहायतित यूपी एग्रीज परियोजना के अन्तर्गत एग्री-एक्सपोर्ट हब की स्थापना कराई जाएगी। एसडीजी इंडिया इंडेक्स में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग जो वर्ष 2018-2019 में 29 वें स्थान पर थी, बेहतर होकर वर्ष 2023-2024 में 18 वें स्थान पर आ गई है। राज्य सरकार द्वारा फरवरी, 2024 में चौथे ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट का सफलतम आयोजन किया गया। अब तक लगभग 50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं जिनसे लगभग 10 लाख रोजगार का सृजन सम्भावित है। इनमें से, अब तक लगभग 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की लगभग 16 हजार से अधिक परियोजनाओं के 4 ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह सम्पन्न हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है। भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेन्ट्स इकाईयां प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44,744 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

**देहरादून में...**

हमलावरों ने उन पर फायर झोंक दिया। तिब्बती मार्केट के पास हुई इस घटना की सूचना जैसे ही पुलिस विभाग को मिली, तो विभाग में भी हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस के आला अधिकारी सहित डालनवाला कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क पर पड़े लहूलुहान हालत में उन्हें तत्काल दून अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने घटना के बाद राजधानी के सभी इलाकों में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। एसएसपी अजय सिंह का कहना है कि इस हत्याकांड का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा। वही इस हत्याकांड को परिवार की रंजिश के चलते होना बताया जा रहा है।

### राज्यसभा में पश्चिमी उप्र में एम्स बनाने की मांग उठी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी उप्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए मेरठ में एम्स की स्थापना की मांग बुधवार को राज्यसभा में उठी। भारतीय जनता पार्टी के लक्ष्मीकांत वाजपेई ने शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि उप्र के 21 प्रतिशत मरीज दिल्ली एम्स में उपचार के लिए आ रहे हैं और इनकी संख्या में 17.6 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरठ के सरकारी अस्पताल में एम्स के लिए 52 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जहां एम्स की स्थापना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि एम्स की स्थापना संभव न हो, तो मेरठ में पीजीआई संस्थान या एम्स का सेटेलाइट सेंटर बनाया जाना चाहिए। समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान ने उप्र सहित देश भर में आवारा कुत्तों तथा बंदरों के लोगों पर बढ़ते हमलों का मुद्दा उठाते हुए बंदरों को वन्यजीव प्राणियों में शामिल किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बंदरों को वन्यजीव प्राणी घोषित किए जाने से वन्यजीव विभाग को उनकी देखभाल की जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि उप्र में एक वर्ष में बंदरों और कुत्तों के लोगों पर हमले के 30 हजार मामले सामने आए हैं और यह समस्या एक महामारी के रूप में सामने आ रही है। जनता दल यू के संजय झा ने बिहार के दरभंगा हवाई अड्डे की क्षमता बढ़ाकर उसे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने की मांग की।

## मजदूर व किसान संगठनों का भारत बंद आज

### लेबर कोड व अमेरिका के साथ ट्रेड डील के खिलाफ बंद का आह्वान किया

नई दिल्ली, वार्ता

■ बैंक खुले रहेंगे, लेकिन काम हो सकता है प्रभावित

देश के कई मजदूर और किसान संगठनों ने कल (आज) गुरुवार को भारत बंद का आह्वान किया है। इससे कई राज्यों में सरकारी बैंकों, दफ्तरों, परिवहन सेवाओं और बाजारों पर असर पड़ने की आशंका है। कुछ इलाकों में स्कूल और कॉलेज भी बंद रह सकते हैं। मजदूर संगठन नए लेबर कोड्स का विरोध कर रहे हैं, जबकि किसान संगठनों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ बंद का आह्वान किया है। 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों के ज्वाइंट फोरम ने इस बंद का आह्वान किया है। इसमें इनटक, एआईटीयूसी, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, टीयूसीसी, एसईडब्ल्यूए, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ और यूटीयूसी शामिल हैं।

मजदूर संगठन पिछले साल लागू हुए चार लेबर कोड्स का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे वर्कर्स के राइट्स कमजोर हुए हैं, जॉब सिक्योरिटी भी आई है और कंपनियों के लिए वर्कर्स को नौकरी से निकालना आसान हो गया है। साथ ही उन्होंने प्राइवेटाइजेशन, वेज इश्यू और सोशल सिक्योरिटी में कमी पर भी चिंता जताई है। वे लेबर कोड्स को खत्म करने, ड्राफ्ट सीड बिल, इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंड बिल और सस्टेनेबल हारने. सिंग एंड एडवांसमेंट आफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (शांति) बिल को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। साथ ही वे मनरेगा को बहाल करने और विकसित भारत जी-राम-जी बिल को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। बंद के कारण सरकारी बैंकों में कामक. ाज के प्रभावित होने की आशंका है। इसकी वजह यह है कि कर्मचारियों और अधिकारियों के संगठनों ने इस बंद को सपोर्ट करने की घोषणा की है। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉई एसोसिएशन, एआईबीओए और बीईएफआई ने अपने मेंबर्स से इस बंद को सपोर्ट करने को कहा है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई का कहना है कि 12 फरवरी को उसकी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बंद के दौरान कुछ हद तक कामकाज प्रभावित हो सकता है। आईडीबीआई बैंक को भी बंद के लिए यूनियन्स की तरफ से एक अधिकारिक नोटिस मिला है। बैंकिंग यूनियन इस बंद को सपोर्ट कर रहे हैं। इससे ग्राहकों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि बैंकों और आरबीआई ने बैंक होलिडे की घोषणा नहीं की है। इसका मतलब है कि बैंक खुले रहेंगे, लेकिन उनमें कामकाज प्रभावित हो सकता है। ब्रांच सर्विसेज, चेक क्लीयरेंस, डिपॉजिट और विड्रॉल में दिक्कत हो सकती है। ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम सेवाओं के सुचारू रूप से चलने की उम्मीद है। प्राइवेट बैंकों में सामान्य कामकाज होने की उम्मीद है।

# धामी कैबिनेट की बैठक में 6 फैसलों पर मुहर

## बैठक में 2 श्रम विभाग, 2 गृह विभाग व एक- एक फैसला वन विभाग और कृषि विभाग से लिया गया

■ मुख्यमंत्री धामी के अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में 6 बड़े फैसले लिए गए। इनमें से 2 श्रम विभाग , 2 गृह विभाग व एक- एक फैसला वन विभाग और कृषि विभाग से लिया गया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सचिव श्रम विभाग श्रीधर बाबू अद्दांकी और गृह सचिव शैलेश बगोली ने कैबिनेट मीटिंग को लेकर ब्रीफिंग करते हुए बताया कि, बैठक में पहला मुद्दा पेमेंट ऑफ बोनस उत्तराखंड संशोधित एक्ट 2020 को वापस लिए जाने की प्रक्रिया को पूरा कर दिया गया है।

श्रम सचिव ने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान उद्योगों को राहत दिए जाने के लिए पेमेंट ऑफ बोनस (उत्तराऽंड संशोधन) विधेयक, 2020 के अंतर्गत यह प्रावधान किया गया था कि एंप्लॉयर के पास आवंटनीय अधिशेष उपलब्ध होने की स्थिति में ही कर्मचारियों को न्यूनतम बोनस का भुगतान किया जाएगा।

इस विधेयक में किए गए प्रावधानों के संबंध में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रलय ने असहमति व्यक्त की- इसके साथ ही वर्तमान में कोविड-19 महामारी जैसी परिस्थितियां न होने और केंद्रीय गृह मंत्रलय द्वारा प्रस्तावित विधेयक को राष्ट्रपति की अनुमति के बिना विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग उत्तराखंड को उपलब्ध कराए जाने के कारण विधेयक को आगे बढ़ाया जाना संभव नहीं हो पाया।

इस सभी तथ्यों के दृष्टिगत बोनस संदाय (उत्तराखंड संशोधन) विधेयक, 2020 को यथास्थिति विधानसभा से वापस लिए जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है।



### वन विभाग में कार्यरत दैनिक श्रमिकों को न्यूनतम वेतनमान

राज्य मंत्रिमंडल ने वन विभाग में कार्यरत दैनिक श्रमिकों को न्यूनतम वेतनमान दिए जाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मंत्रिमंडलीय उप-समिति ने सरकार को संस्तुति दी थी। इस आधार पर सरकार ने 589 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को न्यूनतम 18 हजार रूपये वेतन देने का निर्णय लिया है। वन विभाग/वन विकास निगम में कार्यरत दैनिक श्रमिकों की कुल संख्या 893 है, जिसमें से 304 श्रमिकों को पूर्व से ही न्यूनतम वेतनमान का लाभ प्राप्त हो रहा है।

### कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले

#### एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स में राज्य मुख्यालय में पहली बार 22 पदों का सृजन

राज्य मंत्रिमंडल के निर्णय के बाद उत्तराखंड में ड्रग फ्री मुहिम और तेज होगी। अभी तक एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स में पुलिस फोर्स से प्रतिनियुक्ति पर कार्मिक लिए जा रहे थे। टॉस्क फोर्स का गठन 2022 में किया गया था। अब इस फोर्स के लिए अलग से ढांचा खड़ा करने की शुरूआत हुई है। इस क्रम में राज्य मुख्यालय में पहली बार 22 पदों का सृजन किया गया है। एक पुलिस उपाधीक्षक, दो ड्रग निरीक्षक, एक निरीक्षक, दो उपनिरीक्षक, चार मुख्य आरक्षी और आठ आरक्षी, दो आरक्षी चालक समेत कुल 22 पद सृजित किए जाएंगे।

#### कारागार एक्ट में संशोधन

राज्य मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड कारागार और सुधारात्मक सेवाएं (संशोधन) अधिनियम, 2026 के प्रारूपण के संबंध में भी निर्णय लिया है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों में यह निर्देशित किया गया है कि कारागार नियमावलियों/मॉडल प्रिजन मैनुअल में प्रयुक्त आदतन अपराधी शब्द की परिभाषा संबंधित राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों के अनुरूप होनी चाहिए। संशोधन विधेयक को आगामी सत्र में उत्तराखंड विधान सभा के समक्ष पुन: स्थापित किए जाने का राज्य मंत्रिमंडल ने अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

#### उत्तराखण्ड कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवा नियमावली, 2026 को प्रख्यापित

राज्य मंत्रिमंडल ने कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत चिकित्सा सेवा संवर्ग के चिकित्सा अधिकारियों और उच्चतर पदों की सेवा-शर्तों के निर्धारण के संबंध में भी निर्णय लिया है। इस क्रम में उत्तराखण्ड कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवा नियमावली, 2026 को प्रख्यापित किया गया है, जिसके तहत कुल 94 पद होगें। इनमें 76 चिकित्सा अधिकारी, 11 सहायक निदेशक, छह संयुक्त निदेशक और एक अपर निदेशक का पद शामिल है। इससे पहले, ईएसआई के ढांचे में एक सीएमओ और 13 चिकित्सा अधिकारी के पद शामिल थे।

#### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना व मुख्यमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की अवधि बढ़ाई

मुख्यमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की कार्यान्वयन अवधि वित्तीय वर्ष 2025-26 तक विस्तारित किए जाने के संबंध में भी राज्य मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केंद्र प्रायोजित योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की कार्यान्वयन अवधि को एक वर्ष के लिए 31 मार्च 2026 (वित्तीय वर्ष 2025-26) तक बढ़ाया गया है। इस क्रम में राज्य सेक्टर के अंतर्गत संचालित "मुख्यमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की कार्यान्वयन अवधि को भी वित्तीय वर्ष 2025-26 ( 31 मार्च 2026) तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि भविष्य में यदि भारत सरकार के स्तर पर इस योजना की अवधि विस्तारित होती है, तो राज्य में भी इसे विस्तारित माना जाएगा।

#### बोनस संदाय ( उत्तराखण्ड संशोधन ) विधेयक, 2020 को यथास्थिति विधान सभा से लिया जाएगा वापस

कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान उद्योगों को राहत प्रदान किए जाने के उद्देश्य से बोनस संदाय (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2020 के अंतर्गत यह प्रावधान किया गया था कि नियोजक के पास आवंटनीय अधिशेष उपलब्ध होने की स्थिति में ही कर्मचारियों को न्यूनतम बोनस का भुगतान किया जाएगा। इस विधेयक में किए गए प्रावधानों के संबंध में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा असहमति व्यक्त की गई। साथ ही वर्तमान में कोविड-19 महामारी जैसी परिस्थितियाँ विद्यमान न होने तथा गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित विधेयक को राष्ट्रपति की अनुमति के बिना विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग, उत्तराखण्ड शासन को उपलब्ध कराए जाने के कारण विधेयक को आगे बढ़ाया जाना संभव नहीं हो पाया। इन तथ्यों के दृष्टिगत बोनस संदाय (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2020 को यथास्थिति विधान सभा से वापस लिए जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है।

# सुविधा और सुरक्षा पर रहेगा खास फोकस: धीराज

■ चारधाम यात्रा 2026 की तैयारियों पर हुआ मंथन
■ सचिव पर्यटन गर्ब्याल ने की उच्चस्तरीय समीक्षा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** आगामी चारधाम यात्रा 2026 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। यात्रा के सफल, सुव्यवस्थित और सुरक्षित संचालन के लिए सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत कुमार आर्य, चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार, रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी प्रतीक जैन, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (यूटीडीबी) बीएल राणा सहित पर्यटन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक की शुरुआत चारधाम यात्रा पंजीकरण और पर्यटक केयर प्रबंधन से जुड़ी तकनीकी टीम के विस्तृत प्रस्तुतीकरण से हुई। इसमें ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली, भीड़ प्रबंधन, रियल-टाइम मॉनिटरिंग, हेल्पलाइन सेवाएं और आपातकाल. ीन प्रतिक्रिया तंत्र की तैयारियों की जानकारी दी गई। इस वर्ष प्रस्तावित सुदृढ़ पंजीकरण व्यवस्था पर विशेष चर्चा हुई, जिससे तीर्थयात्रियों को पारदर्शी और समयबद्ध सुविधा मिल सके। सचिव पर्यटन ने निर्देश दिए कि यात्रा से पहले आवश्यक तैयारियों के लिए जनपदों को अग्रिम धनरा. शि समय से जारी की जाए, ताकि आधारभूत ढांचे के विकास में देरी न हो। उन्होंने यात्रा मार्गों पर स्वच्छता, शौचालयों की समुचित व्यवस्था, विश्राम स्थलों के निर्माण व रखरखाव और पेयजल की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा।सुरक्षा और प्रबंधन की समीक्षा के दौरान सचिव ने पर्यटक पंजीकरण पोर्टल का तकनीकी परीक्षण भी किया। उन्होंने पोर्टल को अधिक यूजर फ्रेंडली और सर्वसुलभ बनाने के निर्देश दिए, ताकि वरिष्ठ नागरिकों और विशेष आवश्यकता वाले यात्रियों को पंजीकरण में कोई परेशानी न हो।

बैठक में सचिव पर्यटन ने तीनों जिलाधिकारियों से अलग-अलग चर्चा कर जनपदवार तैयारियों की प्रगति जानी। यात्रा मार्गों पर बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, सुगम आवागमन, यात्री सुविधा केंद्रों के उन्नयन और विभागीय समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्ब्याल ने कहा कि चारधाम यात्रा आस्था के साथ-साथ उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है।

# अपराधों पर तत्काल दर्ज किए जाएं मुकदमे: सीएम

## मुख्यमंत्री धामी ने ली कानून व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री धामी ने सख्त शब्दों में कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने डीजीपी को निर्देश दिए कि सभी प्रकार के अपराधों पर तत्काल मुकदमे दर्ज किए जाएं और अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उच्च स्तरीय बैठक ले रहे थे ।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से आदतन एवं संगठित अपराध में संलिप्त अपराधियों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए।




उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिक प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि समाज में कानून का भय स्थापित हो और आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस करें।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पुलिस पूरी सक्रियता, सतर्कता और जवाबदेही के साथ कार्य करे। थानों और चौकियों की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। कानून हाथ में लेने वालों, असामाजिक तत्वों और प्रदेश की शांति भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

■ पुलिस को सक्रिय एवं परिणामोन्मुखी कार्रवाई के आदेश
■ हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाए

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि परिणाम दिखने चाहिए और जनता को सुरक्षा का अनुभव होना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि उनकी सरकार "अपराध मुक्त उत्तराखण्ड" के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश की शांति, सुरक्षा और सुशासन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए किया कि कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों की नियमित समीक्षा की जाए और हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाए, ताकि प्रदेश में कानून का राज और अधिक सशक्त हो सके।

बैठक में मुख्य सचिव, डीजीपी पुलिस, सचिव गृह, एडीजीपी ( लॉ एन्ड आर्डर), गढ़वाल कमिश्नर सहित पुलिस एवं शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एस्केप टनल को पैरेलल रोड्स के रूप में करें विकसित: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य में प्रस्तावित रेल परियोजनाओं में टनल के साथ बनने वाले एस्केप टनल को समानांतर सड़कों ( पैरेलल रोड्स) के रूप में विकसित किया जा सके, इसकी व्यवस्था बनाई जाए। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना में बनी एस्केप टनल का भविष्य में किस प्रकार इस्तेमाल किया जा सकता है, इसपर भी कार्य योजना तैयार जाए साथ ही कर्णप्रयाग से बागेश्वर तक रेल लाइन के विस्तार की संभावना पर भी कार्य किया जाए।

यह निर्देश मुख्यमंत्री धामी ने बुधवार को सचिवालय में राज्य में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित रेल परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को टनकपुर - बागेश्वर रेल लाइन परियोजना पर भी तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा उक्त परियोजना के अंतर्गत विभिन्न वैकल्पिक मार्गों पर भी विचार किया जाए। उन्होंने कहा परियोजना के निर्माण कार्य से अधिकांश क्षेत्र एवं जनता लाभान्वित हो सके इसके लिए अल्मोड़ा एवं सोमेश्वर क्षेत्र को भी जोड़ने की संभावनाओं पर कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा केंद्र सरकार से टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किए जाने का आग्रह किया जाए, जिससे इसके निर्माण कार्य को गति मिल सकेगी।



■ मुख्यमंत्री ने की राज्य में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऋषिकेश कर्णप्रयाग परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों के लिए इंटीग्रेटेड प्लान बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन रेलवे स्टेशनों के आसपास स्थित विभिन्न गांव, कस्बों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के लिए भी रोड मैप तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों के आसपास के स्थानों का समुचित पुर्नविकास किया जाए।

### ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 72.5 प्रतिशत कार्य पूर्ण

बैठक में बताया गया कि ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 72.5 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है साथ ही टनल निर्माण का 95.30 फीसदी कार्य पूरा हो गया है। इस परियोजना के अंतर्गत कुछ कल 28 टनलों का निर्माण किया है जिनमें से 16 मुख्य टनल एवं 12 एस्केप टनल हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों का निर्माण अलग-अलग थीम के आधार पर किया जा रहा है।

टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन परियोजना के बारे में बताया गया कि परियोजना के अंतर्गत रेलवे द्वारा तीन सर्वेक्षण विकल्प प्रस्तावित किए गए हैं। बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव ब्रजेश कुमार संत, पंकज पांडे, मुख्य परियोजना प्रबंधक हिमांशु बडोनी, विजय, ओम प्रकाश, सुमन सिंह, कल्याण सिंह भंडारी, सनत कुमार सिंह एवं वर्चुअल माध्यम से रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।

# सैनिक कल्याण मंत्री जोशी से पूर्व सैनिकों ने की मुलाकात



**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से बुधवार को उनके कैंप कार्यालय में पूर्व सैनिकों ने मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को सैनिक कल्याण मंत्री के समक्ष रखा। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पूर्व सैनिकों को उनकी समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी का पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए किए जा रहे के लिए आभार भी जताया। इस अवसर पर पीबीओआर अध्यक्ष शमशेर बिष्ट सहित अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# सूबे में शैक्षणिक संवर्ग का बनेगा त्रि-स्तरीय ढांचा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत शैक्षणिक संवर्ग का नया त्रि-स्तरीय ढांचा बनाया जायेगा। जिसका प्रस्ताव शीघ्र ही कैबिनेट में लाया जायेगा। इसके अतिरिक्त डायटों में रिक्त प्रवक्ता संवर्ग के 222 रिक्त पदों को भरने के लिये अधियाचन लोक सेवा आयोग को भेजा जायेगा ताकि उक्त पदों पर स्थाई नियुक्ति की जा सके। नये शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पूर्व प्रदेशभर के सभी विद्यालयों में नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करा दी जायेगी। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज शासकीय आवास पर शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्हेंने केन्द्रीय विद्यालयों की भांति प्रदेश में शिक्षकों के त्रि-स्तरीय ढांचे के गठन में देरी पर विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने संबंधित



अधिकारियों को शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी जनपदों के डायटों में लम्बे समय से रिक्त चल रहे प्रवक्ता संवर्ग के 222 पदों को भरने के लिये अधियाचन राज्य लोक सेवा आयोग को भेजने के निर्देश दिये ताकि उक्त पदों के सापेक्ष प्रतिनियुक्ति पर तैनात प्रवक्ताओं को उनके मूल विभाग में वापस भेजा जा सके। विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि नये शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले सभी विद्यालयों में सरकार द्वारा दी जाने वाली

■ डायटों में रिक्त पदों पर होगी स्थाई नियुक्ति: डॉ. रावत

नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाय। यदि किसी विद्यालय में समय पर पुस्तकें उपलब्ध नहीं होगी तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा उन्होंने एससीईआरटी के ढांचे के गठन एवं नियमावली बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। बैठक में सचिव रविनाथ रमन, अपर सचिव एम.एम. सेमवाल, निदेशक प्राथमिक शिक्षा अजय कुमार नौडियाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल सती, अनु सचिव विकास श्रीवास्तव, अपर निदेशक पदमेन्द्र सकलानी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे

# सरस मेला और फूड फेस्टिवल की तैयारियां समय से करें पूरी: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने आज कैंप कार्यालय में ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ आगामी सरस मेला एवं फूड फेस्टिवल 2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने निर्देश दिए कि जनपद उधम सिंह नगर में 14 से 23 फरवरी तक आयोजित होने वाले 10 दिवसीय सरस मेला तथा जनपद चम्पावत में 18 से 24 फरवरी तक प्रस्तावित सात दिवसीय फूड फेस्टिवल की सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं, ताकि कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर मंत्री जोशी ने 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड की प्रगति की भी जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों ने अवगत कराया कि पहाड़ की महिलाओं द्वारा तैयार उत्तराखण्डी उत्पादों के इस ब्रांड ने लॉन्चिंग के मात्र दो वर्षों के भीतर साढ़े तीन करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि आगामी समय में हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद विदेशों में भी बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे स्थानीय महिलाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण आजीविका, महिला सशक्तिकरण एवं स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

इस अवसर पर अपर सचिव ग्राम्य विकास झरना कमठान सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



■ ग्राम्य विकास मंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ आगामी सरस मेला एवं फूड फेस्टिवल 2026 की तैयारियों की बैठक

# भाजपा ने शुरू किया सबसे बड़ा राजनीतिक प्रशिक्षण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भाजपा, विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ करने जा रही है। दीन दयाल उपाध्याय के नाम से राज्य में इस अभियान की शुरुआत प्रदेश कार्यशाला से होगी। अभियान के अंतर्गत संगठन की शक्ति और प्रभाव में वृद्धि के लिए समर्पित, उर्जावान कार्यकर्ता निर्माण और उनकी क्षमताओं के उन्नयन पर जोर दिया जाएगा।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने इस पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के साथ संगठन पर्व अभूतपूर्व सदस्यता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। जिसके क्रम में मंडल, जिला एवं प्रदेश में 95% से अधिक अध्यक्षों एवं उनकी टीमों का चयन पूर्ण किया जा चुका है। पार्टी की सामान्य संवैधानिक प्रक्रिया के तहत, पूर्व की भांति अब विभिन्न स्तरों पर समितियों के गठन एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण किया जा रहा है। जिसके संदर्भ में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबिन की गरिमामयी उपस्थिति में विगत 5 फरवरी को प्रशिक्षण महाभियान की राष्ट्रीय कार्यशाला, केन्द्रीय कार्यालय में सम्पन्न हुई। केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष श्री महेन्द्र भट्ट के निर्देशानुसार पार्टी, राज्य में भी यह प्रशिक्षण अभियान शुरू करने जा रही है। लगभग वर्ष भर चलने वाले इस अभियान के सफल संचालन के लिए प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार के प्रदेश सयोनजकत्व में प्रदेश टोली का गठन किया गया है। परिहार को अभियान का संयोजक बनाया गया है। उनकी सहायता के लिए नेहा जोशी, रमेश चौहान, प्रदीप बिष्ट, ऋषि कंडवाल, हिमांशी संगथानी, प्रवीण लेखवार को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम रचना की जानक. ारी देते हुए चौहान ने कहा, प्रदेश स्तरीय योजना बैठक के लिए प्रदेश कार्यशाला 17 फरवरी को देहरादून में आयोजित होगी। जिसमें प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रदेश के मीडिया, सोशल मीडिया एवं आईटी संयोजक व सह-संयोजक, प्रदेश प्रवक्ता, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी व सह-प्रभारी एवं जिला प्रशिक्षण टोली शामिल होंगी। इसी क्रम में 26 फरवरी से 1 मार्च के बीच प्रत्येक जिले में जिला कार्ययोजना कार्यशाला बैठक आयोजित की जाएंगी। जिसमें जिला पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी एवं मण्डल प्रशिक्षण टोली सम्मिलित होंगी। मंडल प्रशिक्षण वर्ग 7 मार्च से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल, बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर जयंती तक आयोजित किये जाएंगे।

■ प्रशिक्षण अभियान के लिए कुंदन परिहार के नेतृत्व में प्रदेश टोली का गठन!

### प्रशिक्षण से होगा समर्पित, उर्जावान कार्यकर्ता निर्माण और उनकी क्षमता उन्नयन: महेंद्र भट्ट

अभियान के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि संगठन की शक्ति और प्रभाव में वृद्धि के लिए समर्पित, उर्जावान कार्यकर्ता निर्माण और उनकी क्षमताओं के उन्नयन पर प्रशिक्षण में जोर दिया जाएगा ताकि हमारे कार्यकर्ता विकसित भारत के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी को भी और अधिक सशक्त बनाने में सक्षम हों



### मंडल पर 24 व जिला स्तर पर 36 घंटे का होगा प्रशिक्षण वर्ग

अभियान के प्रदेश संयोजक कुंदन परिहार ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा, प्रत्येक प्रशिक्षण वर्ग मंडल स्तर पर 24 घंटे और जिला स्तर पर 36 घंटे का होगा। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं का एक रात्रि का निवास अनिवार्य रहेगा। इसमें बौद्धिक एवं सांगठनिक प्रशिक्षण के अतिरिक्त साहित्य, पीपीटी एवं डिजाइन प्रारूप आदि माध्यमों से भी विषय अनुशार जानकारी साझा की जाएगी। इसके साथ-साथ बूथ एवं शक्ति केंद्र स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूल भी प्रारंभ किए जाएंगे।

# डीएम ने बढ़ाया छात्राओं का आत्मविश्वास

## बोर्ड परीक्षा के दौरान बच्चों को तनाव से दूर रहने के टिप्स दिए

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जनपद बागेश्वर में बोर्ड परीक्षा की तैयारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 11 फरवरी को जिले के समस्त 101 शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा संबंधी जागरूकता एवं प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभिनव पहल के अंतर्गत 101 अधिकारियों ने 101 विद्यालयों में पहुंचकर कुल 5096 विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और उन्हें परीक्षा की बेहतर तैयारी हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। इस क्रम में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने राजकीय बालिका इंटर कालेज, बागेश्वर में बोर्ड परीक्षा देने वाली छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शोभा द्वारा जिलाधिकारी को कुमाऊनी पिछौड़ा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।विद्यार्थियों को



संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा का यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस सीमित अवधि का अधिकतम उपयोग पढ़ाई में किया जाना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान देने, पिछले 10 वर्षों के प्रश्नपत्रों का नियमित अभ्यास करने तथा उन्हें वास्तविक परीक्षा की भांति हल करने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों से पूर्ण आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने का आह्वान करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। डीएम ने कहा कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इसलिए पूरी गंभीरता और समर्पण के साथ तैयारी करें। इस दौरान उन्होंने अपने अध्ययन काल के अनुभव साझा किए तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान भी किया। इस दौरान विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग के माध्यम से भविष्य के शैक्षिक एवं व्यावसायिक विकल्पों की जानकारी देकर और अधिक प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने समय प्रबंधन, कठिन विषयों की प्रभावी तैयारी, एकाग्रता बनाए रखने तथा परीक्षा तनाव प्रबंधन से संबंधित उपयोगी सुझाव भी दिए। कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने राजकीय इंटर कालेज मण्डलसेरा तथा अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने राजकीय इंटर कालेज रवाईखाल में विद्यार्थियों से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया। इसी प्रकार जनपद के अन्य अधिकारियों द्वारा भी विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों का महत्वपूर्ण योगदान: शोभा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर/गरुड़।** जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों का महत्वपूर्ण योगदान है। मेरा युवा भारत बागेश्वर द्वारा प्रायोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन अवसर पर सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इंटर कालेज गागरीगोल में आयोजित युवा भारत अभियान के प्रयोजिय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न हो गई। समापन अवसर पर आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में इंटर कालेज गागरिगोल विजेता एवं दिव्य ज्योति पब्लिक स्कूल पुरड़ा उपविजेता रही। इससे पूर्व 400 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में माही थायत, संगीता बोरा, सोनिया ने क्रमश: प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में संगीता बोरा, गीतांजली पांडेय, जया गोस्वामी, कबड्डी प्रतियोगिता में इंटर कालेज गागरिगोल, बैजनाथ, दिव्य ज्योति पब्लिक स्कूल पुरड़ा ने क्रमश: प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में प्रफुल्ल देशवाल, मनीष जोशी, सुमित गोस्वामी, लंबी कूद बालक वर्ग हिमांशु प्रसाद, भास्कर गोस्वामी, रोहन कुमार ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 150 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि शोभा आर्या जिला पंचायत सदस्य दीपक खुल्बे, जितेंद्र तिवारी व नंदन सिंह अलमिया द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधनाचार्य पंकज साह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के निर्णायक भुवन बोरा, मनोज पांडेय, हेम उपाध्याय, रमेश भट्ट, अंजली खेतवाल, प्रमिला आगरी, पूजा खेतवाल, खष्टी जोशी महेश गोस्वामी, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार आदि थे। कार्यक्रम का संचालन हेम चंद्र उपाध्याय ने किया।

## एक नजर

### दुग्ध आधारित उत्पादों पर प्रशिक्षण दिया

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के कृषि संचार विभाग द्वारा आईसीएआर की वित्तपोषित जनजातीय उप योजना के तहत दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सितारगंज ब्लॉक के सिसोना गांव की जनजातीय महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने किया। इस अवसर पर डा. सुभाष चंद्र, डा. जेपी जायसवाल, डा. निर्मला भट्ट और डा. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने दुग्ध उत्पादन, पशु प्रबंधन तथा मूल्य संवर्धित उत्पादों जैसे छेना, बर्फी, आइसक्रीम बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। साथ ही, विपणन रणनीतियों और मोबाइल ऐप के माध्यम से महिलाओं को नवीनतम जानकारी प्राप्त करने के बारे में मार्गदर्शन किया गया।

### पंडित उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई

**अल्मोड़ा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पंडित उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों में चलने का संकल्प लिया। पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गोविंद पिलख्वाल ने कहा कि पंडित उपाध्याय नये समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के विकास के पक्षधर थे। उसी दिशा में आज भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है। कहा भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल के विचारों पर चल कर ही दुनिया की नंबर वन पार्टी बनी है। यहां कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री दर्शन रावत, मेयर अजय वर्मा, सहसंयोजक जिला मंत्री कमल बिष्ट, महामंत्री प्रकाश भट्ट, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नवीन बिष्ट, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, पूर्व जिला मंत्री देवाशीष नेगी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष नीरज संगा, गौरव भंडारी, शुभम रौतेला, पीयूष पांडे, मनोज तिवारी, सुनील कर्नाटक समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पनुवानौला पार्किंग निर्माण कार्य की समीक्षा

**अल्मोड़ा।** सीएम घोषणा के अंतर्गत पनुवानौला में प्रस्तावित पार्किंग निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर बुधवार को डीएम अंशुल सिंह ने बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कार्यों में अब तक अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी जताते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि वन भूमि हस्तांतरण के लिए प्रस्ताव को पोर्टल पर अपलोड करने से पूर्व सभी आवश्यक औपचारिकताएं एवं विभागीय प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली जाए। साथ ही प्रस्ताव अपलोड करने से पहले वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव का परीक्षण भी करा लिया जाए, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि या आपत्ति के कारण अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समयसीमा में समस्त कार्यवाही पूर्ण कर पार्किंग निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। कहा कि पनुवानौला क्षेत्र में पार्किंग निर्माण से स्थानीय निवासियों एवं पर्यटकों को सुविधा मिलेगी, इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में डीएफओ प्रदीप धौलाखंडी, कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

### सरकार पर कर्मचारियों की उपेक्षा का आरोप

**अल्मोड़ा।** पारस्परिक स्थानांतरण समेत विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर लोनिवि के मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों को रोष बढ़ते जा रहा है। बुधवार को भी कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर कार्यबहिष्कार पर रहे। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। उत्तरांचल लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के आह्वान पर कर्मचारियों ने कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। कहना था कि वह लंबे समय से पारस्परिक स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन कई बार मांग के बावजूद भी पारस्परिक स्थानांतरण नहीं किए गए हैं। कहा कि मांगों के पूरा नहीं होने पर मजबूरन कर्मचारियों को कार्यबहिष्कार करना पड़ रहा है। इधर कर्मचारियों के कार्यबहिष्कार से तमाम काम लटके हुए हैं। कर्मचारियों ने 12 फरवरी तक मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। यहां प्रदर्शन करने वालों में टीका सिंह खोलिया, शंकर सिंह, भीम सिंह, नंदन सिंह, नंदू, अकिंत तिवारी, मीनाक्षी तिवारी, पान सिंह, सुनील फर्त्याल, रमेश महेरा आदि थे।

### अज्ञात वाहन से कुचलकर बाइक सवार की मौत

**काशीपुर।** ढेला पुल पर गत शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मार्ग पर लंबा जाम लग गया। निवासी टीचर कालोनी, महेशपुरा निवासी मनीष कुमार पाल पुत्र स्व. रमेश पाल गत शाम बाइक से सरबरखेड़ा से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह ढेला पुल के बीच पहुंचा, तभी काशीपुर की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन का चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसे के कारण ढीला पुल मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लगभग डेढ़ घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सड़क पर लगा जाम खुलवाया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक के माता-पिता का पहले ही स्वर्गवास हो चुका है, जबकि उसकी पत्नी इस समय अपने मायके गई हुई थी।

### बच्चे की दिनचर्या पर ध्यान दें पेरेंट्स: उर्वशी बाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** समाजसेवी एवं डी बाली ग्रुप की डायरेक्टर उर्वशी दत्त बाली कहती हैं कि कुछ स्कूलों में बच्चों की परीक्षाएं शुरू हो चुकी है तो कुछ में



शुरू होने वाली हैं। ऐसे में हम सभी अभिभावकों को चाहिए कि अपने बच्चों की पढ़ाई पर अधिक से अधिक ध्यान दें क्योंकि बाद में परीक्षा में कम नंबर आने पर हम दोष देते हैं स्कूलों को। स्कूल बदलना समस्या का समाधान नहीं है। समाधान है हमारे द्वारा अपने बच्चों पर ध्यान रखना। उन्हें समय देना। आपने देखा होगा कि किसी परिवार के दो या तीन बच्चे किसी स्कूल में पढ़ते हैं तो उनमें से किसी के बहुत अच्छे नंबर आते हैं तो किसी के बहुत कम। इसका मतलब है स्कूल तो ठीक है लेकिन कमी हमारी परवरिश और बच्चों की पढ़ाई की देखभाल में है। हमारे जिस बच्चे के नंबर अच्छे आए हैं स्कूल उसका भी वही है और जिस बच्चे के नंबर कम आए हैं स्कूल उसका भी वही है। फिर दोष स्कूल का कहां हुआ? उन्होंने कहा कि सभी बच्चों के पास 24 घंटे हैं, फर्क सिर्फ़ दिशा का है, जो कक्षा में प्रथम आता है, उसके पास भी 24 घंटे हैं, जो औसत अंक लाता है, उसके पास भी वही समय है। उन्होंने कहा कि स्कूल या ट्यूशन सिर्फ दिशा देते है, लेकिन उस दिशा पर बच्चा चल रहा है या नहीं यह देखने की ज़िम्मेदारी माता-पिता की होती है। बच्चों को पूरी तरह स्कूल और ट्यूशन के भरोसे छोड़ देना सही समाधान नहीं है। माता-पिता बच्चे की दिनचर्या पर ध्यान दें, उसे टाइम टेबल बनाना सिखाएँ, उसकी मेहनत को समझें और उससे नियमित संवाद बनाए रखें ताकि बच्चे हीन भावना का शिकार न हों।

# चोरी की स्कूटी के साथ चोर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** स्कूटी चोरी होने के 48 घंटे के अंदर पुलिस ने स्कूटी बरामद करने के साथ ही स्कूटी चोर को भी गिरफ्तार कर लिया है। विगत 8 फरवरी को कूर्मांचल कॉलोनी काशीपुर निवासी उमेश पांडेय पुत्र देवीदत्त पाण्डेय ने पुलिस को कोतवाली काशीपुर में तहरीर देकर बताया था कि उनकी स्कूटी एक्टिवा नंबर यूके-18 यू-6417 आवास विकास में जोशी हार्ट सेंटर के बाहर से चोरी हो गयी है। पुलिस ने धारा 303(2) बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा तत्काल सुरागरसी पतारसी एवं सीसीटीवी कैमरे की मदद से अज्ञात चोर को 48 घंटे से कम समय में तलाश कर मय चोरी उक्त की स्कूटी के साथ हिमांशु आर्या पुत्र चंदन राम निवासी श्याम पुरम होटल गौतमी हाइट के पीछे काशीपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त शातिर चोर है जिसके विरुद्ध जनपद नैनीताल थाना हल्द्वानी में पूर्व से मुकदमे पंजीकृत है। पुलिस टीम में सब इंस्पेक्टर हेम तिवारी, हे.का. प्रमोद कुमार, का. हेमंत व नवल किशोर शामिल थे।

**सूचना**

प्रार्थी द्वारा ग्राम बैतवाला तहसील काशीपुर में खसरा नं. 336/3मि. रक्बा 0.106 है. भूमि नाजिम हुसैन खां से बतौर बैनमा क्रय की है जिसमें प्रार्थी को नाजिम हुसैन द्वारा मूल बैनामा जिसका क्रमांक 1304 दिनांक 27-04-2016 वहीं नं. 1 जिल्द 423 के पृष्ठ 105 से 118 प्रार्थी को दे दिया था जो प्रार्थी से कहीं गुम हो गया है और काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल पा रहा है किसी अन्य के द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा।

-रतन सिंह पुत्र श्रीराम चन्द्र
निवासी ग्राम बैतवाला
तहसील काशीपुर (उधमसिंहनगर)

# मेयर ने किया 12 सड़कों का शिलान्यास

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने दो करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 12 सड़कों और एक नाले के निर्माण का शिलान्यास किया। इस दौरान वार्डवासियों ने महापौर का जोरदार स्वागत कर उनका आभार जताया। महापौर दीपक बाली ने वार्ड नंबर 4 केशव पुरम बाजपुर रोड से जगबीर चौधरी व



अनिरुद्ध मिश्रा के मकान को लेते हुए बहल्ला नदी तक 39 लाख की लागत से बनने वाले नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके अलावा वार्ड नंबर 8 व वार्ड नंबर 5 में 12 सड़कों व नालियों का शिलान्यास किया। महापौर बाली ने वार्ड वासियों को आश्वासन दिया कि अभी भी जो सड़के बनने से रह गई है उनका निर्माण कार्य भी जल्दी ही कराया जाएगा। उन्होंने शहर को साफ स्वच्छ बनाने में लोगों से नगर निगम को सहयोग करने का अनुरोध किया। शिलान्यास अवसर पर पार्षद कुलदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक प्रेमपाल सिंह, बूथ अध्यक्ष भानु दत्त शर्मा, पार्षद कदीर अहमद, राजेंद्र सिंह, आकाश कांबोज, पीयूष मित्तल, श्याम सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता ईश्वर चंद्र गुप्ता, राजीव अरोरा बच्चू, जसवीर सिंह सैनी एवं चौधरी समरपाल सिंह सहित अनेक वार्डवासी मौजूद रहे।

# शराब की दुकान खंगालने वाला धरा

शाह टाइम्स संवाददाता



**काशीपुर।** चार दिन पूर्व शराब की दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया उसके पास से शराब व कुछ नकदी बरामद की है। दिनांक 09.02.2026 को वादी मुकदमा किलावली कुंडा रोड काशीपुर निवासी विजय कुमार पुत्र शीशपाल सिंह ने 9 फरवरी को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 7 फरवरी को काली वाइन एंड बैबरेज शॉप को बंद कर अपने घर चला गया। रात्रि में किसी अज्ञात चोर द्वारा दुकान का ताला तोड़कर दुकान से माल्टा शराब की 4 पेटी चोरी कर ली। चोरी का पता उसे तब चला जब वह 8 फरवरी को दुकान खोलने गया तो दुकान का ताला टूटा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 305(ए)/331(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना के शीघ्र आनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक द्वारा टीम का गठन किया गया। 10 फरवरी की रात्रि जब पुलिस टीम गस्त कर रही थी तो मुखबिर की सूचना पर कचनाल गाजी को जाने वाली सड़क पर डिग्री कॉलेज के पिछले गेट से आगे पुराने हॉस्टल के पास से गुरमीत सिंह पुत्र जज सिंह निवासी डिफेंस कॉलोनी श्यामपुरम कॉलोनी काशीपुर को एक सफेद कट्टे के अंदर 135 अदद ट्रेटा पैक माल्टा देशी शराब 200 एमएल व 1250 रूपये नकद बरामद किए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) की बढ़ोत्तरी कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट, हे. कां. यतेंद्र रावत, कां. रमेश बग्याल, धर्मेन्द्र भारती व अमिताभ सिज़वाली शामिल थे।

# खाई में गिरने से महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** काफलीगैर तहसील के पासदेव गांव निवासी 42 वर्षीय महिला तेंदुए की दहशत से खाई में गिरी। जब तक ग्रामीण घायल के पास पहुंचे तब तक महिला ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद पुलिस एवं वन विभाग को घटना की जानकारी दी गई। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया। तथा पीएम के लिए जिला अस्पताल बागेश्वर भेजा। मंगलवार की दोपहर खाना खाने के बाद पशुओं के लिए चारा पत्ती काटने है तारा देवी पत्नी प्रेम अपने साथी विमला देवी के साथ बिनसर के जंगल चारा पत्ती काटने गई हुई थी। घटना की प्रत्यक्ष दर्शी विमला देवी ने बताया कि शाम करीब साढ़े तीन बजे वे दोनों महिलाएं सिर में घास की गठरी लेकर घर को आ रहे थे। तभी दुबड़ा गैर जंगल में महिला पर तेंदुए ने पीछे से झपट्टा मार दिया। तेंदुए से खुद को बचाने के चक्कर में महिला गहरी सहित खाई में जा गिरी। जिसके बाद विमला ने



जंगल के दूसरे ओर कम कर रहे ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने महिला को घटना स्थल से उठाया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले महिला ने दम तोड़ दिया। इधर पासदेव के ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह राणा ने बताया कि क्षेत्र में लगातार तेंदुए की आवाजाही बनी रहती है। उन्होंने पीड़ित परिवार को वन विभाग से मुआवजा देने की मांग की। साथ ही क्षेत्र के खुले में घूम रहे तेंदुए को पिंजरे में कैद करने की अपील की है। इधर घटना के बाद पुलिस महिला का शव पीएम के लिए जिला अस्पताल लाई। जिला अस्पताल ने बागेश्वर वन रेंज से एसडीओ तनुजा परिहार, एवं रेंजर केवलानंद पांडे मानवता के नाते पीड़ितों से मिले। एसडीओ परिहार ने बताया कि घटना विनसर वन क्षेत्र अल्मोड़ा की है। इस लिए आगे की कार्यवाही वही से होनी है। जिला अस्पताल बागेश्वर पहुंचे बिनसर क्षेत्र के रेंजर मनोज सनवाल ने कहा कि पीएम रिपोर्ट के बाद विभाग द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इधर मृतक अपने पीछे चार बच्चे व पति को छोड़ गई है। मृतक का 15 वर्षीय बेटा तनुज का रो रो कर बुरा हाल है। अस्पताल में पहुंचे मृतक के रिश्तेदार एवं गांव वालों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

# विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास



शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा द्वारा आज ग्राम कुआंखेड़ा वार्ड नंबर 3 एवं 5 में विजन वैली स्कूल वाले रोड से होते हुए मक्खन सिंह के घर से हरदीप सिंह के घर तक के मार्ग का पीसीसी द्वारा पुनर्निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस मार्ग के निर्माण की लागत लगभग 49 लाख होगी तथा इसकी लंबाई लगभग 0.850 किमी है। इस दौरान विधायक चीमा ने कहा कि उनके द्वारा लगातार क्षेत्र में विकास कार्य किये जा रहे हैं और उनका प्रयास है उनके क्षेत्र में सभी स्थानों पर विकास कार्य किये जायें। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, पूर्व प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता गुरविंदर सिंह चंडोक, मंडल अध्यक्ष बृजेश पाल, निशान सिंह सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# विवि के एथलीट जबलपुर रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय की 15 सदस्यीय मास्टर्स एथलीट टीम तीन दिवसीय 45वीं इंडिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने बुधवार को जबलपुर मध्य प्रदेश रवाना हो गई। 13-15 फरवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन गोकलपुर राजकीय इंजीनियरिंग कालेज ग्राउंड, जबलपुर में किया जा रहा है।



7 जनवरी को मझोला में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर्स एथलीट प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर इन सभी एथलीटों का चयन इंडिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। सभी एथलीट उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस टीम के मैनेजर डा. संदीप कुमार व कोच सुदीश राय हैं। टीम के अन्य सदस्यों में पूनम त्रिपाठी, उर्मिला तड़ियाल, डा. संदीप कुमार, राजेन्द्र उरांव, वज़ीर अहमद, सुदीश राय, रजनीश कुमार पाण्डे, राकेश कुमार यादव, पंकज सिंह, संतोष कुमार सिंह, प्रभाकर जोशी, सुरेश कुमार राजपूत, अशोक कुमार, डा. मनोज कुमार गुप्ता व राजेश जुकारिया हैं। टीम में उत्तराखण्ड की ओर से राज्य सचिव धर्मपाल शर्मा, ओपी मंडोला भी शामिल हैं।

# भैसियाछाना ब्लॉक के सल्ला में पेयजल संकट

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** भैसियाछाना ब्लॉक के ग्राम पंचायत सल्ला के ग्रामीण पानी और सड़क सुविधा की मांग को लेकर मुखर हो गए है। बुधवार को ग्रामीणों ने डीएम से मुलाकात की। इस दौरान ज्ञापन सौंप समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि विकासखंड भैसियाछाना का ग्राम सल्ला लंबे समय से पानी की समस्या से झूज रहा है। जल जीवन मिशन की योजना भी लंबे समय से लंबित पड़ी हुई है। वहीं, ग्राम पंचायत के लिए बनाई गई बिनसर वैकल्पिक पेयजल लाइन भी बंद पड़ी हुई है।

इससे 800 से अधिक की आबादी पेयजल के लिए परेशान है। ग्रामीण मजबूरन नौलों धारों से अपनी प्यास



बुझाने को मजबूर है। वहीं, पूरा दिन पानी ढोने में लग रहा है। ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि गर्मियों के दिनों में महिलाएं पानी का इंतजाम करने में जुटी रहती हैं।

ऐसे में महिलाओं के लिए जीवन यापन करना संघर्ष भरा हो गया है। ग्रामीणों ने डीएम से क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था को दूरस्थ कर लोगों को राहत देने की मांग उठाई। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम प्रधान सरिता टम्टा, गांव चलो अभियान के संयोजक विनय किरौला, महिला समूह की अध्यक्ष प्रीति बजेठा, पूरन सिंह देवड़ी, मुन्नी देवी, प्रेमा देवी, सुजीत टम्टा, कमला देवड़ी, सीमा भोज, पीएस देवड़ी, मंजू ठठोला, नीमा देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीण पूरन सिंह देवी ने बताया की पीएमजीएसवाई से स्वीकृत सल्ला गाव का में सड़क का सर्वे होने के बावजूद आज तक सड़क निर्माण नहीं हो पाया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने डीएम को बताया कि सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कई बार शासन प्रशासन को अवगत कराया है। लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। इधर, डीएम ने अधिकारियों को क्षेत्र का निरीक्षण कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं, ग्रामीणों को जल्द क्षेत्र का निरीक्षण करने आश्वासन दिया।

# 'गोल्डन आवर' में बचाई जा सकती है जान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बुधवार को राजकीय मेडिकल कालेज के स्किल सेंटर में तीन दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग, जेपीएनएटीसी एम्स नई दिल्ली के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज के चिकित्सकों को मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एवं ट्रामा मैनेजमेंट का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि बेसिक लाइफ सपोर्ट एक आपातकालीन जीवनरक्षक प्रक्रिया है, जो उस स्थिति में दी जाती है जब किसी व्यक्ति की सांस या हृदय की धड़कन बंद हो जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य मस्तिष्क एवं शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंगों तक ऑक्सीजन की आपूर्ति बनाए रखना है, जब तक कि उन्नत चिकित्सा सहायता उपलब्ध न हो जाए। कार्यक्रम के दौरान सीपीआर के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि सीपीआर एक



प्रकार की प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) है। यदि कोई व्यक्ति सांस लेने में असमर्थ हो जाए, सांस बंद हो जाए या वह बेहोश हो जाए, तो सीपीआर के माध्यम से उसकी जान बचाई जा सकती है। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि क्रिटिकल केयर की समुचित जानकारी के अभाव में गंभीर मरीजों को बचाना अत्यंत कठिन हो जाता है। कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) के माध्यम से प्रशिक्षुओं को यह समझाया गया कि हृदयाघात (हार्ट अटैक) की स्थिति में पहला एक घंटा गोल्डन आवर माना जाता है। इसी समयावधि में त्वरित एवं सही उपचार देकर मरीज का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार एम्बुलेंस या अन्य चिकित्सा सुविधाएं समय पर उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। ऐसे में यदि संबंधित व्यक्ति को सीपीआर की सही जानकारी हो तो वह आपातकालीन स्थिति में मरीज को तत्काल जीवनरक्षक सहायता प्रदान कर सकता है। प्रशिक्षण के दौरान डमी (प्रशिक्षण मॉडल) के माध्यम से जेपीएनएटीसी, एम्स नई दिल्ली के डा. बीएल मनीष कुमार, नर्सिंग ऑफिसर संगीता अफारिया, नर्सिंग ऑफिसर गीता सिन्हा, जगदीश चन्द्र (सीनियर कोऑर्डिनेटर) एवं क्लिनिकल ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑफिसर द्वारा चिकित्सकों को सीपीआर एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डा. एके सिन्हा, डा. एससी जोशी, डा. परमजीत सिंह, डा. राजीव सिंह, डा. रितु रखोलिया, डा. दीपा देउपा (नोडल ऑफिसर, स्किल सेंटर), डा. जहांआरा सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी उपचार के लिए प्रशिक्षित करना है, ताकि मरीजों को समय पर जीवनरक्षक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

**NAME CHANGE**

I **POONAM** have changed my name from **POONAM KAUR WARWAL** to **POONAM** hence forth I shall be known as POONAM D/o MALKEET SINGH, R/o A-52, New Colony, Kalagarh, Pauri Garhwal, UK.

**NAME CHANGE**

I **MOHD NASIR HUSSAIN** have changed my name from **MOHAMMAD NASIR** to **MOHD NASIR HUSSAIN** hence forth I shall be known as MOHD NASIR HUSSAIN S/o MOHAMMAD JAKIR R/o Ward No. 9, Mazra Bax, Bazpur, Udham singh Nagar, UK.

# पारदर्शी परीक्षाएं संपन्न कराने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। बुधवार को डीएम ने परीक्षाओं को सफल, पारदर्शी एवं नकलविहीन संचालन को लेकर शिक्षा विभाग की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने परीक्षाएं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम अंशुल सिंह ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तत्काल तैनाती सुनिश्चित करने, प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने, प्रश्नपत्रों की सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्था करने, सीसीटीवी, पेयजल, विद्युत, फर्नीचर आदि की व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए। वहीं, उत्तराखंड सरकार की ओर से लागू सख्त नकल विरोधी कानून का



व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए गए। जिससे परीक्षार्थियों, अभिभावकों एवं आमजन को कानून के प्रावधानों की जानकारी मिल सके और नकल जैसी कुप्रथा पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने सभी एसडीएम को विशेष सतर्कता बरतने तथा परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रों का रैंडम निरीक्षण, चेकिंग करने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके। बैठक में सीडीओ रामजी शरण शर्मा, सीईओ हरिराम कोहली, एसडीएम सदर संजय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, बेसिक समेत समस्त खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# पेशेवर अपराधी फिरोज गांधी गिरफ्तार

## हल्द्वानी व रामनगर में चेन स्नेचिंग की तीन वारदात को दिया अंजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हत्या, हत्या के प्रयास और अन्य गंभीर अपराधों में शामिल पेशेवर अपराधी फिरोज गांधी को हल्द्वानी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गांधी ने अपने एक

### योगी फोर्स ने किया हॉफ एनकाउंटर, उत्तराखंड आकर दिया वारदात को अंजाम

साथी के साथ मिलकर हल्द्वानी से रामनगर तक तीन चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम दिया था। हालांकि, पुलिस ने फिरोज को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन उसके साथी की पहचान कर ली गई है और पुलिस का दावा है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। बुधवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बिठोरिया नंबर एक ऊंचापुल निवासी बीना पाठक पत्नी जगदीश चंद्र पाठक 4 फरवरी को अपनी दुकान पर मौजूद थीं, तभी दो लोग दुकान पर सामान खरीदने के बहाने आए और गले से मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गए। इसी तरह 30 जनवरी को देवभूमि सैनिक कालोनी फतेहपुर गांधी आश्रम निवासी कमला देवी पत्नी स्व. उमेद सिंह के गले से शातिरों ने पता पूछने के बहाने मंगलसूत्र लूट लिया था। जबकि 6 फरवरी को को पीरूमदारा रामनगर क्षेत्र में वियजलक्ष्मी के गले का मंगलसूत्र लूट लिया गया था। तीनों मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की। आरोपियों की तलाश में



पुलिस ने 400 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इस दौरान लुटेरों की बाइक का नंबर एचआर29एएफ-2325 मिल गया। पड़ताल की तो पता लगा कि इस बाइक का दिल्ली में चालान हुआ था। यहीं से पुलिस को अहम लीड मिली। खबर मिली की आरोपी फिर वारदात की फिराक में हैं। कालाढूंगी रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने पेशेवर अपराधी पदमपुर थाना मिल्क खाना, तहसील स्वार रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी 36 वर्षीय फिरोज गांधी पुत्र नंदराम को धर दबोच लिया। जबकि दूसरा साथी चलती बाइक से कूद कर भाखड़ा के जंगल में फरार हो गया। आरोपी के पास से पुलिस ने मुखानी से लूटे गए दोनों मंगलसूत्र और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद कर ली है। एसएसपी ने बताया कि इसके फरार दूसरे साथी की तस्दीक कर ली गई है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जायेगा। बताया जा रहा कि पकड़ा गया आरोपी फिरोज गांधी का वर्ष 2022 में योगी फोर्स ने हाफ एनकाउंटर किया था, जिसकी वजह से वह अब भी लंगड़ा कर चलता है। खुलासे के दौरान एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और सीओ सिटी अमित कुमार सैनी मौजूद रहे। गुडवर्क करने वाली टीम में मुखानी थानाध्यक्ष सुशील चंद्र जोशी, मुक्तेश्वर थानाध्यक्ष जगदीप नेगी, एसआई नरेंद्र कुमार, अविनाश मौर्य, एएसआई सूरज सिंह, हेड कांस्टेबल इसरार नबी, कांस्टेबल अनिल गिरी, एसओजी से कांस्टेबल राजेश बिष्ट और अरविंद सिंह, कांस्टेबल कुंदन कठैत, धीरज सुगड़ा, रोहित, पूरन सिंह, बंशीधर जोशी, कुंदन शाही, महबूब अली, गुलशन गिरी और राजेंद्र बिष्ट थे।

### जेल से निकलकर फिर शुरू की लूटपाट

**हल्द्वानी।** पकड़े गए शातिर अपराधी फिरोज गांधी पर हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट और आर्म्स एक्ट समेत कई दर्जनों गंभीर मुकदमे उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में दर्ज हैं। वर्ष 2022 में फिरोज गांधी का योगी फोर्स ने हाफ एनकाउंटर भी किया। जिसकी वजह से वह अब भी लंगड़ा कर चलता है। लेकिन उसके बाद भी वह नहीं सुधरा। जिसके बाद उसने उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड आकर वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया। आरोपी फिरोज ने अपने साथी के साथ मिलकर हल्द्वानी से रामनगर तक चेन स्नेचिंग की तीन वारदातों को अंजाम दिया और फिर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। बताया जा रहा कि ऐसे में उसे मुकदमों में होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए रुपयों की जरूरत थी। आरोपी फिरोज को अपराध के सिवा कुछ आता नहीं, ऐसे में उसने अपने खर्चों को पूरा करने के लिए फिर से अपराध करना शुरू कर दिए था।

## अधिवक्ताओं का नौ सूत्रीय मांग को लेकर कार्य बहिष्कार

**हल्द्वानी।** अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने बुधवार को कार्य बहिष्कार कर दिया। इस दौरान न तो जजी कोर्ट और न ही एसडीएम कोर्ट में कोई कार्य हुआ। अधिवक्ताओं ने पहले आग्रह, सांकेतिक प्रदर्शन और लिखित शिकायत दी थी, लेकिन जब उनका समाधान नहीं हुआ, तो उन्होंने यह कदम उठाया। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो 23 फरवरी को प्रदेश की अन्य बार एसोसिएशन को शामिल कर वे अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करेंगे। हल्द्वानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर पंत ने बताया कि नैनीताल जिले के राजस्व न्यायालयों में हो रही अनियमितताओं को लेकर यह हड़ताल की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार न्यायिक अधिकारियों का सहयोग नहीं मिलता, और जिले के कुछ न्यायिक अधिकारियों का व्यवहार सहज और गरिमापूर्ण नहीं है। सचिव मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के न्यायालय में बैठने और उठने का समय तय होना चाहिए। इसके अलावा, राजस्व वादों में भेजे गए सम्मन और आदेश वाहिकाओं की तामीली रिपोर्ट समय पर दाखिल की जानी चाहिए। उपाध्यक्ष सुनील सिंह पुंडीर ने कहा कि अकृषक, दाखिल खारिज जैसी रिपोर्टों को निर्धारित समय में प्राप्त किया जाना चाहिए। संयुक्त सचिव योगेश लोहनी और कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि राजस्व न्यायालयों में चल रहे वादों और अन्य विधिक कार्यवाहियों की सूची में प्रत्येक पृष्ठ पर पत्रांक संख्या अंकित होनी चाहिए। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो 23 फरवरी को प्रदेश की अन्य बार एसोसिएशन को शामिल कर वे अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करेंगे।

## एक नजर

### सुबह टहलने निकले लापता बुर्जुग की मौत, नहर में मिला शव

**हल्द्वानी।** घर से टहलने निकले 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। उनका शव बुधवार को काठगोदाम स्थित कॉलटैक्स सिंचाई नहर में मिला। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि इसे एक हादसा माना जा रहा है। फिलहाल काठगोदाम पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से अल्मोड़ा के फलसीमा, चोमू निवासी प्रमोद राम काठगोदाम के कलसिया पुल के पास अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहते थे। बताया गया कि प्रमोद मंगलवार सुबह साढ़े चार बजे रोजाना की तरह घर से टहलने निकले थे, लेकिन फिर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उन्हें ढूंढने की कोशिश की, लेकिन पुलिस को सूचना नहीं दी। बुधवार को काठगोदाम पुलिस को कॉलटैक्स सिंचाई नहर में शव पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। इस दौरान प्रमोद के बेटे संजय ने भी मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। संजय ने पुलिस को बताया कि उनके पिता की दृष्टि कमजोर थी और उन्हें चलने-फिरने में भी दिक्कत होती थी। आशंका जताई जा रही है कि इन कारणों से वह नहर में गिरकर हादसे का शिकार हो गए होंगे। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### फायरिंग की झूठी सूचना पर 5 हजार का चालान

**हल्द्वानी।** मामूली मारपीट के मामले में पुलिस को गुमराह करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। फायरिंग की सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन वहां कुछ नहीं मिला। इसके बाद मुखानी पुलिस ने झूठी सूचना देने वाले युवक का 5 हजार रुपए का चालान काटा। पुलिस के अनुसार बीते मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे फतेहपुर निवासी एक युवक ने डायल 112 पर कॉल कर ऊंचापुल क्षेत्र में फायरिंग होने की सूचना दी। सूचना को गंभीर मानते हुए रात्रि अधिकारी और उनकी टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जांच करने पर पता चला कि फायरिंग जैसी कोई घटना नहीं हुई थी। दरअसल, दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी और हाथापाई हुई थी, जो कुछ ही देर में शांत हो गई थी। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि फर्जी सूचना देने वाले युवक का 5 हजार रुपए का चालान काटा गया और उसे भविष्य में इस तरह की भ्रामक सूचनाएं देने से परहेज करने की चेतावनी दी गई है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल करावास

**हल्द्वानी।** नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। स्पेशल जज पॉक्सो मनमोहन सिंह की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए तीन साल के कारावास के साथ पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार यह घटना सितंबर 2024 में बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के इंद्रानगर इलाके की है। आरोपी शादाब पर क्षेत्र की ही एक नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप था। परिजनों की शिकायत पर बनभूलपुरा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। अभियोजन अधिकारी दीपा रानी ने बताया कि अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए तीन साल के कारावास के साथ पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## तीन युद्धों के योद्धा रहे लाल सिंह रौतेला का निधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागेश्वर जिले के कमस्यार घाटी के नरगोली गॉव निवासी पूर्व सैनिक 94 वर्षीय लाल सिंह रौतेला का बुधवार को बागेश्वर में सरयू घाट



में परम्परागत धार्मिक रीति से अंतिम संस्कार किया गया। उनके पार्थिव देह को मुखाग्नि बड़े पुत्र बिशन सिंह रौतेला और मंझले बेटे दीपक सिंह रौतेला ने दी। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना के सिग्नल कोर से हवलदार के पद से सेवानिवृत लाल सिंह रौतेला का मंगलवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। वे पिछले कुछ दिनों से उम्र संबंधी परेशानियों से जूझ रहे थे। एक हफ्ते से उनकी शारीरिक परेशानियां बढ़ गई थी। उनका मंझला बेटा दीपक उन्हें घर नरगोली से बेरीनाग अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टरों ने दवाइयां देकर उन्हें बेहतर इलाज के लिए हल्द्वानी ले जाने को कहा। हल्द्वानी ले जाने से पहले ही मंगलवार देर शाम को उन्हें हार्ट अटैक आया और वो अनन्त यात्रा पर चल दिए। पूर्व सैनिक लाल सिंह 1956-57 में सेना के सिग्नल कोर में भर्ती हुए। उन्होंने 1962 में भारत-चीन और 1965 व 1971 में भारत-पाकिस्तान के साथ हुई लड़ाईयों में हिस्सा लिया था। तोनों ही लड़ाईयों में उन्होंने देश के लिए अपनी वीरता प्रदर्शित की थी। वे सेना से 1977 में रिटायर हुए। उनके निधन पर कपकोट के विधायक विधायक सुरेश सिंह गड़िया, पूर्व विधायक ललित सिंह फर्स्वाण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, जिला पंचायत सदस्य सरोज आर्या, वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन रौतेला, ग्राम प्रधान चन्द्रशेखर सिंह रौतेला, पूर्व खण्ड शिक्षाधिकारी भगवत सिंह रौतेला, पूर्व प्रधानाचार्य मनोहर सिंह रौतेला, कैलाश रौतेला, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश रौतेला, क्षेत्र पंचायत सदस्य कविता बोरा, खड़क सिंह खाती आदि ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एसएसपी से मिली लापता सुनार की पत्नी, तहरीर देने वालों पर लगाए आरोप

**हल्द्वानी।** लापता ज्वैलर नरेंद्र सिंह रावत की पत्नी ने बुधवार को एसएसपी से मिलने के लिए एसएसपी कार्यालय पहुंची, और उनके पति के खिलाफ तहरीर देने वालों पर जबरन दुकान से सामान उठा ले जाने का आरोप लगाया। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी को निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार मूलरूप से मोड़ी ताड़ीखेत अल्मोड़ा का रहने वाला नरेंद्र सिंह रावत वर्तमान में कुरिया गांव लामाचौड़ में रहता है और लामाचौड़ में ही उसकी मां भगवती ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। बीती 6 फरवरी से नरेंद्र लापता है। पूजा ने अपने पति की गुमशुदगी भी मुखानी थाना में दर्ज कराई है। इधर, मंगलवार को करीब आधा दर्जन लोग एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के पास पहुंचे और आरोप लगाया कि नरेंद्र ने उनसे पुराने गहने नए बनाने के नाम पर लिए और फरार हो गया। आरोप था कि नरेंद्र ने उक्त लोगों से नगदी भी ली। मामले में एसएसपी का कहना है कि उनकी पहली प्राथमिकता नरेंद्र को तलाश करने की है। इधर, बुधवार को पूजा एसएसपी के पास पहुंची और पति पर आरोप लगाने वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने जबरन उनके पति की दुकान खुलवाई और सामान उठा कर ले गए। इस पर एसएसपी ने मुखानी थानाध्यक्ष सुशीला जोशी को निर्देशित किया है कि जब लोगों ने तहरीर दी है तो वह खुद मामले में दखल कैसे दे सकते हैं। उन्होंने व्यवस्था बनाए रखें।

### शराब तस्कर दबोचा

**हल्द्वानी।** मुखानी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 25 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। जानकारी के अनुसार मुखानी थानाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी पुलिस ने सुंदर बजेठा पुत्र नारायण सिंह बजेठा निवासी आरटीओ रोड को 25 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। शराब तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी है।

## नैतिक, मानस ने जीते स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र नैतिक पाल और मानस पाल ने खेल महाकुम्भ 2025 में भारोत्तलन प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता 8 से 10 फरवरी तक देहरादून में मुख्यमंत्री चैम्पियन ट्रॉफी प्रतियोगिता के तहत आयोजित की गई थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने दोनों छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए बधाई दी और स्कूल परिसर में स्वागत समारोह आयोजित करके उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर दोनों छात्रों के पिता और कोच ने बताया कि मानस पाल ने 93 किलो भार वर्ग में 415 किलो और नैतिक पाल ने 53 किलो भार वर्ग में 205 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों छात्र वर्तमान में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे हैं और उनके प्रदर्शन के स्तर को देखते हुए उन्हें ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने का भी अवसर मिल सकता है। स्वागत समारोह में एससी मिश्रा, बीबी जोशी, महेश जोशी, प्रदीप मित्र, नीमा पांडेय, एसएस कपकोटी, दीपक जोशी, रूपल सहित कई लोग मौजूद रहे।




# ब्रैकियल प्लेक्सस सर्जरी अब हल्द्वानी में

## अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त डा. पीएस भंडारी अब पीएसपी अस्पताल में देंगे सेवाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पीएसपी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल कुमाऊँ क्षेत्र का अत्याधुनिक 250 बेड वाला अस्पताल है, जो उन्नत चिकित्सा उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों से सुसज्जित है। अस्पताल की स्थापना का उद्देश्य कुमाऊँ क्षेत्र के मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ उनके अपने शहर में उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें उपचार के लिए महानगरों की ओर न जाना पड़े। यह बात बुधवार को पत्रकार वार्ता करते हुए अस्पताल प्रबंधन की ओर से अस्पताल के चेयरमैन जगदीश पिमोली व ब्रैकियल प्लेक्सस सर्जन (ब्रिगेडियर) डा. पीएस भंडारी ने



संस्थान की आधुनिक सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं को साझा किया। अस्पताल के चेयरमैन जगदीश पिमोली व डा. पीएस भंडारी ने संयुक्त रूप से बताया कि अस्पताल की स्थापना का उद्देश्य कुमाऊँ क्षेत्र के मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ उनके अपने शहर में उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें उपचार के लिए महानगरों की ओर न जाना पड़े। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सभी प्रमुख जांच और उपचार की सुविधाएँ एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं तथा शीघ्र ही ब्लड बैंक की सुविधा भी शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को सभी मरीजों के लिए निशुल्क ओपीडी की व्यवस्था की गई है। साथ ही एमआरआई, कार्डियक सीटी, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड सहित विभिन्न जांचों पर विशेष छूट प्रदान की जा रही है। सर्जन डा. पीएस भंडारी ने बताया कि पीएसपी हॉस्पिटल में ब्रैकियल प्लेक्सस से जुड़ी जटिल समस्याओं के विश्वस्तरीय उपचार की सुविधा उपलब्ध है। पत्रकार वार्ता में डायरेक्टर प्रेम पिमोली सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे।

## प्रनव, ध्रुव, अदिति और अशीष ने फाइनल में बनाई जगह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आप्टिमम टेनिस एकेडमी चूनाखान में चल रही आइटा



अंडर-14 (गर्ल्स व बॉयज़) सुपर सीरीज-2026 का सेमीफाइनल मुकाबला बुधवार को खेला गया। जिसमें बालक वर्ग में प्रनव गायकवाड महाराष्ट्र ने तेकूपवन तेजा हरियाणा को 6-0, 6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में ध्रुव सिंह उत्तरप्रदेश ने रबीब खान उत्तरप्रदेश को 6-4, 7-5 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। जबकि बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में अदिति सिंह उत्तरप्रदेश ने प्रगति ठक्कर गुजरात को 6-2, 6-2 से हराया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में अशीष कौर चंडीगढ़ ने सौंदर्य जायसवाल उत्तरप्रदेश को 6-3, 6-2 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। इस दौरान उत्तराखंड से प्रतिभाग करने वाली माहिरा भाटिया को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वर्तमान में माहिरा भारत की 26वीं रैंक की खिलाड़ी हैं। इससे पहले यह पुरस्कार 2024 में सूद ब्रदर्स और मानस तिवारी तथा 2025 में आर्थव चौथरी और तुषार शर्मा को प्रदान किया गया था। टूर्नामेंट डायरेक्टर डीएस रावत ने बताया कि पिछले वर्ष की सफलता को देखते हुए इस वर्ष भी आप्टिमम टेनिस एकेडमी की टीम आगामी सभी आइटा और आइटीएफ टूर्नामेंटों के आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है।

# धूमधाम से मनाया सेवानिवृत्त सैनिक दिवस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआँ।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल आईटीबीपी की 34वीं वाहिनी हल्दूचौड़ में सेवानिवृत्त सैनिक दिवस बड़े ही उत्साह सम्मान और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कमांडेंट अनिल सिंह बिष्ट के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों एवं पदाधिकारियों के अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उनके साथ आत्मीय संवाद स्थापित करना रहा। आयोजन के प्रारंभ में सभी पूर्व सैनिकों और भूतपूर्व पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर वाहिनी परिवार की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, कार्यक्रम के दौरान तंबोला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही सम्मान समारोह के अंतर्गत पूर्व सैनिकों को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल, समर्पण और राष्ट्र के प्रति योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कमांडेंट अनिल सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व सैनिक संगठन की अमूल्य धरोहर हैं और उनका अनुभव वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने सभी भूतपूर्व सैनिकों के उत्तम स्वास्थ्य और सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भूतपूर्व महानिरीक्षक वीके उप्रेती एवं भूतपूर्व महानिरीक्षक पीएस डंगवाल मौजूद रहे। इस मौके पर द्वितीय कमान हेमंत कुमार, एसएमओ डा. चन्द्रशेखर, सहायक सेनानी शेखर चन्द्र पुनेठा, सहायक सेनानी कृष्ण सिंह दीक्षित, सहायक सेनानी दीपक सहरावत, सहायक सेनानी/एमओ डा. आयरीश मैथ्यू, सूबेदार रश्मि रंजन आदि मौजूद रहे।

### आईटीबीपी 34वीं वाहिनी में गरिमामय प्रोग्राम



## एसएसपी ने एई को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** थाना काठगोदाम और चोरगलिया में द्वितीय श्रेणी के अंतर्गत भवनों का निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने पर सहायक अभियंता जयांक पाण्डे को एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण इकाई मुख्यालय, देहरादून में तैनात सहायक अभियंता जयांक पाण्डे ने एसएएससीआई योजना के अंतर्गत जिला नैनीताल के थाना काठगोदाम तथा चोरगलिया में भवन निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराया। निर्माण कार्य के दौरान समीक्षा एवं निरीक्षण में पाई गई कमियों को उन्होंने अपने तकनीकी कौशल से समयबद्ध ढंग से दूर किया और परियोजना को निर्धारित समय सीमा में हस्तांतरित किया। एसएसपी डा.मंजुनाथ टीसी ने उनके कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, लगन और ईमानदारी की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण और समय पर कार्य निष्पादन से विभागीय कार्यप्रणाली में सकारात्मक संदेश जाता है।



# दावे नशा छुड़वाने के, खेल चल रहा था कुछ और

## हीरानगर में नशा मुक्ति केन्द्र 'निर्वाण' में आयुक्त का छापा, लाइसेंस निरस्त करने के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत अचानक हीरानगर स्थित नशा मुक्ति केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे तो नशा मुक्ति केंद्र में कई गंभीर खामियां मिली तो आयुक्त का पारा चढ़ गया।

आयुक्त श्री रावत ने तुरंत एसीएमओ को निर्वाण उन्मूलन एवं पुनर्वास केन्द्र हीरानगर का लाइसेंस निरस्त करने के आदेश दिए और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की जमकर फटकार लगाते हुए नशा मुक्ति केंद्रों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए और नशा मुक्ति केन्द्र में लगे सीसीटीवी कैमरों का 15 दिन का डाटा भी मांगा। आयुक्त ने संबंधित दस्तावेज की मांग करते हुए कल यानि आज गुरूवार को सुबह 11 बजे तक उन्हें पेश करने के आदेश दिए। बुधवार की दोपहर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत अचानक निर्वाण उन्मूलन एवं पुनर्वास केन्द्र हीरानगर का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। आयुक्त के अचानक पहुंचने से केन्द्र में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मय गया। औचक निरीक्षण के दौरान आयुक्त दीपक रावत ने नशा मुक्ति केन्द्र में कई गंभीर खामियां पकड़ी। नशा मुक्ति में जहां नशे के आदी लोगों को भर्ती किया जाता है लेकिन वहीं निर्वाण उन्मूलन एवं पुनर्वास केन्द्र में ऐसे व्यक्ति मिले जो गंभीर बिमारियों से ग्रस्त थे, इसके साथ ही बिना अनुमति महिला मरीज भी केन्द्र मिली। जिसका रिकॉर्ड भी रजिस्टर में दर्ज नहीं था। जिस पर आयुक्त ने उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि नर्वाण नशा केंद्र में केवल नशे के आदी व्यक्तियों को रखा जाना चाहिए, लेकिन यहां ऐसे लोग भी रखे गए हैं जो नशे के आदी नहीं हैं, बल्कि अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं, जो एक गंभीर अपराध है। इसके अलावा केंद्र द्वारा भारत सरकार से नशा मुक्ति कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त होने के बावजूद कुछ रोगियों से धन वसूलने का मामला भी सामने आया। निरीक्षण के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि हीरानगर नशा मुक्ति केंद्र को केवल पुरुषों के इलाज के लिए अनुमति प्राप्त है, लेकिन यहां महिला मरीजों को भी रखा गया। इस पर आयुक्त ने गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए और केंद्र के संचालन पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा। आयुक्त ने बताया कि निरीक्षण के दौरान केंद्र में 30 मरीजों से अधिक मिले है लेकिन केन्द्र में 30 मरीजों के उपचार के लिए शासन से स्वीकृति दी है। आयुक्त ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्रों में मानसिक चिकित्सक, फिजिशियन और मेडिकल अफसर की तैनाती अनिवार्य है, लेकिन इस केंद्र में केवल मानसिक चिकित्सक की तैनाती थी, जो नियमित नहीं आते और दवाइयां भी कर्मचारियों द्वारा दी जाती हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। जिसके बाद आयुक्त श्री रावत ने तत्काल प्रभाव से नशा मुक्ति केंद्र का लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश एसीएमओ को दिए। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. श्वेता भंडारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### 15 दिन का सीसीटीवी कैमरे का डाटा मांगा



## प्रशांत अग्रवाल को लायंस क्लब ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सामाजिक संस्था लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी ने रक्तदान के प्रति समर्पण और जागरूकता के लिए पिछले लगभग 15 वर्षों से सक्रिय रहे प्रशांत अग्रवाल को लायंस रक्तदान सम्मान से नवाजा। समारोह के दौरान लायंस क्लब ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने बताया कि जब हल्द्वानी में ब्लड बैंक की स्थापना नहीं हुई थी, उस समय से ही प्रशांत अग्रवाल ऐच्छिक रक्तदान की मुहिम में सक्रिय रहे। उन्होंने स्वयं लगभग 50 बार रक्तदान किया और युवाओं की टीम को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डा. अनुज अग्रवाल, निशुल अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, ज्योति पांडे, संदीप कुकसाल, अनुजकांत अग्रवाल, सुमन जैन, राखी अग्रवाल मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दो अज्ञात वाहनों की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रामराज रोड स्थित चीमा पेपर मिल के निकट मंगलवार देर शाम हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सूरी फार्म चकरपुर निवासी 33 वर्षीय गुरप्रीत सिंह उर्फ सोनू पुत्र स्व. जसवंत सिंह जोगीपुरा क्षेत्र में खनन कार्य में ड्राइविंग का काम करता था। मंगलवार शाम करीब सात बजे वह बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान रामराज रोड पर चीमा पेपर मिल के पास दो अज्ञात वाहनों ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की मदद से उसे उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दुर्घटना में बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं टक्कर मारने वाले वाहन चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अज्ञात वाहन चालकों की तलाश की जा रही है। मृतक परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था और अपने पीछे पत्नी व दो बेटियों को रोता-बिलखता छोड़ गया है। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

# समस्याओं का समाधान ही शिविरों का मुख्य उद्देश्य: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार प्रदेश में आम जनमानस को केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने और जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में बुधवार को पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में फरियादियों द्वारा बिजली, सड़क, पेयजल, पार्किंग, कूड़ा निस्तारण, अतिक्रमण, सिंचाई आदि से संबंधित 183 शिकायतें दर्ज कराई गई जिसमें से अधिकांश समस्याओं का जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निस्तारण कराया गया। प्रमुख समस्याओं में सभासद पारस गोला, राजीव अग्रवाल ने जिला विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों की शिकायत की। जिस पर जिलाधिकारी ने प्राधिकरण के कर्मियों को हिदायत देते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की समस्या प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

,जिलाधिकारी ने प्राधिकरण को तहसील कार्यालय में ही कमरा तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। उन्होंने प्राधिकरण के कर्मियों को निर्देश दिए कि पुराने मकान के मरम्मत की केवल सूचना लें और इनफॉर्मेशन लिस्ट में अपडेट करें, कॉमर्शियल निर्माण कार्य हेतु सिंगल विंडो सिस्टम में आवेदन कराया जाए। उन्होंने कर्मियों की कार्यों की निगरानी एवं समस्याओं के निदान के लिए हर पंद्रह दिन में क्षेत्र का भ्रमण करने के निर्देश सचिव जिला विकास सेवा प्राधिकरण को दिए। शिविर में दर्जनों समस्याओं का समाधान किया गया।

इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, पालिकाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, डीएफओ ध्रुव मर्तोलिया, उप निदेशक सीटीआर राहुल मिश्रा, सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजयनाथ शुक्ल, उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार, तहस. ीलदार मनीषा मरकाना, खंड विकास अधिकारी गिरिश पांडे,नगर पालिका ईओ आलोक उनियाल, डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य, एसडीओ दर्पण सिंह निखुर्पा, अमित ग्वासिकोटी, डॉक्टर एसएस बिष्ट, उमेश पाल, सहील अहमद, गणेश रावत, अमिता लोहनी, शिशुपाल सिंह रावत, शमीम अहमद, तनुज दुर्गापाल, प्रतिनिधि भुवन शर्मा, भुवन डंगवाल, मनोज पांडे, भावना भट्ट, भरत तिवारी आदि मौजूद रहे।

# दूधिया कॉलोनी मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

- **भंडारे में उमड़ा आस्था का सैलाब**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम सभा नमूना स्थित दूधिया कॉलोनी के शिव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर बुधवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिवलिंग स्थापना के उपरांत विधिवत पूजन, हवन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्‌भुत संगम देखने को मिला।



कार्यक्रम से पूर्व पंडित प्रियांकु शर्मा एवं रंजीत शर्मा द्वारा वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कराई गई। मंत्रोच्चारण से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए और धर्म लाभ अर्जित किया। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत समस्त ग्रामवा. सियों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज. ेश कुमार, यशपाल राजहंस, कन्नू जोशी, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, हीरा लाल, बलवंत सिंह, सुरेश सैनी, दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह सैनी, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, हीरा लाल सैनी, सुनीता, लता, रामगोपाल, सुरेश, प्रेम, प्रसाद सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बाजपुर में ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की बैठक

- **मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान सफल बनाने की अपील**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को फेडरेशन के प्रदेश महामंत्री हाजी कदीर अहमद के निवास स्थान ग्राम पंचायत रम्पुरा शाकर में आयोजित की गई। बैठक में उत्तराखंड में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा आम मतदाताओं से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की गई।



बैठक के दौरान यह बात सामने आई कि कई ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाने के बजाय आंगनबाड़ी केंद्रों में ही मतदाताओं से दस्तावेज जमा करवा रहे हैं, जिससे अनेक मतदाता जानकारी के अभाव में वंचित रह सकते हैं। इस पर प्रदेश महामंत्री हाजी कदीर अहमद ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं बीएलओ से अपील की कि अभियान के शेष बचे दिनों में छूट रहे मतदाताओं के घर-घर जाकर आवश्यक कागजात एकत्र किए जाएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। उन्होंने आम जनता से भी अपील करते हुए कहा कि एसआईआर को लेकर घबराने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

यदि किसी मतदाता को जरूरी दस्तावेजों के संबंध में ब्लॉक कार्यालय या ग्राम पंचायत स्तर पर कोई समस्या आती है तो वह उनसे व्यक्तिगत रूप से मिल सकता है। बैठक में हाजी मौ. जान , शमशीर अहमद , हाजी कय्यूम अली, सादिक हुसैन, साबिर हुसैन, जाफर अली बरहैनी, शेरि प्रधान, अनवर अली, मुनव्वर अली, मंगल खां, परवेज अहमद, इरशाद अहमद, गुलाम मोहम्मद, मोहम्मद अकरम, नासिर हुसैन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राष्ट्रसेवा एवं समर्पण के प्रतीक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर विचारक श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वक्ताओं में समाजसेवी वीरेंद्र बिष्ट सहित अन्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' की विचारधारा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का संदेश दिया। उनकी सोच ने सेवा-भाव को राजनीति की आत्मा के रूप में स्थापित किया, जो आज भी राष्ट्रनिर्माण के पथ पर मार्गदर्शन प्रदान कर रही है। अंत में सभी ने उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# किसके संरक्षण में चल रहा है यहां खनन का खेल

- **बेखौफ खनन मापिया के हौसले हैं बुलंद**
- **परमिशन की आड़ में किसानों को ठग रहे खनन माफिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** इन दिनों नानकमत्ता कोतवाली क्षेत्र में मिट्टी के खनन माफिया का मानो सिक्का चल रहा हैं, खनन माफिया यहां बिना किसी डर के बेखौफ होकर अपने खनन कारोबारी को अन्जाम दे रहे हैं। एक ओर प्रदेश की सरकार अवैध खनन कारोबार पर रोक लगाने का दावा कर रही हैं वही घ्दुसरी ओर रात के अंधेरे , एवं भोर के समय मिलीभगत के चलते खनन माफिया अपने खनन के कारोबारी को करने से कतई भी नहीं चूक रहे हैं।



बताते चले कि अब ईट भट्टो के लिए खेत की मिट्टी के नाम पर कुछ खननघ माफियाओ द्वारा परमिशन की आड़ में किसानो के खेतों की मिट्टी उठाकर खनन कारोबार धडल्ले से किया जा रहा है, वहीं खेत से मिट्टी का खनन करने के बाद किसान को मिट्टी की कीमत चुकाने के नाम पर खूब चूना भी लगा रहे है, क्षेत्र के भोले भाले किसान इन खनन माफिओ की ठगी का शिकार हो रहे है। बता दे कि खनन कारोबारियो को मिल रहे सबंधित सरकारी विभाग के सरंक्षण के चलते इनके होशले इतने बुलन्द हैं की ये बिना किसी भय के खनन कारोबार को अन्जाम दे रहे है। वहीं इन खनन कारोबारियों को मिली भगत के चलते राजस्व विभाग की ओर से भी खेत की मिट्टी उठान की रिपोर्ट पर क्लीन चिट आसानी से मिल जाती है। सफेद लिवाज में खनन कारोबार में लिप्त खनन कारोबारी अपनी राजनितिक ताकत का भी इसमें लाभ उठाने से गुरेज नहीं कर रहे है। जबकि बीते समय पूर्व प्रदेश की सरकार पर खनन के आरोप लगते रहे हैं।

## कौन दे रहा है इतनी आसानी से किसानों के खेत से मिट्टी के खनन की परमिशन

- **पीड़ित किसान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित आला अधिकारियों को भेजा है पत्र**

**नानकमत्ता ।** कोतवाली क्षेत्र के किस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित आला अधिकारियों को खनन माफिया द्वारा ठगे जाने की शिकायत की है। पीड़ित किसान ने अपने पत्र में लिखा है कि खनन माफिया उसके खेत की मिट्टी को ईट भट्ठे के नाम पर उठाने के लिए सरकारी परमिशन हासिल की गई फिर उसके खेत से मिट्टी उठाकर उसे उसकी कीमत चुकाने का लालच दिया गया, आरोप हैं की खनन माफिया द्वारा खेत से मशीनों का ट्रैक्टर ट्राली द्वारा मिट्टी उठाने के बाद उसे उसकी मिट्टी की कीमत नहीं चुकाई गयी उल्टा उसके साथ गाली गलौच कर मारने की धमकिया घ्दी गयी हैं पीड़ित किसान ने अपने पत्र में न्याय की गुहार लगाइ है।

# पैतृक संपत्ति पर मेरा ही स्वामित्व: मुकेश बत्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारतीय नौसेना में लगभग 40 वर्षों तक राष्ट्र की सेवा करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए कैप्टन मुकेश बत्रा ने अपनी संपत्ति से जुड़े प्रकरण में तथ्य सार्वजनिक करते हुए न्यायालय पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है।

कैप्टन बत्रा के अनुसार वर्ष 2021 के अक्टूबर माह में उन्होंने फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित अपने दो फ्लैट श्री बलविंदर सिंह को बेचे थे, जिनका भुगतान किश्तों में किया गया। उक्त फ्लैटों में से एक की रजिस्ट्री बलविंदर सिंह द्वारा अपनी पत्नी के नाम कराई गई। इसके पश्चात वर्ष 2022 में आवास विकास, रुद्रपुर स्थित सी-48 मकान का सौदा 55 लाख रुपये में श्री कुलबीर सिंह ढिल्लों एवं श्री बलविंदर सिंह बल्लू के साथ हुआ। कैप्टन बत्रा ने बताया कि सितंबर 2021 में उनकी माताजी स्वर्गीय श्रीमती राजरानी बत्रा का निधन हुआ था, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र जून 2022 में जारी हुआ। संपत्ति के नामांतरण की प्रक्रिया, जो प्रारंभ में उनके मित्र के रूप में जुड़े बलविंदर सिंह द्वारा कराई गई, 26 नवंबर 2022 को पूर्ण हुई और मकान उनके नाम स्थानांतरित हो गया। 30 नवंबर 2022 को विश्वासवश उन्होंने बलविंदर सिंह को सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी प्रदान की। फरवरी 2023 में संपत्ति फ्रीहोल्ड हुई। तत्पश्चात अप्रैल 2023 में 55 लाख रुपये में विक्रय का इकरारनामा किया गया, जिसकी पूर्ण भुगतान तिथि 31 मार्च 2024 निर्धारित थी। कैप्टन बत्रा का आरोप है कि भुगतान करने के स्थान पर पावर ऑफ अटॉर्नी का दुरुपयोग करते हुए बलविंदर सिंह ने उक्त संपत्ति के संबंध में अपनी पत्नी के नाम एक अन्य अनुबंध तैयार करा लिया। यह भी आरोप है कि दो भिन्न राशि के इकरारनामे बनाए गए, जिनमें से एक 60 लाख रुपये का था, जिससे साझेदार को भ्रमित किया जा सके।

स्थिति की जानकारी मिलते ही 19 सितंबर 2024 को पावर ऑफ अटॉर्नी निरस्त कर दी गई। इसके पश्चात वर्ष 2025 में पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई गई, जिसमें कैप्टन बत्रा एवं उनकी पत्नी को नामजद किया गया, जबकि उनकी पत्नी कभी रुद्रपुर नहीं आईं। वर्तमान में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है तथा जिला एवं सत्र न्यायालय से सी-48 संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने का स्थगन आदेश प्राप्त है।

# कांवड़ मार्गों से मांस-मछली की दुकानें हटाए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को देखते हुए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने शिवभक्त कांवड़ियों की आस्था और सुरक्षा के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है।

बुधवार को विहिप के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर विकास शर्मा को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपकर कांवड़ यात्र के मार्गों पर मांस, मछली और अंडे की दुकानों को पूर्णत: बंद कराने तथा मार्गों पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने का आग्रह किया। विहिप के प्रखंड मंत्री सुदेव दास गुप्ता ने महापौर को अवगत कराया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारों श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लेकर रुद्रपुर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हैं। कांवड़ की पवित्रता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन मुख्य मार्गों पर जगह-जगह मांस और मछली की दुकानें खुली रहने से कांवड़ खंडित होने की प्रबल आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में कई बार अनावश्यक विवाद और शांति भंग होने का खतरा भी उत्पन्न हो जाता है, जिससे बचने के लिए प्रशासन को समय रहते उचित कदम उठाने चाहिए।




ज्ञापन में विशेष रूप से 13 फरवरी से 16 फरवरी तक कांवड़ मार्गों पर स्थित मांस-मछली की दुकानों को बंद रखने के आदेश पारित करने की मांग की गई है। साथ ही, ऊधम सिंह नगर जनपद के सभी मुख्य मार्गों पर शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए समुचित पुलिस बल तैनात करने और रास्तों पर जमा गंदगी को साफ करने का भी निवेदन किया गया है। महापौर विकास शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जनभावनाओं और पर्व की पवित्रता का पूरा सम्मान किया जाएगा और इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

# पीएमश्री इंटर कॉलेज में पूर्व छात्र सम्मेलन, 37 पूर्व छात्रों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में पूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर चुके 37 पूर्व छात्रों को विद्यालय प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इनमें छह दशक पूर्व इस विद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने वाले पूर्व छात्र भी शामिल रहे।



सम्मेलन के दौरान पूर्व छात्रों ने अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए अपने गुरुजनों के योगदान को याद किया। उन्होंने विषम परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त करने के अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया और संघर्ष, अनुशासन एवं परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डाला।

विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शैक्षिक, नैतिक एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में प्रशासन, सेना, पुलिस, बैंकिंग, शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े पूर्व छात्र शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी ने कहा कि विद्यालय से शिक्षित अनेक पूर्व छात्र आज सरकारी सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। उनके अनुभव एवं सुझाव विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होंगे। इस अवसर पर विनोद कुमार, नवीन जोशी, जयंत मंडल, पंकज राय, निर्मल सरकार, केपी मंडल, लक्ष्मण सिंह, किशोर राय, जितेंद्र पांडे, मुनीश सक्सेना, कल्याणी घोष, तपन सरकार, जसवीर सिंह, निखिल हलदार, माखन मंडल, सब्यसाची हालदार, बिजन राय, विजय सिंह, शिवदास सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र जय कुमार को गलत संगत वह आए दिन घर में लड़ाई झगड़ा करने के कारण उससे संबंध विच्छेद कर रहा हूं। भविष्य में किए गए अच्छे वह बुरे कृतियों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**कृष्ण कुमार पुत्र श्री त्रिवेणी दास**
**निवासी-गोबरा जोगीपुरा, बाजपुर**
**उधम सिंह नगर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी वर्ष 2006 हाई स्कूल व वर्ष 2008 इंटरमीडिएट तथा वर्ष 2011 स्नातक की अंक तालिका दिनांक 11/1/2026 को सिडकुल रुद्रपुर उधम सिंह नगर क्षेत्र में गिर कर गई जो वास्तव में खो गई है। काफी खोजने के बाद भी नहीं मिली हैं।

**प्रियंका पुत्री माला सिंह**
**निवासी- बांस खेड़ी, बेरिया**
**दौलत बाजपुर, उधम सिंह नगर**
**( उत्तराखंड )**

## एक नजर

# कार और बाइक की भिड़ंत में युवती समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर ।** दिनेशपुर मार्ग पर टाटा मैजिक को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित कार ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवती समेत तीन लोग लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों में अफरा -तफरी मच गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया।

घायलों की पहचान जगदीशपुर निवासी सुरंजन विश्वास (27), काली नगर निवासी नेहा हालदार (23) और श्रीरामपुर निवासी देव सरकार (23) के रूप में हुई है। चिकित्सकों के अनुसार, नेहा हालदार और सुरंजन विश्वास की हालत अत्यंत नाजुक है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं, तीसरे घायल देव सरकार का उपचार स्थानीय स्तर पर चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्न्ट कार की रफ्तार बहुत अधिक थी और चालक ने लापरवाही से ओवरटेक करने की कोशिश की, जिससे यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद चालक कार समेत मौके से फरार होने में कामयाब रहा। थानाध्यक्ष रवींद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि घायलों को उपचार दिलाने के साथ ही फरार कार चालक की तलाश के लिए क्षेत्र में घेराबंदी की गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# पंडित दीनदयाल की पुण्य तिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एकात्म मानववाद तथा अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि युगपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की हत्या 11 फरवरी, 1968 में कर दी गई थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर, 1916 को ब्रज के मथुरा जिले के छोटे से गांव नगला चंद्रभान में हुआ था। आजादी से पहले और आजादी के बाद भी उन्होंने अपने लेखन कार्य और सामाजिक कार्यों से जनता की सेवा की। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ से जुड़ने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय एकता को अपना मिशन बना लिया। पं. दीनदयाल अक्सर कहा करते थे कि मैले कुचौले अनपढ़ लोग हमारे नारायण हैं हमें उनकी पूजा करनी चाहिए, यह हमारा सामाजिक एवं मानव धर्म है।

# सितारगंज में सुपर स्पेशलिटी यूरोलॉजी ओपीडी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** उप जिला चिकित्सालय सितारगंज में सुपर स्पेशलिटी यूरोलॉजी ओपीडी का शुभारंभ हो गया है। यह ओपीडी चंदन हॉस्पिटल, हल्द्वानी के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुमित मंडल द्वारा प्रत्येक बुधवार को संचालित की जाएगी, जिसमें मरीजों का नि:शुल्क परामर्श किया जाएगा।



**मरीजों को दिया गया नि:शुल्क परामर्श**

इस ओपीडी में मूत्र एवं पुरुष जनन तंत्र से संबंधित विभिन्न जटिल बीमा. रियों का परामर्श एवं उपचार किया जाएगा, जिनमें मुख्य रूप से गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट ग्रंथि का बढ़ना, बार-बार पेशाब आना या पेशाब में जलन, मूत्र मार्ग संक्रमण, पेशाब रुक-रुक कर आना या पेशाब बंद हो जाना, पेशाब में खून आना, मूत्र असंयम, मूत्रमार्ग संकुचन, पुरुष बांझपन और जन्मजात मूत्र एवं जनन तंत्र की विकृतियां शामिल हैं। इस नई सुविधा से क्षेत्र के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध होगा, जिससे समय एवं आर्थिक व्यय दोनों की बचत होगी। उप जिला चिकित्सालय सितारगंज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप सिंह यादव ने बताया कि अस्पताल में लगातार विशेषज्ञ सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है ताकि आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# सम्पूर्णता अभियान को लेकर किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जनपद में सम्पूर्णता अभियान 2.0 का संचालन नीति आयोग, भारत सरकार एवं मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी के दिशा निर्देशों के क्रम में 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक जनपद के विकास खण्डों में किया जा रहा है।



जिसके क्रम में आकांक्षी विकास खण्ड गदरपुर में अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न स्थानों पर किशोर बालिकाओं के लिए पोषण, बालिका शौचालय एवं स्वच्छता की महत्ता एवं स्वच्छ पेयजल से संबंधित गति. विधियों के प्रदर्शन आधारित गतिविधियां आयोजित की गयी। आकांक्षी विकासखण्ड गदरपुर कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी केएस रावत, खण्ड विकास अधिकारी आतिया परवेज, खण्ड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम, हेम काण्डपाल आदि के द्वारा कार्यक्रम में अपने विचार छात्राओं के सम्मुख रखें एवं सम्पूर्णता अभियान 2.0 के पूर्णता हेतु शुभकामनाएं दी गयी। सभी विकासखण्डों में खण्ड शिक्षा अधिकारी इस कार्यक्रम के विकासखण्ड नोडल अधिकारी नामित किए गए है।

विकासखण्ड खटीमा में भानु प्रताप खण्ड शिक्षा अधिकारी, मीरा जोशी सुपरवाइजर आईसी डीएस, सितारगंज में अर्चना पाठक प्रधानाचार्य, फाजिलपुर मेहरोला रुदपुर में शुभा रावत, बाजपुर में डा. अशोक तोमर, डा. आकांक्ष चौहान, पूजा आर्या सुपरवाइजर आईसीडीएस काशीपुर में नन्दा प्रकाश एवं जसपुर में रिचा गुप्ता के द्वारा विषय विशेषज्ञ के रूप में छात्राओं के साथ महत्वपूर्ण वार्तालाप किये गये इस अवसर छात्राओं द्वारा लघु नाटक, चित्रकला, पोस्टर कार्टून एवं शपथ के माध्यम से उक्त विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक द्वारा एक युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। रामनगर निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था जुनैद द्वारा उसको शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि आरोपी जुनैद निवासी ग्राम टाण्डा मल्लू रामनगर को मुखबिर की सूचना पर नए कोसी पुल से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।



# यक्षवती नदी क्षेत्र में नदी महोत्सव आयोजित हुआ

- जल संरक्षण का लिया सामूहिक संकल्प
- नदी संरक्षण के लिए जागरूकता पदयात्रा एवं जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** नदियां केवल जल की धाराएं नहीं, बल्कि सभ्यता, संस्कृति और जीवन की आधारशिला हैं। इन्हीं जीवनदायिनी नदियों के संरक्षण, संवर्द्धन और पुनर्जीवन के उद्देश्य से आज (बुधवार) यक्षवती नदी क्षेत्र में "नदी महोत्सव 2025-26" का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग-विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व से जोड़ना तथा इसे जनभागीदारी आधारित जनआंदोलन का स्वरूप देना रहा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ यक्षवती नदी तट पर पारंपरिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर किया गया। जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, मेयर कल्पना देवलाल एवं मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी ने संयुक्त रूप से मां यक्षवती की आराधना कर जनपद की सुख-समृद्धि और जल स्रोतों की निरंतरता की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह से विलुप्त होती नदियों, नौलों, धारों एवं अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लेने की अपील की गई। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला मंगल दलों, युवक मंगल दलों, जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। नदी तट पर आयोजित यह दृश्य एक जन-जागरूकता पर्व का प्रतीक बन गया। नदी महोत्सव के अंतर्गत यक्षवती नदी क्षेत्र से तड़ीगांव तक एक भव्य जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में जिलाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष, मेयर, मुख्य विकास अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा सैकड़ों की संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

पदयात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, जल स्रोतों में कचरा न डालने, वर्षा जल संचयन अपनाने तथा पारंपरिक जल स्रोतों की सफाई और पुनर्जीवन में सहयोग करने की अपील की। विद्यार्थियों का उत्साह और ऊर्जा इस अभियान को जनांदोलन की दिशा में अग्रसर करता दिखाई दिया। पदयात्रा के उपरांत यक्षवती नदी के उद्गम स्थल तड़ीगांव फील्ड में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद का जिलाधिकारी द्वारा पौध भेंट कर स्वागत किया गया।

# ईमानदारी की मिसाल : पुलिस ने लौटाया खोया मंगलसूत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पुलिस कानून व्यवस्था के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं के निर्वहन में भी निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में यातायात ड्यूटी पर तैनात अपर उपनिरीक्षक कैलाश सिंह एवं कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार को देव सिंह पार्किंग से धर्मशाला लाइन रोड के मध्य ड्यूटी के दौरान एक सोने का आभूषण (मंगलसूत्र) प्राप्त हुआ। पुलिस कर्मियों द्वारा तत्काल जिम्मेदारी का परिचय देते हुए उक्त आभूषण को सुरक्षित रूप से पुलिस कार्यालय में जमा कराया गया।

पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशानुसार सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। सूचना के आधार पर एक महिला पुलिस कार्यालय पहुंची और अपना मंगलसूत्र खोने की जानकारी दी। महिला द्वारा बताए गए पहचान चिन्हों के आधार पर आवश्यक सत्यापन किया गया। समस्त आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त मंगलसूत्र विधिवत महिला के सुपुर्द किया गया। मंगलसूत्र वापस पाकर महिला एवं उसके परिजनों ने पुलिस की ईमानदारी एवं तत्परता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

# नवागंतुक कोतवाल ने की चार्च संभालने के बाद आमजन के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नानकमत्ता।** जनपद के पुलिस कप्तान मणिकांत मिश्रा ने थाना नानकमत्ता को कोतवाली बनने के बाद यहां पहली महिला कोतवाल निरीक्षक मंजू पांडे की नियुक्ति की है, जबकि यहां थाना अध्यक्ष रहे उप निरीक्षक उमेश कुमार को जनपद उधम सिंह नगर में एसओजी प्रभारी नियुक्त किया है। बुधवार को नानकमत्ता कोतवाली में निरीक्षक मंजू पांडे ने बैठक का आयोजन कर उपस्थित आमजन से मुलाकात की इस दौरान बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा पदभार ग्रहण करने पर निरीक्षक मंजू पांडे को सॉल देकर उनका सम्मान किया गया। निरीक्षक मंजू पांडे ने आमजन से सहयोग की अपील की तथा जन समस्याओं, के साथ ही विभिन्न मुददो पर चर्चा की।बता दें कि यहां इससे पूर्व उपनिरीक्षक उमेश कुमार तैनात थे जोअपने काम को लेकर खासे सख्त रहे है जिनके द्वारा यहां नशा कारोबा. रियो को सलाखो तक पहुंचाने के साथ ही क्षेत्र में नशा कारोबार पर काफी हद तक अंकुश लगाए रखा था। देखाना है कि कोतवाली बनने के बाद यहां कोतवाल की तैनाती किए जाने पर नशा कारोबारियों एवं जन समस्याओं को किस हद तक समाधान होंगे । आयोजित बैठक में तमाम लोगों मौजूद रहे।

# रामराज रोड टोपा कॉलोनी माइनिंग चेकपोस्ट पर जमकर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> वाहन रोकने को लेकर विवाद, कर्मचारियों पर धमकाने के आरोप, वीडियो वायरल

**बाजपुर।** रामराज रोड स्थित टोपा कॉलोनी माइनिंग चेकपोस्ट पर उस समय जमकर हंगामा हो गया। जब वाहन रोकने को लेकर वाहन चालकों और चेकपोस्ट कर्मचारियों के बीच विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ एकत्र हो गई और काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

बुधवार को घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच के दौरान वाहन चालकों ने कर्मचारियों पर अभद्र व्यवहार और धमकाने का आरोप लगाया। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई। जो बाद में हंगामे में बदल गई। आक्रोशित वाहन चालकों का कहना था कि इस स्थान पर पूर्व में भी कई सड़क हादसे हो चुके हैं। आरोप है कि दुर्घटना होने पर माइनिंग चेकपोस्ट के कर्मचारी मौके से हट जाते हैं। जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है। स्थानीय लोगों ने यह भी कहा कि चेकपोस्ट पर वाहनों को बीच सड़क में रोकने से जाम की स्थिति बन जाती है। जिससे आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनका आरोप है कि आए दिन यहां अव्यवस्थित ढंग से वाहन रोके जाते हैं। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। समाचार लिखे जाने तक किसी पक्ष की ओर से औपचारिक तहरीर नहीं दी गई थी।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जाएगी और यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों ने चेकपोस्ट को व्यवस्थित स्थान पर स्थानांतरित करने या यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई है।

# डीएम ने वासुकीनाग ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना का किया निरीक्षण

- 37 करोड़ की लागत से हो रहा है निर्माण, 49 गांव होंगे लाभान्वित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** विगत देर सायं जिलाधिकारी पिथौरागढ़ आशीष कुमार भटगाई द्वारा जनपद में संचालित जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत 37 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित वासुकीनाग ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य योजना की प्रगति, गुणवत्ता तथा क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना था।

यह महत्वाकांक्षी पेयजल योजना विकासखंड गंगोलीहाट के 49 गांवों को शुद्ध एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्रियान्वित की जा रही है। योजना पूर्ण होने के उपरांत क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को दूरस्थ स्रोतों से पानी ढोने की समस्या से निजात मिलेगी तथा जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सेराघाट में निर्मित इन्फिल्ट्रेशन वेल का निरीक्षण किया गया, जहां पंपिंग कार्य सुचारु रूप से संचालित पाया गया।

जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से तकनीकी व्यवस्थाओं, विद्युत आपूर्ति, पंपिंग क्षमता तथा भविष्य की जलापूर्ति व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एचटी पैनल रूम के नीचे आरसीसी से सुरक्षा दीवार निर्माण किए जाने के निर्देश दिए, जिससे उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

साथ ही पाइपलाइन को एंकर ब्लॉक के माध्यम से कवर कर मजबूती से एंकरिंग करने के निर्देश दिए गए, ताकि भूस्खलन एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पाइपलाइन को क्षति न पहुंचे।

# गदरपुर में विकास की रफ्तार तेज एक साल में 8.58 करोड़ के कार्य पूरे

- सड़कों, नालियों और पार्कों से बदली गदरपुर की तस्वीर
- आदर्श नगर बनाने की दिशा में आगे बढ़ा गदरपुर : चेयरमैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** नगर पालिका परिषद गदरपुर ने बीते एक वर्ष में विकास कार्यों की नई मिसाल पेश करते हुए नगर के 11 वार्डों में 8 करोड़ 58 लाख 27 हजार रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कराए हैं। यह जानकारी नगर पालिका चेयरमैन मनोज गुंबर मिंटू ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इन कार्यों में मुख्य रूप से सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत, नालियों की व्यवस्था, जल निकासी सुधार, पार्कों का सौंदर्यीकरण तथा जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं।

नगर क्षेत्र में लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए पालिका प्रशासन ने योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को गति दी। नई सड़कों के निर्माण से जहां आवागमन सुगम हुआ है, वहीं नालियों के निर्माण और अच्छी व्यवस्था से जलभराव की समस्या में भी उल्लेखनीय कमी आई है। पार्कों के सौंदर्यीकरण से स्थानीय लोगों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक वातावरण उपलब्ध हुआ है। चेयरमैन मनोज गुंबर मिंटू ने कहा



कि गदरपुर को एक आदर्श नगर के रूप में विकसित करना उनका संकल्प है। उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष में कराए गए विकास कार्य नगर की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किए गए हैं और आने वाले समय में भी यह विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे।

# श्रीमद्भागवत सार कृष्ण कथा का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** श्री अनंत प्रेम आश्रम आदर्श कॉलोनी में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा ट्रस्ट की ओर से श्रीमद्भागवत सार कृष्ण कथा का आयोजन किया गया। कथा में परम हंस संत शिरा. मणि डॉ. स्वामी सदानंद महाराज के प्रवचनों को सुनने के लिए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी शिरकत की।

इस दौरान उन्होंने कथा श्रवण किया और महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भाजपा नेता अनिल चौहान और पूर्व मेयर रामपाल सिंह को अंग वस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे का संचार करते हैं। कथा श्रवण से मन को शांति मिलती है और व्यक्ति सत्कर्म की ओर अग्रसर होता है। इस धार्मिक आयोजन में राजेंद्र इंदु अग्रवाल, बजरंग लाल गर्ग, खरैती लाल गगनेजा, चंदन दास गर्ग, नरेंद्र बंसल, सुशील चौहान, सुनील चौहान, राजेंद्र अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अजय चौहान, नरेश चौहान, संजय ठुकराल, ललित बिष्ट सहित तमाम श्रद्धालु और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# फॉरेस्ट फायर मॉक अभ्यास की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में 18 फरवरी को प्रस्तावित फॉरेस्ट फायर मॉक अभ्यास तैयारियां को लेकर जिला आपदा प्रबंधन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि वनाग्नि प्रबंधन व नियंत्रण की दिशा में वन अग्नि काल से पूर्व अपने-अपने वन प्रभागों में विद्यमान संसाधनों की उपलब्धता व उपयोगिता, प्रतिक्रिया की क्षमता, अर्न्तविभागीय समन्वय, समुदायों की सहभागिता आदि का अभ्यास/आंकलन किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने कहा मॉक अभ्यास करने का उद्देश्य अपने तंत्र को आपदा के दृष्टि से आंकलन व सुदृढ़ करना है। उन्होने कहा मॉक अभ्यास से उपकरणों का परीक्षण भी हो जाता है। उन्होंने कहा




सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय बनाते हुए सक्रियता व सजगता से कार्य करेंगे व अपने दायित्वों को बखूवी निर्वहन करेंगे। उन्होंने परगनों में भी मॉक अभ्यास कराने के निर्देश डीएफओ व उप जिलाधिकारी को दिए ताकि वनाग्नि की घटना को रोकने हेतु सभी सजग रहें। उन्होने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिये कि वनों से लगे गांव के लोगों को वनाग्नि के प्रति जागरूक करें तथा टीम भी तैयार रखेगें। उन्होंने जनता से अपील की है कि कही भी वनाग्नि घटना होती पायी जाती है तो तत्काल आपदा कन्ट्रोल रूम, पुलिस व वन विभाग को दें ताकि त्वरित कार्यवाही की जा सकें।

प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी ने बताया कि मौसम पुर्वानुमान में इस वर्ष वनाग्नि की सम्भावनाएं अधिक बतायी जा रही है 15 फरवरी से 15 जून तक फायर सीजन होता है इसलिए सभी अधिकारी सक्रिय होकर आपसी समन्वय बनाते हुए कार्य करेगें। उन्होने बताया कि आगामी 18 फरवरी को वनाग्नि नियंत्रण मॉक अभ्यास प्रात: 10.30 बजे से संजय वन में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से मॉक ड्रिल में प्रतिभाग करने को कहा। बैठक में उप जिलाधिकारी/ओसी आपदा गौरव पाण्डेय, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, पुलिस निरीक्षक अर्जुन सिंह, रवि रावत, अग्नि सुरक्षा अधिकारी चंदन, फायरमैन प्रमोद कुमार, सहायक अभियंता लोनिवि भुवन भास्कर पाण्डे, पशु चिकित्साधिकारी डा. एसके शर्मा आदि मौजूद थे व प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# बाजपुर में बनेगा प्रदेश का पहला सहकारी कॉम्पलेक्स: खंडूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियां एचसी खंडूरी ने रामराज रोड स्थित निर्माणाधीन प्रदेश के प्रथम सहकारी कॉम्पलैक्स का बुधवार को निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एआर खंडूरी ने बताया कि बहुउद्देशीय प्रथम किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड, बहुउद्देशीय द्वितीय किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड एवं क्रय-विक्रय सहकारी समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह सहकारी कॉम्पलैक्स तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश का पहला सहकारी कॉम्पलैक्स होगा, जिसका शीघ्र ही विधिवत शिलान्यास किया जाएगा।उन्होंने बताया कि वर्तमान में पुरानी भवन का ध्वस्तीकरण कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य को पूर्ण पारदर्शिता, ईमानदारी और गुणवत्ता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एडीओ कॉपरेटिव संजय म्यान, बहु.प्रथम किसान सेवा सहकारी समिति लि. के प्रबंध निदेशक हेम काण्डपाल, बहु. द्वितीय किसान सेवा सहकारी समिति लि. के प्रबंध निदेशक राजकुमार शर्मा सहित फूलचन्द सैनी, ललित कुमार, दीपांशु रावत, दान सिंह, मिट्ठन लाल, राम सिंह यादव, तौफीक अहमद एवं नरेश कुमार उपस्थित रहे।

# सुमित्तर भुल्लर के उठाए मुद्दे से गरमाई क्षेत्रीय राजनीति

- बिना शिकायत के जमीन सौदे पर बवाल
- अरविंद पांडे पर लगे आरोपों के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज, शांति बनाए रखने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** क्षेत्र में जनजातीय जमीनों को लेकर एक बार फिर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। हाल ही में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्र भुल्लर ने प्रेस वार्ता कर गदरपुर विधायक अरविंद पांडे पर बुक्सा जनजाति की जमीन को प्रभाव का उपयोग कर अपने बेटे के नाम कराने का आरोप लगाया है। हालांकि स्थानीय स्तर पर इस मुद्दे को राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा भी माना जा रहा है।

उधम सिंह नगर जनपद में बुक्सा और थारू जनजाति की जमीनों से जुड़े विवाद कोई नए नहीं हैं। गदरपुर, बाजपुर, सितारगंज और खटीमा जैसे क्षेत्रों में वर्षों से भूमि स्वामित्व और कब्जे को लेकर तनाव की स्थिति समय-समय पर सामने आती रही है। उत्तर प्रदेश शासनकाल में जनजातीय जमीनों के नामांतरण पर रोक लगाए जाने के बावजूद कई स्थानों पर अन्य समुदायों के लोग इन जमीनों पर काबिज बताए जाते हैं, जिससे विवाद की स्थितियाँ बनी रहती हैं। पिछले कुछ वर्षों में इस संवेदनशील विषय पर अपेक्षाकृत शांति रही, लेकिन हालिया राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप ने इसे फिर चर्चा में ला दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे मुद्दों को अनावश्यक रूप से हवा देने से सामाजिक तनाव बढ़ सकता है और वर्ग संघर्ष जैसी परिस्थितियाँ भी उत्पन्न हो सकती हैं।

वहीं विधायक अरविंद पांडे के समर्थकों का कहना है कि उन पर लगाए जा रहे आरोप निराधार और राजनी. तिक प्रेरित हैं। उनका तर्क है कि बिना ठोस प्रमाण के इस प्रकार के गंभीर आरोप लगाना क्षेत्र की सामाजिक समरसता के लिए उचित नहीं है। समर्थकों का यह भी कहना है कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं और कानूनी तथ्यों की पूरी जाँच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिए।

कुल मिलाकर, गदरपुर में उठे इस विवाद ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या राजनीतिक प्रतिस्पर्धा सामाजिक संतुलन से ऊपर हो सकती है, या फिर जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी शांति और विश्वास बनाए रखने की है। अब निगाहें प्रशासनिक जांच और आगे की राजनीतिक प्रतिक्रिया पर टिकी हैं।

## गदरपुर में जमीन सौदे पर सियासी हलचल पक्षकार शांत, लेकिन विरोध जारी

गदरपुर में युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर द्वारा उठाया गया जमीनी विवाद इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। दिलचस्प पहलू यह है कि जिस व्यक्ति को जमीन बेची गई, उसे किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है और न ही उसने सार्वजनिक रूप से कोई विरोध दर्ज कराया है। दूसरी ओर, जमीन खरीदने वाले पक्ष को भी इस लेन-देन में कोई दिक्कत नजर नहीं आ रही। इसके बावजूद कुछ कांग्रेसी नेता इस मुद्दे को लेकर लगातार विरोध जता रहे हैं और राजनीतिक माहौल को गर्म बनाए हुए हैं। स्थानीय लोगों के बीच यह सवाल चर्चा में है कि जब संबंधित पक्षों को कोई परेशानी नहीं, तो फिर विरोध किस आधार पर किया जा रहा है। पूरे घटनाक्रम ने क्षेत्रीय राजनीति और जमीन विवादों के आपसी संबंधों पर नई बहस छेड़ दी है।

## जनजाति जमीन विवाद बना 'बोतल का जिन्न', खुलासा हुआ तो मचेगा हड़कंप

गदरपुर में जमीन से जुड़ा मामला अगर पूरी तरह खुला, तो इसका असर दूर तक दिखाई दे सकता है। चर्चा है कि बोतल में बंद यह जमीनी जिन्न बाहर आया, तो कई लोगों की मुश्किलें बढ़ना तय है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे लोग बताए जा रहे हैं जो जनजाति समाज की जमीन पर कब्जा जमाए बैठे हैं। अभी तक दबे स्वर में चल रही यह बात यदि खुलकर सामने आई, तो न सिर्फ प्रशासनिक कार्रवाई का दबाव बढ़ेगा बल्कि राजनीतिक हलकों में भी हलचल तेज हो सकती है। सवाल यह भी है कि वर्षों से चल रही ऐसी स्थितियों पर अब तक पर्दा क्यों पड़ा रहा।

गदरपुर की जमीन अब सिर्फ जमीन नहीं, बल्कि बड़ा सामाजिक और राजनीतिक मुद्दा बनती नजर आ रही है।

# खुशबू एवं पूजा इंस्पायर अवार्ड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग की छात्रा खुशबू भारद्वाज एवं पूजा भारद्वाज का चयन इंस्पायर अवार्ड के राज्य स्तरीय आयोजन के लिए हुआ है। उनके चयन से विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में खुशी की लहर है।

जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किच्छा स्थित श्री कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं नवाचार आधारित अनेक रचनात्मक मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की छात्राएं खुशबू भारद्वाज एवं पूजा भारद्वाज ने अपने अभिनव वैज्ञानिक मॉडल से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। उनके मॉडल को उपयोगिता, नवीनता और प्रस्तुतीकरण के आधार पर उच्च अंक प्राप्त हुए, जिसके परिणामस्वरूप



दोनों छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। वहीं प्रधानाचार्य राम यश ने कहा कि विद्यालय हमेशा से नवाचार और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करता रहा है और भविष्य में भी विद्यार्थियों को ऐसे मंचों पर भाग लेने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# अधिवक्ताओं ने किया तहसील परिसर में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** अधिवक्ताओं ने राजस्व विभाग से जुड़े मामलों में प्रक्रियागत समस्याओं को लेकर तहसील परिसर रामनगर में विरोध प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से कुमाऊं मंडल कमिश्नर को भेजा है।

बुधवार को भेजे गए ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल पहले जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन दे चुका था। समाधान दिवस के दौरान भी वार्ता का अनुरोध किया गया था। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर अधिवक्ताओं ने धरना देकर अपनी बात रखी थी। कहा कि राज्य के राजस्व न्यायालयों में व्याप्त घोर अनियमितताओं के खिलाफ अधिवक्ताओं का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। वादों में देरी, बहुत अधिक समय, धन व्यय, और वरिष्ठ अधिकारियों की उदासीनता के कारण आम जनता में राजस्व न्यायालयों के खिलाफ गहरा रोष पैदा हो रहा है। इन्हीं समस्याओं के विरोध में बुधवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रामनगर बार एसोसिएशन और हल्द्वानी बार एसोसिएशन, साथ ही जिला बार एसोसिएशन ने न्यायिक कार्यों से पूर्ण अवकाश रखा। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि आज के प्रदर्शन के बाद भी तीनों बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधिमंडल को ठोस लिखित आश्वासन नहीं मिला और समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो आगामी 23 फरवरी को अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। यहां अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी, गणेश कुमार गगन, बालम सिंह बिष्ट, हीरा सजवान, निसारूद्दीन, जावेद खान, उमाशंकर टम्टा, जगतपाल सिंह रावत, जगदीश जोशी, अरुण रौतेला, रुबीना, दीप्ति खुलवे, मो. यूनुस, जुनैद, विनोद अनजान, बृजमोहन आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# लायंस क्लब खटीमा का रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** लायंस क्लब खटीमा सेवा द्वारा बुधवार को न्यू लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें क्लब सदस्यों सहित नानकमत्ता और झनकट से आए स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने भी रक्तदान किया। शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

क्लब अध्यक्ष लायन डॉ.उमेश कुमार सुनदास ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे जनोपयोगी शिविर आयोजित किये जाते रहेंगे। प्रोग्राम चेयरमैन लायन जितेंद्र पारूथी ने रक्तदान के फायदे गिनाते हुए कहा कि यह बेहद पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में आयरन की मात्रा नियंत्रित रहती है और इससे कोलेस्ट्रॉल भी कम होता है। ब्लड बैंक की एमडी नीलम ज्याला ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक एवं उप नेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी, सचिव लायन मनोज कन्याल, कोषाध्यक्ष लायन पुष्पा धपोला, लायन कमल असवाल, कल्पना चंद, जेई गौरव कुमार, जेई भरत कन्याल, राजाराम और अमित पांडे आदि उपस्थित रहे।



# गाइडों को कैमरा एवं वायरलेस सेट उपलब्ध कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** जिम कॉर्बेट नेचर गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद बुधानी के नेतृत्व में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा गया। दिए गए ज्ञापन में टाइगर रिजर्व के कोर हेबिटेट में पर्यटन गतिविधियों के दौरान मोबाइल फोन उपयोग के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार विभागीय निर्देश जारी करने की मांग की गई। एसोसिएशन ने यह भी स्पष्ट करने का अनुरोध किया कि उक्त आदेश केवल कोर एरिया तक सीमित है या बफर एरिया में भी लागू होता है, क्योंकि निर्णय में बफर क्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। ज्ञापन में यह मांग रखी गई कि पर्यटकों के मोबाइल फोन एवं लॉकर की चाबी की जिम्मेदारी नेचर गाइड और वाहन चालक पर न डाली जाए। इसकी व्यवस्था विभागीय स्तर पर सुनिश्चित की जाए। एसोसिएशन ने कहा कि नेचर गाइड विभाग की "आंख और कान" के रूप में कार्य करते हैं और जंगल में अवैध गतिविधियों की सूचना देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि भविष्य में गाइडों के मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाया जाता है तो विभाग द्वारा सभी गाइडों को कैमरा एवं वायरलेस सेट उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। क्षेत्रीय रोजगार, सुरक्षा एवं संरक्षण सुनिश्चित रह सके।

# बनभूलपुरा कांडः अब्दुल मलिक को नहीं मिली राहत

## मोकिन सैफी, जियाउर रहमान और रईस अहमद को हाई कोर्ट से मिली ज़मानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के चर्चित बनभूलपुरा कांड के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक सहित अन्य लोगों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ती मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खण्डपीठ ने मामले में शामिल सह अभियुक्त मोकिन सैफी, जियाउर रहमान व रईस अहमद की जमानत मंजूर कर दी जबकि कोर्ट ने मुख्य आरोपी को कोई जमानत न देते हुए अगली सुनवाई 17 फरवरी मंगलवार की तिथि नियत की है। बता दें बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विकास गुगलानी व सीके शर्मा ने कोर्ट को अवगत कराया कि मोकिन सैफी व अन्य का नाम न तो प्राथमिकी मे है न ही वह घटना में शामिल हैं। संदेह के आधार पर उन्हें



बेवजह से गिरफ्तार किया गया उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। वहीं अन्य की तरफ से कहा गया कि जिस दिन घटना हुई वे मौके पर मौजूद नहीं थे।

पड़ोस में रहने के खातिर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। घटना के समय वे वहां नहीं थे उनको बेवजह इस मामले में फंसाया जा रहा है इसलिए उन्हें प्राथमिकता की तौर पर रिहा किया जाए।

मामले के अनुसार अब्दुल मलिक सहित अन्य के खिलाफ बनभूलपुरा दंगे के समय चार मुकदमे दर्ज हुए थे, जिसमें से एक मामला ये भी था कि मलिक ने कूटरचित व झूठे शपथपत्र के आधार पर राजकीय भूमि को हड़पने का कार्य किया यही नहीं उनके द्वारा नजूल भूमि पर कब्जा करके प्लॉटिंग व अवैध निर्माण करके उसे बेचा गया। जब जिला प्रशासन इस अवैध अतिक्रमण को हटाने पहुँची तो उनपर पथराव किया गया। बाद में इसने दंगा का रूप ले लिया। इसी दंगे में सरकारी, पुलिस व अन्य लोग घायल हो गए कईयों की जान तक चली गयी। आरोपियो का कहना है कि उन्हें झूठा फंसाया गया है। एफआईआर में उनका नाम नही है। पुलिस ने उन्हें जबरन इस मामले में फंसाया है। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। दंगे में शामिल कई लोगो को पूर्व में कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

## विकास ढाका की गिरफ्तारी पर सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय में हल्द्वानी में क्रिकेट लीग के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में मुख्य आरोपी विकास ढाका की पुलिस द्वारा नियम विरुद्ध की गई गिरफ्तारी को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति सिदार्थ साह की खंडपीठ ने बुधवार को फिर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता से कहा है कि गिरफ्तारी की रिमांड शीट की प्रति कोर्ट में दाखिल करें। इससे पहले भी कोर्ट ने रिमांड शीट प्रस्तुत करने को कहा था लेकिन जो अभी तक पेश नहीं की गई। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 23 फरवरी सोमवार की तिथि नियत की गई है।

बता दें बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को अवगत कराया कि विकास को पुलिस ने सवेरे 11.30 बजे पुलिस स्टेशन में बैठाएं रखा और रात 9 बजे धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज की जबकि रिमांड शीट में उनकी गिरफ्तारी अगले दिन 4 बजे दिखाई गई।

मामले के अनुसार हल्द्वानी के गौलापार स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में प्रस्तावित ईवीसीएल (एपिक विट्री क्रिकेट लीग) के नाम पर कई लोगों के साथ हुई धोखाधड़ी के मामले में नैनीताल पुलिस ने मुख्य आरोपी विकास ढाका को गिरफ्तार किया है। लीग के आयोजक और मालिक विकास ढाका पर फ्रैंचाइजी के नाम पर लोगों के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप लगे हैं। हल्द्वानी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 3 फरवरी से 12 फरवरी तक ईवीसीएल लीग क्रिकेट मैच का आयोजन करने और उसमें राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के आने का झांसा देकर लोगों फ्रैंचाइजी बेचा था। एसएसपी नैनीताल डा. मंजू नाथ टीसी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सितारगंज के पूर्व विधायक नारायण पाल व हरियाणा के एक युवक से 32 लाख की धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

## यौन शोषण के आरोपी उस्मान खान की जमानत नामंजूर

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नाबालिग के साथ यौन शोषण के आरोपी ठेकेदार उस्मान खान के जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें बुधवार को फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई हेतु 16 फरवरी सोमवार की तिथि नियत की है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती आलोक कुमार महरा की खंडपीठ में हुई। बुधवार को हुई सुनवाई पर उस्मान की तरफ से कहा गया कि उन्हें जेल में रहते हुए कई समय हो चुका है। मामला सोशल मीडिया व मीडिया में आने के कारण हाई लाइट हुआ। उनके द्वारा कोई दुष्कर्म नहीं किया गया इसलिए उनको जमानत पर रिहा कराए जाने के आदेश दिये जाएं। मामले के अनुसार आरोपी उस्मान के खिलाफ आरोप दर्ज है कि उसने 12 साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया है जब इसकी शिकायत परिजनों ने नैनीताल के मल्लीताल थाने में दर्ज की गई थी। स्थानीय लोगो ने इसका विरोध किया। आक्रोशित भीड़ ने तोड़फोड़ भी की। उसके बाद पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए आश्वासन दिया था कि जांच के उपरांत उस्मान को हिरासत में लिया जाएगा । आगे यह भी कहा कि आरोपी को जांच के उपरांत सजा मिलेगी तब से आरोपी जेल में बंद है।

## दोषी को कड़ी सजा मिले मुद्दे को सांप्रदायिक रंग न दें: खष्टी बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता खष्टी बिष्ट ने भवाली में नाबालिग बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना पर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे मामले की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार की गोपनीयता का सम्मान करते हुए इस गंभीर घटना पर संवेदनशीलता और गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए तथा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि दोषी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए ताकि समाज में एक सशक्त संदेश जाए और भविष्य में कोई भी ऐसी घिनौनी हरकत करने से पहले सौ बार सोचे।कहा कि इस संवेदनशील मुद्दे को हिंदू मुस्लिम रंग देकर छोटे शहर का वातावरण खराब करने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। यह राजनीति का विषय नहीं बल्कि एक मासूम बच्ची और उसके परिवार के भविष्य का गंभीर और संवेदनशील प्रश्न है। कहा कि मैं हमेशा अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई लड़ती आई हूँ चाहे वह किसी की भी बेटी हो कहीं की भी बेटी हो वह हमारे देश की बेटी है। बोली कि भवाली जैसे शांत और छोटे शहर में बाहरी लोगों द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप किया जाना बेहद चिंताजनक है। यहां के स्थानीय निवासी सभी समुदाय के लोगएआज़ादी के बाद से नजूल भूमि पर निवास कर रहे हैं और उनके घरों को उजाड़ने का प्रयास पूरी तरह से अनुचित और अन्यायपूर्ण है कोई मानवता का मार्ग तलाश करना चाहिए।

## युगमंच ने होली महोत्सव के लिए बनाई रणनीति

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में विगत तीस वर्षों से चली आ रही होली महोत्सव की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाते हुए युगमंच की पहल पर शारदा संघ, श्री मां नयना देवी मंदिर समिति, श्री राम सेवक सभा, महिला संगठन आदि विभिन्न संगठनों के प्रबुद्ध जनों की बैठक श्री नयना देवी परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में सर्व सममति से निर्णय लिया गया कि युगमंच के 30वें होली महोत्सव का शुभारंभ चीर बंधन के साथ 27 फरवरी शुक्रवार को अपराह्न 1 बजे से किया जाएगा। इसी के साथ सबसे पहले आमंत्रित टीम द्वारा नयना देवी परिसर में खड़ी बोली से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। मंदिर में खड़ी होली के बाद तीन बजे से रामसेवक सभा के रामलीला मंच में उद्घाटन किया जाएगा एवं खड़ी बोली गायन तथा स्कूली बच्चों द्वारा होली गायन किया जाएगा। कहा कि चार मार्च तक चलने वाले 6 दिवसीय कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन बीएम शाह ओपन थिएटर में महिलाओं की बैठकी होली एवं स्वांग प्रस्तुत किए जाएंगे जबकि एक मार्च को नैनीताल समाचार मे होली बैठक व सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। तय किया कि प्रति वर्ष होल्यारों को सममानित किए जाने की परंपरा के तहत इस वर्ष नरेश चमयाल एवं हेमंत पंत को सहित दो महिला होल्यारों को भी सममानित किया जाएगा। बैठक में तय हुआ कि युवा पीढ़ी को पारंपरिक होली गायन तथा होली की विभिन्न विधाओं से जोड़ते हुए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से युगमंच की पहल पर 17 फरवरी से होली गायन कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा एवं इस दौरान तैयार प्रस्तुतियों को 27 एवं 28 फरवरी के दौरान प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में डा. विजय कृष्ण, मोहन चंद्र जोशी, जहूर आलम, विनोद पांडे, नवीन बेगाना, दिनेश उपाध्याय, मनोज कुमार, अनिल कुमार, जय जोशी, विजय लक्ष्मी थापा, आनंदी बगढ़वाल, सुमन, कनिका रावत राणा, अदिति खुराना तथा दीपा बिष्ट आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### स्नेहा मुरारी ने रचा कीर्तिमान

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय की शिक्षा विभाग की छात्रा स्नेहा मुरारी ने इंडियन नॉलेज सिस्टम (आईकेएस) की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षा में



अखिल भारतीय स्तर पर चौथा स्थान हासिल किया। इस शानदार सफलता पर स्नेहा को 25,000 रुपए नकद और प्रशस्ति पत्र मिला। स्नेहा की यह सफलता न केवल विश्व. विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि उत्तराखंड के विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का प्रतीक है। इंडियन नॉलेज सिस्टम परीक्षा का उद्देश्य भारतीय ज्ञान, संस्कृति और सामाजिक चिंतन को समझने और बढ़ावा देने वाले विद्यार्थियों का चयन करना है। स्नेहा ने अपनी बौद्धिक क्षमता, समर्पण और मेहनत से यह उपलब्धि प्राप्त की। स्नेहा मुरारी का पैतृक गांव लोहाघाट में है। उनके पिता डा. जगत प्रकाश मुरारी राजकीय इंटर कॉलेज लालकुआं में व्याख्याता हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत और शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने स्नेहा की सफलता पर उन्हें बधाई दी।

### रक्तदान व हेल्थ कैंप शिविर के लिए रैली

**नैनीताल।** नैंसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ज्योलिकोट नैनीताल द्वारा 14 फरवरी शनिवार को सुबह 10 बजे से शुरु होने जा रहे रक्तदान एवं हेल्थ कैंप शि. विर की कामयाबी के लिए बुधवार क जनजागरुकता रैली निकाली। शि. विर बेस अस्पताल हल्द्वानी के नियंत्रण एवं सहयोग में आयोजित होगा। बता दें बुधवार को कॉलेज की छात्राओं द्वारा ज्योलीकोट तथा आसपास के क्षेत्रों में भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को रक्तदान के महत्व, उससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ तथा रक्तदान न करने से संभावित दुष्परिणामों के बारे में प्रभावशाली संदेश दिया। रैली के माध्यम से यह भी बताया गया कि रक्तदान से पूर्व आवश्यक स्वास्थ्य जांच की जाती है जिससे रक्तदाता का स्वास्थ्य पूर्ण रूप से सुरक्षित रहता है। छात्राओं ने आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में 14 फरवरी शनिवार को नैंसी नर्सिंग कॉलेज ज्योलिकोट में आयोजित इस रक्तदान एवं हेल्थ कैंप में भाग लेकर मानव सेवा के इस पुण्य कार्य में अपना योगदान दें। कालेज प्रशासन एवं निदेशक डा. संजय कुमार सिंह ने सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

### कूटा ने बिष्ट के निधन पर जताया शोक

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने कुन्दन सिंह बिष्ट (प्रभारी अधिशासी निदेशक चिया) के पिता नन्दन सिंह बिष्ट के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कूटा ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार जनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने दुख जताया है।

## 12वीं कक्षा के छात्रों को दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल भीमताल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को बड़े धूमधाम के साथ विदाई दी गई। विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने बारहवीं के



विद्यार्थियों को टीका चन्दन लगाकर आमंत्रित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएस नेगी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य कार्यकम का आरंभ किया गया। ग्यारहवीं के छात्र. छात्राओं द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई जिसके उपरान्त मॉडर्न डांस, समूह गीत प्रस्तुत किया गया और बारहवीं के विद्यार्थियों के द्वारा भी एक नृत्य तथा हर्षित कुमार द्वारा सितार के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति और स्वयं लिखी हुई गजल अलविदा साथियों...के माध्यम से समा बांधा गया। कक्षा बारहवीं के अक्षय भाकुनी, दिव्या सिंह भैसोड़ा, रुतिकीर्ति वर्मा, पल्लवी सिंह चौहान तथा श्रेया अधिकारी द्वारा कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किए गए। कार्यक्रम और उपहार के प्रति धन्यवाद व्यक्त करने के साथ सभी शिक्षकों एवं प्रधानाचार्य के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की गई। शिक्षक वर्ग की ओर से वरिष्ठ शिक्षिका एवं समन्वयक कंजन जोशी द्वारा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएस नेगी ने सभी विद्यार्थियों को संबो. धित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में श्री नेगी द्वारा सभी बारहवीं के विद्यार्थियों से जीवन में विभिन्न प्रकार की सीखों के लिए प्रेरित किया गया और उदयमान सितार वादक हर्षित कुमार को नकद पुरस्कार से सम्मानित करते हुए हर्षित का एक ऑटोग्राफ लिया तथा आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में जब हर्षित बड़ा नाम कमाते हुए बड़े मंच पर होंगे तब उनसे दूसरा ऑटोग्राफ लेंगे। कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आयुष जोशी, मान्या मुटनेजा, गुंजन कोहली, रश्मि कांडपाल, अवन्तिका हरबोला, कार्तिक सिह रावत, अनुज बजेठा, अर्पिता राणा, हंसिका भंडारी एवं हर्षिता पन्त द्वारा किया गया।

## शिविर में विधिक जानकारियों से कराया रूबरू

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के राजकीय बालिका इंटर कालेज बेतालघाट में बुधवार को विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों का अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य पर विधिक साक्षरता व जगरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बता दें शिविर का आयोजन उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज (सी.डि. )/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के द्वारा चिकत्सा विभाग व पुलिस विभाग के साथ मिलकर आयोजित किया। शिविर में चिकित्सा विभाग से डा. अभिलाषा द्वारा किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन के बारे में विस्तार से जानकारी दी जबकि सचिव/सिविल जज पारुल थपलियाल द्वारा छात्राओं को समानता का अधिकार के बारे बताते हुए कहा कि भारत के संविधान (अनुच्छेद 14-18) द्वारा प्रदत्त एक मौलिक अधिकार है जो कानून के समक्ष सभी नागरिकों की बराबरी की गारंटी देता है। इसका उद्देश्य जाति, धर्म, लिंग, नस्ल या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव को समाप्त करना और समाज में सभी को समान अवसर प्रदान करना है। उन्होंने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के बारे में बताया। पुलिस विभाग से एसआई स्नेहा को. रंगा द्वारा छात्राओं को यौन उत्पीडन् संबन्धित और बेल्कमेलिंग व अन्य बच्चो से संबन्धित अपराधों के बारे में जानकारी दी। शिविर में प्रधानाचार्य रेखा गाडिया, ग्राम प्रधान भावना पडियार, पीएलवी संजय कुमार, सुनील हलसी, चित्रकला देवी व पूजा देवी अन्य मौजूद रहे।

# अधिकारियों पर अभद्रता, भ्रष्टाचार के आरोप

## नैनीताल में जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला बार एसोसिएशन नैनीताल के अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में बुधवार को एक दिवसीय धरना देते हुए राजस्व अधिकारियों पर अभद्र व्यवहार व भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने बताया कि अधिकारियों को पहले भी पत्र के माध्यम से समस्याओं से अवगत कराया गया था लेकिन उनकी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हुआ। एसोसिएशन के सचिव दीपक रूवाली ने कहा कि जिले के अधिकारी अधिवक्ताओं के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यायिक अधिकारी समय पर न्यायालय में नहीं



बैठ रहे व राजस्व न्यायालयों में गैर. विधिक व्यक्तियों द्वारा कार्य कराया जा रहा है इसके अलावा राजस्व न्यायालयों में अन्य अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी अधिवक्ता के साथ अधिकारियों द्वारा दुर्व्यवहार किया गया तो उसका उचित जवाब दिया जाएगा। धरने की सूचना पर एडीएम विवेक राय मौके पर पहुंचे और अधिवक्ताओं की मांगों पर लिखित आश्वासन दिया। उन्होंने जल्द कार्यप्रणाली में सुधार का भरोसा दिलाया। अधिवक्ताओं ने कहा कि इसके बाद भी अधिकारियों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो 23 फरवरी सोमवार से हल्द्वानी और रामनगर बार एसोसिएशन के साथ ही अन्य जिला बार एसोसिएशन के साथ मिलकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान उपाध्यक्ष शंकर चौहान, दीपक दत्त, ओंकार गोस्वामी, नीरज साह, ज्योति प्रकाश सिंह बोरा, प्रताप सिंह पडियार, शरद साह, अरुण बिष्ट, अनिल बिष्ट, कमल चिलवाल, सुभाष जोशी, रवि आर्या, मनीष कांडपाल, दीपक दानु, नीरज गोस्वामी, जितेंद्र बंगारी, गजेंद्र मेहरा, प्रदीप परगाई, तरुण चंद्रा, निर्मल कुमार, प्रदीप प्रसाद, एस के गोयल, प्रीति साह, किरन आर्या, जया आर्या तथा हेमंत कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# स्नोव्यू से नैना पीक तक की ट्रैकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मेरा युवा भारत नैनीताल (युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा हर्मिटेज यूजीसी-एमएमटीटीसी कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल) में आयोजित अंतर राज्य युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तृतीय दिवस यानी बुधवार की गतिविधियां उत्साह तथा अनुशासन एवं सांस्कृतिक सौहार्द से भरपूर रहीं। मेरा युवा भारत नैनीताल की उप निदेशक डॉल्वी तेवतिया ने बताया कि



कार्यक्रम के तृतीय दिवस की शुरुआत प्रातः कालीन योग सत्र से हुई। योग अभयास के उपरांत सभी प्रतिभागी नैनीताल रोपवे के माध्यम से स्नो व्यू प्वाइंट पहुँचे। कुमाऊँ मंडल विकास निगम नैनीताल द्वारा प्रतिभागियों को रोपवे की यह सुविधा निशुल्क मुहैया कराई गई। स्नोव्यू प्वाइंट से प्रतिभागियों ने नैना पीक तक ट्रैकिंग की। ट्रैकिंग के दौरान पर्यटन विभाग से अधिकृत टूर गाइड संजीव टम्टा ने दल का नेतृत्व किया। उन्होंने प्रतिभागियों को ट्रैकिंग के नियमों, सुरक्षा उपायों तथा नैना पीक के ऐतिहासिक एवं पर्यावरणीय महत्व की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने हिमालय की भव्य पर्वतमालाओं का परिचय कराते हुए पंचाचूली श्रृंखला के दर्शन भी कराए जिससे प्रतिभागी अत्यंत उत्साहित दिखाई दिए। इस दौरान प्रशिक्षक पुष्कर दानू भी प्रतिभागियों के साथ उपस्थित रहे और पूरे ट्रैक में उनका मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। दिन भर की साहसिक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों के पश्चात सायंकाल सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में सभी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और बिहार राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति का सुंदर प्रदर्शन किया। लोक नृत्य, लोकगीत एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को साझा कियाए जिससे आपसी समझ, एकता एवं राष्ट्रीय एकात्मता की भावना को और अधिक मजबूती मिली।

## देवीधूरा में तेंदुए की दस्तक

**नैनीताल।** नैनीताल के समीप देवीध. ूरा क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक के बाद वन विभाग की गश्त जारी है। इस दौरान लोगों को तेंदुए से सुरक्षित रहने की सलाह भी दी जा रही है। बता दें कि इन दिनों नैनीताल के समीप देव. ीधूरा गांव में तेंदुआ दिखाई दे रहा है। बीते दिनों से तेंदुआ गांव के बीच घरों के आसपास गुर्रा रहा है। लोगों ने कई बार घरों के आसपास ही तेंदुए को देखा है। इसके बाद से गांव में भय का माहौल बना हुआ है। शिकायत के बाद वन विभाग की ओर से गांव में गश्त जारी है। विभाग की ओर से क्षेत्र में लगातार पटाखे जलाए जा रहे हैं। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है। साथ ही लोगों को देर रात घर से बाहर न जाने और रात को घर के आसपास लाइट जलाने की अपील की जा रही है। साथ ही छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

# बार ने किया चीफ जस्टिस का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता का बुधवार को हाईकोर्ट बार सभागार पहुंचने पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा स्वागत किया गया । इस मौके पर अधिवक्ताओं को संबो. धित करते हुए मुख्य न्यायधीश ने कहा कि उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मात्र अपने 25 सालों के सफर में कई महत्वपूर्ण फैसले देकर न्यायिक क्षेत्र में अहम पहचान बनाई है और अन्य राज्यों के उच्च न्यायालय इस उच्च न्यायलय के द्वारा दिये गए खास निर्णयों के आधार पर अपना फैसला दे रही रही हैं। मुख्य न्यायधीश ने कहा कि वादकारियों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाना बार व बेंच का लक्ष्य है और बार व बेंच आपसी



### देवभूमि में आना अहोभाग्य: मनोज कुमार गुप्ता

सामंजस्य से काम करेंगे। कहा है कि वे संगम नगरी प्रयागराज से देव भूमि उत्तराखंड में आये हैं। उनके लिए यह एक अहोभाग्य से कम नहीं है। देवभूमि उत्तराखंड के लोगों को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। मुख्य न्यायधीश ने कहा कि अधिवक्ताओं के सुझावों व समस्याओं को प्राथमिकता के साथ लिया जाएगा। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत ने मुख्य न्यायधीश का स्वागत किया तथा एसोसिएशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वागत कार्यक्रम का संचालन महासचिव सौरभ अधिकारी ने किया। समारोह में वरिष्ठ न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी, रविन्द्र मैठाणी, रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता, एमहाधिवक्ता एसएन बाबुलकर, सीएससी चंद्रशेखर सिंह रावत, असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल ललित शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र डोभाल, लोकेंद्र डोभाल, डीके शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील वशिष्ठ, श्रुति जोशी, दीप चंद जोशी, राजेश जोशी, राजेश शर्मा, डा. कैलाश तिवारी, सीएम साह, प्रभा नैथानी, मंजू बहुगुणा, निरजंन भट्ट, संदीप तिवारी, भुवनेश जोशी, अविदित नौनियाल तथा प्रश्नना कर्नाटक थे।

# बीएसएसवी के 45 बच्चों ने लहराया परचम

## राष्ट्रीय खेलों तथा एनसीसी कैंपों में किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के मेधावी व प्रतिभावन 45 बच्चों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें 21 बच्चों ने खेलों में अपना परचम लहराया और 24 बच्चों ने एनसीसी राष्ट्रीय कैंपों में अपना प्रतिभा का परिचय दिया जिसमें एक बच्चे ने प्रधानमंत्री रैली आरडीसी परेड में अपना प्रतिभा किया। बच्चों की इस कामयाबी पर विद्यालय में उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विशन सिंह मेहता तथा व्यवस्थापक ज्योति प्रकाश ने बच्चों के इस प्रदर्शन से खुशी व्यक्त की है और सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया। बता दें विद्यालय में इस बार 7 बच्चों का अग्निवीर (सेना) में चयन हुआ। विद्यालय में 21 बच्चों ने खेलों ओर



कला उत्सव में प्रतिभा किया इसमें बबली, साक्षी, सिमरन, उमा, जया, हिमानी, करन, कार्तिक, निर्भय तथा आयुष ने फुटबॉल में प्रतिभाग किया जबकि 4 खिलाड़ी यूथ आई लीग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे हैं। बास्केटबॉल में जीतांशु, गौरव, अस्मिता, कार्तिक और एथलेटिस में राघवेंद्र ने प्रतिभा किया। कला उत्सव में भी भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के 6 बच्चों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें कृतिका, मीनाक्षी, यश, आदित्य, दीपक तथा अजय शामिल रहे। इसी प्रकार विद्यालय में एनसीसी के 24 बच्चों ने राष्ट्रीय कैंप में प्रतिभाग किया जिसमें एक कैडेट हरविंदर जिन्होंने प्रधानमंत्री रैली में प्रतिभा कर विद्यालय का वह 05 यूके नेवल नैनीताल का नाम रोशन किया। कुल मिलाकर इस वर्ष 2025 तथा जनवरी 2026 तक 45 बच्चों ने राष्ट्रीय कैंपों में प्रतिभाग कर विद्यालय का नाम बढ़ाया है। यह विद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक कामयाबी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता व व्यवस्थापक ज्योति प्रकाश समेत उप प्रधानाचार्य प्रवीण सती समेत आलोक कुमार, डा. रेनू बिष्ट, गोविंद बोरा, उत्कर्ष, डा. नीलम जोशी, सागर, आलोक भट्ट, शाहनवाज, निशा, अवंतिका, गीतिका, मीनाक्षी, मनीष, चंद्रप्रकाश, मनोज व विद्यालय के सभी शिक्षकों कर्मचारी ने सभी बच्चों को बधाई दी व पुरस्कार वितरण किया। विद्यालय के प्रबंधक ज्योति प्रकाश ने आगामी बोर्ड के रिजल्ट में भी बच्चों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया ओर शुभकामनाएं दी।

## एसपी ने किया कोतवाली का निरीक्षण

**नैनीताल।** एसपी ने वार्षिक निरीक्षण के दौरान कोतवाली मल्लीताल में अभिलेखों व मालखाने में माल का रखरखाव उचित नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कोतवाल को लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश दिए। बता दें बुधवार को एसपी यातायात व अपराध डा. जगदीश चंद्र ने मल्लीताल कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान कोतवाली परिसर व मैस में सफाई व्यवस्था जांची वहीं मालखाने में माल का रखरखाव ठीक नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। एसपी ने कोतवाली स्तर पर की जा रही विवेचनाओं व ऑनलाइन पोर्टल पर मिल रही शिकायतों के निस्तारण की भी जांच की। उन्होंने ऑनलाइन शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने व विवेचनाओं के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान निरीक्षण में सीओ रविकांत सेमवाल, कोतवाल हेम पंत, एसएसआई दिनेश जोशी, एसआई मोहमद यूनुस व आशा बिष्ट शामिल रहे।

# कालाढूंगी में विराट हिन्दू सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** नगर के रामलीला मैदान में बुधवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में सनातन हिन्दू समाज के लोगों ने भाग लिया। मुख्य वक्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की साध्वी ऋतु भारती ने भारत में जन्म लेना सौभाग्य है। देवभूमि उत्तराखंड में जन्म लेना उससे भी बड़ा सौभाग्य और अदुतीय है। भारत को भारत को महान भूमि कहा गया है। साध्वी ने कहा कि देश विदेश में भारत की पहचान लाल किला, ताजमहल या मुंबई की चौबाटी से नहीं बल्की हमारी संस्कृति, सभ्यता और संस्कार से होती है। उन्होंने कहा कि भारत वह देश है जहां नारियों को पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि आज हमारी सोच



पाश्चात्य संस्कृति की ओर जा रही है। जो हमारी संस्कृति और सभ्यता के लिए खतरा। हमें बच्चों को अच्छे संस्कार देने होंगे। सोशल मीडिया से बचना होगा। सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर ने पंच परिवर्तन के पांचों पक्ष परिवार, समरसता, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य, स्व बोध पर विस्तार से बात रखी। सनातन समाज समिति कालाढूंगी के संयोजक तारा दत्त रखोलिया, सह संयोजक दिवान बिष्ट, ऋतु बिष्ट, कविता वालिया, कुबेर बोरा ने मुख्य वक्ताओं का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। स्कूली बच्चों द्वारा मन मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। इस दौरान विधायक बंशीधर भगत, दर्जाधारी सुरेश भट्ट, चेयरमैन रेखा कत्यूरा, मेयर गजराज बिष्ट, मनोज पाठक शामिल रहे।

# उम्मीद व जिम्मेदारी के साथ उतरेगा भारत



● टॉस एक फैक्टर हो सकता है, लेकिन असली टेस्ट एग्जीक्यूशन में होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत गुरुवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में नामीबिया के खिलाफ ग्रुप ए के मुकाबले में डिफेंडिग चैंपियन होने के नाते उम्मीद और जिम्मेदारी दोनों लेकर उतरेगा। अमेरिका के खिलाफ उनके शुरुआती मैच ने सभी को याद दिलाया कि टी-20 क्रिकेट, भारत जैसी टैलेंटेड टीम के लिए भी, मुश्किल हो सकता है। एक समय, भारत 77 रन पर 6 विकेट खो रहा था, ऐसी पिच पर जिसमें टेक्निक, टेम्परामेंट और टैक्टिकल अवेयरनेस की जरूरत थी। यह एक ऐसी हार हो सकती थी जिससे टीम का कॉन्फिडेंस डगमगा जाता, लेकिन ऐसे पलों में वर्ल्ड-क्लास खिलाड़ी मौके का फायदा उठाते हैं। वह खिलाड़ी, एक बार फिर, सूर्यकुमार यादव थे। 48 गेंदों पर उनकी नाबाद 84 रन की पारी टाइमिग, कॉन्फिडेंस और कंट्रोल्ड एग्रेशन का मास्टरक्लास था। सूर्यकुमार का हर शॉट सोचा-समझा लेकिन हिम्मत वाला था, हर बाउंड्री याद दिलाती है कि वह दुनिया के सबसे खतरनाक टी-20 बल्लेबाजों में से एक क्यों बन गए हैं। उन्होंने न सि र्फ भारत को मुश्किल से बचाया, बल्कि मोमेंटम को पूरी तरह से मेजबान टीम के पक्ष में कर दिया, जिससे पता चला कि जब सबसे ज्यादा जरूरत होती है तो वे जम्मिेदारी लेने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। बॉलिंग ने भी भारत की गहराई और खुद को ढालने की काबिलियत दिखाई। चोटिल हर्षित राणा की जगह देर से आए मोहम्मद सिराज ने शुरू में ही विरोधी टीम पर दबाव डाला, जबकि अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने बीच के ओवरों में दबाव बनाकर रन बनाने के मौके कम किए। यह दबाव में मिलकर किया गया प्रदर्शन था, और इस लेवल का प्रदर्शन भारत के लिए एक ब्लूप्रिंट देता है क्योंकि वे नाम. ीबिया का सामना कर रहे हैं, जो इस लेवल पर खुद को साबित करने के लिए बेताब टीम है। नाम. ीबिया इस मुकाबले में अपने सामने मौजूद चुनौती को जानते हुए उतरेगा। नीदरलैंड्स से उनकी शुरुआती हार ने उम्मीद और सुधार की जरूरत वाले एरिया, दोनों को दिखाया। टॉप-ऑर्डर के बैट्समैन निकोल लॉफ्टी-ईटन और जान फाइलिक ने संयम और स्किल दिखाई, लेकिन मिडिल ऑर्डर तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष करता रहा, और जरूरी मौकों पर विकेट गिरे। भारत के खिलाफ, नामीबिया को शुरू से ही अग्रेसिव होना होगा, समझदारी से स्ट्राइक रोटेट करनी होगी, और ऐसी पार्टनरशिप बनानी होगी जिससे वे एक मुश्किल टोटल बना सकें या उसका पीछा कर सकें। उनके बॉलर्स को इंडिया की गहराई और क्वालिटी के सामने कड़ी परीक्षा देनी होगी, और उनके फील्डर्स को आसान रन और छूटे हुए मौकों को रोकने के लिए अलर्ट रहना होगा। अगर नामीबिया डिफेंडिग चैंपियन को मुश्किल में डालना चाहता है तो डिसिप्लिन और फोकस बहुत जरूरी होगा। दिल्ली की पिच से पेसर्स को शुरुआत में मदद मिलेगी लेकिन लाइट्स में स्ट्रोक्स के लिए आसानी होने की उम्मीद है। टॉस एक फैक्टर हो सकता है, लेकिन असली टेस्ट एग्जीक्यूशन में होगा - इंडिया अपने एक्सपीरियंस और कंपोजर से, और नामीबिया अपने एम्बिशन और भूख से। सभी की निगाहें एक बार फिर सूर्यकुमार पर होंगी, जिनकी अकेले दम पर गेम बदलने की काबिलियत बेजोड़ है, लेकिन नामीबिया के खास परफॉर्मर्स को भी अपनी छाप छोड़ने के मौके मिलेंगे। कल एक्सपीरियंस बनाम एम्बिशन, स्किल बनाम भूख, और स्ट्रैटेजी बनाम इंस्टिंक्ट का एक दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। भारत अपनी बादशाहत दिखाने की कोशिश करेगा।

# आसिफ नजरुल का अजीब यू टर्न



● कहाः खिलाड़ियों और बीसीबी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 बॉयकॉट का फैसला किया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के स्पोर्ट्स एडवाइजर आसिफ नजरुल ने अपने पहले के रुख से एक अजीब यू-टर्न लेते हुए कहा कि चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा न लेने का फैसला क्रिकेटरों और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने लिया था, न कि सरकार ने।

आसिफ की बातें अजीब हैं, क्योंकि इससे पहले 22 जनवरी को, अंतरिम सरकारी सांसद ने जोर देकर कहा था कि बांग्लादेश का टूर्नामेंट छोड़ने का फैसला सरकार का था। आसिफ 22 जनवरी को क्रिकेटरों से मिले थे, जब लिटन दास ने बताया था कि खिलाड़ी वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने को लेकर किसी भी बातचीत का हिस्सा नहीं थे। उस मीटिंग के बाद, आसिफ ने मीडिया को बताया कि उन्होंने खिलाड़ियों को सरकार के फैसले के बारे में बताया था। यह मीटिंग एक ब्रीफिंग जैसी लग रही थी, जहां खिलाड़ियों को प्रोसेस में शामिल करने के बजाय फैसले के बारे में बताया गया था। आसिफ ने 22 जनवरी को रिपोर्टर्स से कहा कि मीटिंग का मकसद बस खिलाड़ियों को यह समझाना था कि सरकार ने यह फैसला क्यों लिया और उन्हें कॉन्टेक्स्ट बताना था। मुझे लगता है कि वे समझ गए थे। यही मकसद था - और कुछ नहीं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि हमें प्ब्ब् से इंसाफ नहीं मिला। हम वर्ल्ड कप में खेलेंगे या नहीं, यह पूरी तरह से सरकार का फैसला है। हालांकि, आसिफ ने मंगलवार को कई लोगों को हैरान कर दिया जब उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में नहीं खेलने का फैसला सरकार ने नहीं, बल्कि बोर्ड और खिलाड़ियों ने लिया था। आसिफ ने मंगलवार को रिपोर्टर्स से कहा कि वर्ल्ड कप न खेलने का कोई अ फसोस नहीं है। यह फैसला बीसीबी और खिलाड़ियों ने लिया क्योंकि उन्होंने देश के क्रिकेट की सुरक्षा, लोगों की सुरक्षा और देश की इज्जत की रक्षा के लिए कुर्बानी दी है। आसिफ ने फिर कहा कि वह आईसीसी के जवाब से खुश हैं और कहा कि ग्लोबल बॉडी आने वाले दिनों में बांग्लादेश के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आईसीसी ने कहा है कि कोई बैन नहीं होगा और बांग्लादेश को एक इंटरनेशनल टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए कंसीडर किया जाएगा। यह एक शानदार अचीवमेंट है। मैं बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को सलाम करता हूं। ऐसा माना जाता है कि आसिफ ने वर्ल्ड कप से दूर रहने के बांग्लादेश के फैसले में अहम भूमिका निभाई थी, जिसमें जुलाई 2025 में स्टूडेंट मूवमेंट के बाद सत्ता में आने के बाद अंतरिम

# अश्विन ने उस्मान तारिक के विवादित एक्शन का बचाव किया

● बॉलिंग एक्शन की लीगैलिटी सिर्फ आईसीसी से मान्यता प्राप्त टेस्टिंग सेंटर में ही तय की जा सकती हैः अश्विन

**नई दिल्ली, वार्ता।** रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को पाकिस्तानी स्पिनर उस्मान तारिक का सपोर्ट किया, जिनके बॉलिग एक्शन ने यूनाइटेड स्टेट्स के खिलाफ पाकिस्तान की 32 रन की जीत के बाद चर्चा छेड़ दी है।

28 साल के इस खिलाड़ी का बॉलिग एक्शन अमेरिका को रोकने में अहम साबित हुआ, लेकिन उनके अनोखे एक्शन, जिसमें रन-अप में एक खास रुकावट और साइड-आर्म रिलीज शामिल है, ने लोगों का ध्यान खींचा और सोशल मीडिया पर उनकी आला. ेचना हुई। भारत के पूर्व ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने एक्स पर पोस्ट किया कि बॉलिग एक्शन की लीगैलिटी सिर्फ आईसीसी से मान्यता प्राप्त टेस्टिग सेंटर में ही तय की जा सकती है। अश्विन ने कहा कि सबसे पहले, उनके एक्शन की लीगैलिटी सिर्फ आईसीसी बॉलिग एक्शन टेस्टिग सेंटर में ही टेस्ट की जा सकती है,ष और कहा कि 15-डिग्री एल्बो एक्सटेंशन नियम को मैच के दौरान ऑन-फील्ड अंपायर सही तरीके से नहीं आंक सकते। उन्होंने इस मुद्दे को ग्रे एरिया बताया और कहा कि बिना सही टेस्टिग के किसी बॉलर पर आरोप लगाना गलत होगा। डिलीवरी स्ट्राइड में रुकावट पर, अश्विन ने कहा कि अगर यह बॉलर के रेगुलर एक्शन का हिस्सा है तो यह लीगल है। पहले, इंडिया के विकेटकीपर बैटर श्रीवत्स ने हालांकि, इस रुकावट पर सवाल उठाया।

टी-20 विश्व कप : शून्य से अस्पताल तक का सफर

# अभिषेक ने भारत को मुश्किल में डाला



● अभिषेक शर्मा को पेट में इन्फेक्शन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के अस्पताल में भर्ती कराया गया

**नई दिल्ली, वार्ता।** टूर्नामेंट के पहले मैच में पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट होने से लेकर कुछ ही दिनों में अस्पताल के बिस्तर पर जाने तक, अभिषेक शर्मा के टी-20 वर्ल्ड कप के सफर ने एक अचानक और नाटकीय मोड़ ले लिया है, जिससे गुरुवार को दिल्ली में नामीबिया के खिलाफ मैच से पहले भारत के सामने सिलेक्शन की नई पहेली खड़ी हो गई है। भारत के इस युवा ओपनर को पेट में इन्फेक्शन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पिछले दो दिनों से वह मेडिकल निगरानी में हैं। बीमारी का सही कारण पता लगाने के लिए टेस्ट किए जा रहे हैं, और उनके डिस्चार्ज होने पर अभी भी शक है, जिससे नाम. ीबिया मैच के लिए उनके उपलब्ध होने पर गंभीर शक है।

अभिषेक की तकलीफ सबसे पहले मुंबई में अमेरिका के खिलाफ भारत के पहले मैच के दौरान सामने आई थी, जहां वह पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे। बाएं हाथ का यह खिलाड़ी अमे. रिका के असफल चेज के दौरान मैदान पर नहीं लौटा, असिस्टेंट कोच रयान टेन डेशकाटे ने बाद में पुष्टि की कि वह पेट में कीड़े से जूझ रहा है। मैच के बाद टेन डेशकाटे ने कहा था कि अभि के पेट में अभी भी कुछ दिक्कतें हैं। हमें उम्मीद है कि वह दो दिन में गेम के लिए अवेलेबल हो जाएगा। अभिषेक के हॉस्पिटल में भर्ती होने के बाद, इंडिया का थिक टैंक टूर्नामेंट के इस अहम स्टेज पर अपने ओपनिग कॉम्बिनेशन को फिर से देखने के लिए मजबूर है। संजू सैमसन टॉप ऑर्डर में एक पोटेंशियल रिप्लेसमेंट के तौर पर उभर रहे हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ कम स्कोर बनाने के बाद ईशान किशन को पहली पसंद के ग्लवमैन के तौर पर अपनी जगह गंवा दी थी, लेकिन अब वह फिर से रेस में आ सकते हैं। टेन डेशकाटे ने कहा था कि हम किसी भी चीज से ज्यादा अभि की फिटनेस का इंतजार कर रहे हैं और इससे, फिर से, कुछ अलग कॉम्बिनेशन खुलेंगे। उन्होंने टैक्टिकल एडजस्टमेंट पर विचार किए जाने का इशारा किया। हालांकि अभिषेक की स्थिति एक झटका है, लेकिन भारत को दूसरे मोर्चों पर अच्छी खबर मिली है। पेस स्पीयरहेड जसप्रीत बुमराह, जो बीमारी के कारण अमेरिका मैच से चूक गए थे।

# देहरादून ने गंवाया रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल की मेजबानी का मौका

**देहरादून, वार्ता।** बीसीसीआई के पिच क्यूरेटर ने उत्तराखंड में देहरादून के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का दौरा करने के बाद मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यहां के मैदान की हालत को बेहद निराशाजनक बताया है। इससे यहां रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल की मेजबानी को लेकर झटका लगा है। क्यूरेटर राक. ेश कुमार ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा कि स्टेडियम की पिच और आउटफील्ड का स्तर इतना खराब है कि यहां सेमीफाइनल जैसा महत्वपूर्ण मुकाबला आयोजित नहीं किया जा सकता। बीसीसीआई की निरीक्षण टीम के अनुसार, ग्राउंड का रखरखाव मानकों के अनुरूप नहीं है, जिसके चलते इसे उच्च स्तरीय क्रिकेट के लिए अनुपयुक्त घोषित कर दिया गया है। इस फैसले के बाद अब यह मैच उत्तराखंड के बजाय उत्तर प्रदेश में शिफ्ट होने की पूरी संभावना है। सूत्रों की मानें तो बीसीसीआई अब इस सेमीफाइनल को कानपुर के ऐतिहासिक ग्रीन पार्क या लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आयोजित करने पर विचार कर रहा है। इस घटनाक्रम ने राज्य के खेल प्रेमियों और क्रिकेट विशेषज्ञों को गहरे असमंजस में डाल दिया है। एक क्रिकेट विशेषज्ञ ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि उत्तराखंड के लिए अपनी खेल सुविधाओं को प्रदर्शित करने का यह एक अवसर था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जोकोविच के बाद सिलिच 600 जीत हासिल करने वाले बने दूसरे सक्रिय खिलाड़ी

**डलास, वार्ता।** नेक्सो डलास ओपन में लर्नर टिएन के खिलाफ मिली मारिन सिलिच की 600वीं टूर-लेवल जीत, उनकी कंसिस्टेंसी और लंबे समय तक टिके रहने की झलक है, इन खूबियों ने उन्हें आज के महान खिलाड़ियों में जगह बनाने में मदद की है। एटीपी टूर पर दो दशकों में, जिसका ज्यादातर हिस्सा 'बिग थ्री' युग में मुकाबला करते हुए बीता, क्रोएशियाई खिलाड़ी न केवल टिका रहा, बल्कि आगे भी बढ़ा है। 37 साल के सिलिच इस खेल के सबसे कड़े कॉम्पिटिटर में से एक हैं, जिनके पास उतनी ही जबरदस्त बेसलाइन फायरपावर है। साथ ही, 21 बार टूर-लेवल टाइटल जीतने वाले सिलिच शांत अंदाज, आसान मुस्कान और सच्ची दयालुता के बीच संतुलन बनाते हैं, जो खिलाड़ियों और फैंस दोनों को पसंद आता है।

### झारेड हैक डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में आधी बढ़त पर

**नई दिल्ली, वार्ता।** अमेरिकी झारेड हैक लगातार दूसरे दिन बोगी-फ्री रहे और नई दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में खेली जा रही 1-5 करोड़ रुपये की डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में आधी बढ़त पर पहुंच गए। झारेड हैक (64-63), जो पिछले हफ्ते नया रायपुर में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के सीजन-ओपनर में अपनी जीत के बाद फेश थे, बुधवार को फिजिकली अच्छी शेप में नहीं थे, लेकिन फिर भी अपने पहले राउंड के 64 के स्कोर के बाद दूसरे दिन और भी बेहतर सात-अंडर 63 के साथ अपना टोटल 13-अंडर 127 कर लिया और इस तरह रात भर की अपनी टाई की हुई तीसरी पोजीशन से दो स्पॉट ऊपर आ गए। हनी बैसोया (63-65), जो पिछले हफ्ते छत्तीसगढ़ में तीसरे नंबर पर थे, ने दिल्ली में भी अपना जलवा जारी रखा और दूसरे राउंड में 65 का स्कोर करके अपनी दूसरी पोजिशन बनाए रखी।

# द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हराया



● द. अफ्रीका ने दूसरे सुपर ओवर में जीत हासिल करके टी-20 विश्व कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक जीत लिया

**अहमदाबाद, वार्ता।** रहमानुल्लाह गुरबाज की बीच में बल्ले से कई धमाकेदार पारी बेकार गई, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को अहमदाबाद में दूसरे सुपर ओवर में जीत हासिल करके टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक जीत लिया। यह मुकाबला, जिसमें पेंडुलम कई बार किसी भी दिशा में घूमा, जिसके खत्म होने का कई बार वादा किया गया था, आखिरकार दूसरे सुपर ओवर की आखिरी गेंद पर तय हुआ। मैच आखिरी ओवर की पहली गेंद पर ही खत्म हो सकता था, जब कगिसो रबाडा ने नूर अहमद को कवर पर कैच कराया। लेकिन पेसर ने ओवरस्टेप कर दिया था। यह अफगानिस्तान के लिए राहत की बात थी, जो आखिरी ओवर में सिर्फ एक विकेट के साथ 13 रन का पीछा कर रहा था। यह पहले सुपर ओवर की आखिरी बॉल पर भी खत्म हो सकता था, लेकिन साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 7 रन चाहिए थे और 18 रन का पीछा कर रहे थे, ट्रिस्टन स्टब्स - जिन्होंने तब तक कोई बॉल नहीं खेली थी - ने फजलहक फारूकी की बॉल पर सीधा छक्का जड़ दिया। एक बार फिर, दूसरे सुपर ओवर में चार बॉल बाकी रहते हुए, मैच का फैसला हो गया लग रहा था। जीत के लिए 24 रन का पीछा करते हुए, अफगानिस्तान पहली दो बॉल पर रन नहीं बना सका - और मोहम्मद नबी का विकेट भी गंवा दिया। साउथ अफ्रीका को बस एक डॉट बॉल की जरूरत थी। लेकिन यह खत्म नहीं हुआ। गुरबाज, जिन्होंने पहले 42 बॉल में 84 रन बनाए थे और अफगानिस्तान के लिए लक्ष्य का पीछा करने की शुरुआत की थी, ने तीन बॉल पर तीन छक्के मारे और आखिरी बॉल पर 6 रन की जरूरत को कम करके मैच अपने नाम कर लिया। महाराज, गुरबाज के हिटिंग आर्क से दूर जाने की कोशिश में, वाइड बॉल फेंक बैठे, जिससे एक और चांस बन गया कि मुकाबला इतना बराबरी का होगा कि आखिर में टाई हो जाएगा, और यह तीसरे सुपर ओवर में जाएगा। महाराज ने आखिरी गेंद गुरबाज के आर्क से दूर भेजी, जिसने उसे पॉइंट पर डेविड मिलर के हाथों में मार दिया। अब पीछे मुड़कर देखने पर अ फगानिस्तान को कई फैसलों का पछतावा हो सकता है। सबसे पहले, सुपर ओवर में राशिद खान को बॉलिग न करने का फैसला। दूसरा वाला, खासकर, उनके लिए बहुत महंगा साबित हुआ क्योंकि अजमतुल्लाह उमरजई दबाव में अपनी लेंथ मिस कर गए, और मिलर और स्टब्स दोनों ने उन्हें सही सजा दी। और फिर, एक बड़ा काम हाथ में होने पर, नबी आखिरी सुपर ओवर में पारी की शुरुआत करने उतरे, यह फैसला महंगा साबित हुआ। फिर भी, अ फगानिस्तान ने मुकाबले को जितना गहरा खींचा, वह अपने आप में तारी फ के काबिल है।

# मार्श के चोटिल होने पर स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया ने कवर के तौर पर बुलाया



● मार्श को इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रेनिंग के दौरान ग्रोइन में चोट लगी थी

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टीवन स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया की टी 20 वर्ल्ड कप टीम में कवर के तौर पर बुलाया गया है, क्योंकि कप्तान मिशेल मार्श आयरलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच से बाहर हो गए थे।

मार्श को इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रेनिग के दौरान ग्रोइन में चोट लगी थी, जिससे टेस्टिकुलर ब्लीडिग हुई है। मार्श ने मंगलवार को तय समय पर मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। लेकिन कोलंबो में टॉस से ठीक 15 मिनट पहले उनके मैच से बाहर होने की खबर आई। सीएके एक बयान में कहा गया कि उन्हें (मार्श) लगातार दर्द और बेचैनी हो रही है, जिससे उनका मूवमेंट रुक रहा है।स्कैन से टेस्टिकल में अंदरूनी ब्लीडिग की पुष्टि हुई है, और उन्हें आराम और रिहैबिलिटेशन के लिए कुछ समय की जरूरत होगी। उनकी वापसी लक्षणों के ठीक होने और मेडिकल सलाह से तय होगी। स्टैंडबाय खिलाड़ी स्टीवन स्मिथ जरूरत पड़ने पर श्रीलंका जाकर मौसम के हिसाब से ढलने और तैयारी करने के लिए कवर के तौर पर जाएंगे। मार्श के न होने का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया असल में अपने शुरुआती मैच के लिए सि र्फ 12 खिलाड़ियों में से चुन रहा है, जोश हेजलवुड को अभी तक टीम में ऑफिशियली रिप्लेस नहीं किया गया है और टिम डेविड को हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण शुक्रवार को जम्बिाब्वे के मैच के लिए रोक दिया गया है, जिससे उनका बीबीएल खत्म हो गया था। सीन एबॉट हैं, लेकिन एक ट्रैवलिग रिजर्व के तौर पर और अभी तक टीम का ऑफिशियल हिस्सा नहीं हैं।

# वानखेड़े प्रकरण लेकर भारतीय बल्लेबाज ज्यादा नहीं सोचें



● संजय बांगर ने नामीबिया के खिलाफ भारत की प्लेइंग इलेवन में संभावित बदलावों पर अपने विचार शेयर किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने कैंपेन के पहले मैच में अमेरिका को 29 रन से हराया, लेकिन अपनी बैटिग इनिंग्स के दौरान एक समय वे मुश्किल में थे। जियोस्टार के 'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोस्टार एक्सपर्ट्स संजय बांगर और पीयूष चावला ने बैटर्स के लिए सीख और नामीबिया के खिलाफ भारत की प्लेइंग इलेवन में संभावित बदलावों पर अपने विचार शेयर किए। संजय बांगर ने कहा कि अमेरिका के खिलाफ मैच के बाद भारतीय बैट्समैन को अपने अप्रोच के बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि भारतीय बैट्समैन कोअमेरिका के खिलाफ वानखेड़े में जो हुआ, उसके बारे में ज्यादा सोचना चाहिए, क्योंकि आजकल टी-20 क्रिकेट में यह भारतीय बैटिग लाइन-अप जिस अप्रोच से खेलता है, वह जाहिर तौर पर रिस्क से भरा है। ऐसे दिनों में, जब कुछ विकेट गिर जाते हैं, और आप फिर भी जोरदार खेलना चाहते हैं, तो आप क्लस्टर में विकेट खो देते हैं। अगर कोई एक सीख है, तो वह यह है कि शायद थोड़ा धीमा हो जाएं, लेकिन अपने अप्रोच पर ज्यादा शक न करें, क्योंकि उस निडर स्टाइल ने आपको बहुत सफलता दिलाई है। अपनी काबि. लियत पर भरोसा करते रहें और उसी तरह खेलते रहें जैसे यह भारतीय बैटिंग यूनिट पिछले 18 महीनों में टी-20 क्रिकेट में खेलती आई है। वॉशिगटन सुंदर की बेहतर फिटनेस और प्लेइंग इलेवन में संभावित बदलावों पर बांगर ने कहा कि यह बहुत अच्छी खबर है कि वॉशिगटन सुंदर टीम में शामिल होने जा रहे हैं, क्योंकि इंडियन मैनेजमेंट ने उनके साथ सब्र रखा है और उन्हें उनकी काबिलियत पर बहुत भरोसा है। टूर्नामेंट की शुरुआत में उनके न होने के बावजूद उन्हें टीम में बनाए रखना दिखाता है कि वे एक जैसा टीम कॉम्बिनेशन बनाए रखना चाहते हैं। अगर, मान लीजिए, एक स्पिन-बॉलिग ऑलराउंडर की जरूरत होती है, तो वॉशिगटन सुंदर जरूर आ सकते हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह दिल्ली में खेलेंगे। मुझे पक्का लगता है कि जसप्रीत बुमराह प्लेइंग इलेवन में जगह बना लेंगे, और इन-फॉर्म मोहम्मद सिराज के बाहर रहने की संभावना है। बांगर ने भारत की बैटिग लाइन-अप पर कहा कि जब मैं इस इंडियन बैटिग लाइन-अप को देखता हूं, तो इसमें मैच्योरिटी के साथ-साथ निडरता का भी शानदार मिक्स है। अब, मैच्योरिटी के मामले में, आपके पास ऐसे प्लेयर्स हैं जो सिचुएशन की जरूरतों के हिसाब से खुद को एडजस्ट कर सकते हैं। तिलक वर्मा उसी तरह बैटिग करते हैं, जैसे सूर्या और हार्दिक करते हैं। इसलिए, अगर इंडिया फिर से खुद को ऐसी ही सिचुएशन में पाता है, तो इन तीनों में से किसी एक पर इनिग्स को थोड़ा संभालने की जम्मिेदारी हो सकती है, जबकि उनके आस-पास के बैट्समैन वैसे ही खेलते रहेंगे जैसे वे खेलते आ रहे हैं। यह कुछ ऐसा है जिस पर टीम और बैटिग ग्रुप आगे बात कर सकते हैं। पीयूष चावला ने माना कि दिल्ली में ओस एक बहुत बड़ा फैक्टर होगी उन्होंने कहा,ष्ओस एक बड़ा फैक्टर होगी क्योंकि दिल्ली में इस समय मौसम थोड़ा ठंडा है, और यह निश्चित रूप से शाम के गेम्स में एक बड़ा रोल निभाती है। जो कैप्टन टॉस जीतेगा, वह शायद पहले बॉलिंग करने का ऑप्शन चुनेगा, क्योंकि जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ेगा।

### हसरंगा के बिना खेलने उतरेगा श्रीलंका

**पल्लेकेले, वार्ता।** श्रीलंका का कैंपेन शहर बदल रहा है, लेकिन ऐसा शक के घेरे में है। वानिदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं, जो को-होस्ट के लिए एक बड़ा झटका है, ठीक वैसे समय में जब टूर्नामेंट आकार लेना शुरू कर रहा है।


**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून-248001, दूरभाष : 0135-2763672-75, फैक्स 0135-2760289, कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SGC025867/2358, वेबसाईट www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा सूचना**
**निविदा विशिष्टीकरण संख्या सीसीपी-II/20/2025-2026**

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, देहरादून निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है जिसका विवरण निम्नवत है :-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. करोड़) | विगत तीन वित्तीय वर्षों का औसत टर्न ओवर (रू. करोड़) | धरोहर राशि (रू. लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू.) | निविदा से पूर्व आयोजित सभा की तिथि एवं समय | निविदा क्रय करने एवं निविदा प्रपत्र आनलाईन एवं आफलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफ लाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पावर परचेज के क्लाउड आधारित स्वचालित मासिक बीजक सत्यापन हेतु सॉफ्टवेयर/एप्लिकेशन के डिजाइन, डेवलमेंट एवं कार्यान्वयन हेतु एक वर्ष के लिए एजेंसी की नियुक्ति एवं पावर परचेज के पिछले पांच वर्षों के बीजकों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण। | 2.48 | 4.00 | 4.96 | 11 800 | 21.02.2026 को 12:30 बजे | 27.02.2026 को 17:00 बजे तक | 28.02.2026 को 15:30 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।
**अधीक्षण अभियन्ता**
**No.: 122/EE(CM)/UPCL/A-2 Dated : 11.02.2026**
**कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)**

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. का बल्ब प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1800 419 0405) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें।)

# खेड़ाजट फायरिंग में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली मंगलौर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेड़ाजट में 3 फरवरी 2026 की शाम हुए चर्चित फायरिंग प्रकरण में पुलिस को एक और अहम सफलता हाथ लगी है। मामले में पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, वहीं अब पुलिस टीम ने घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों को भी दबोच लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में सटीक सूचना और सक्रिय कार्रवाई के चलते पुलिस ने पवन रथी पुत्र नरेंद्र राठी निवासी ग्राम नारसन कला, कोतवाली मंगलौर तथा नितिन उर्फ चिंटू पुत्र कपिल निवासी ग्राम खेड़ाजट, कोतवाली मंगलौर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को सफल बनाने में उप निरीक्षक हेमदत्त भारद्वाज, कांस्टेबल सुधीर और कांस्टेबल पंकज की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और प्रकरण में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की भी जांच की जा रही है।



## कार की चपेट में आकर स्कूटी सवार युवती घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम माजरा के पास कार की चपेट में आने से इलेक्ट्रिक स्कूटी सवार दो युवती घायल हो गई ।घायलों को वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया ।परिजनों के आने पर दोनों को रुड़की डॉक्टर के यहां ले जाया गया। ग्राम बिलासपुर निवासी दो युवती स्कूटी से रुड़की किसी काम से जा रही थी। जैसे ही वह ग्राम माजरा मोड पर आई तो एक कार की चपेट में आ गई। कार की चपेट में आने से स्कूटी सवार दोनों युवती गीता व माही स्कूटी सहित सड़क पर गिर गई तथा घायल हो गई। दोनों घायलों को वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा डॉक्टर के यहां ले जाया गया। बाद में युवती के परिजनों के आने पर घायलों को रुड़की डॉक्टर के यहां इलाज हेतु भर्ती कराया गया है।

# समाजसेवी को जान से मारने की धमकी, फार्म हाउस से मजदूर भगाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली मंगलौर क्षेत्र के ग्राम झबीरण में एक वर्षीय सेवानिवृत्त उप शिक्षा निदेशक एवं समाजसेवी ने गांव के ही एक व्यक्ति पर लगातार धमकाने, गाली-गलौज करने, फार्म हाउस पर काम रुकवाने और सरकारी सोलर लाइट चोरी कराने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित का कहना है कि पूर्व में दर्ज मुकदमे के बाद से आरोपी रंजिश रखे हुए है और मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। ग्राम झबीरण निवास अतर सिंह, ने बताया कि उन्होंने पूर्व में ग्राम कुरड़ी-झबीरण रोड पर लगे एक सरकारी हैंडपंप की चोरी के मामले में प्रशांत उर्फ मोनू पुत्र चन्द्रभान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में मंगलौर कोतवाली में मु0अ0सं0 0392/24 पंजीकृत हुआ था। आरोप है कि तभी से प्रशांत उर्फ मोनू उनसे रंजिश रखने लगा और मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाने लगा।आरोपी कई बार पीड़ित के साथ अभद्र व्यवहार कर सके। पीड़ित का कहना है कि आरोपी का क्षेत्र में प्रभाव होने के कारण ग्रामीण खुलकर गवाही देने से कतराते हैं। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली मंगलौर से आरोपी के विरुद्ध गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी, कार्य में बाधा पहुंचाने एवं चोरी जैसे गंभीर आरोपों में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है इसके आधार पर निष्पक्ष जांच व कठोर कार्रवाई की मांग की है

# सोलर प्लांट में चोरी का विरोध करने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाने में तहरीर देकर तीन लोगों पर गाली गलोच व मारपीट करने तथा सोलर प्लांट में चोरी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम भलस्वागाज निवासी राजीव राणा द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि वह ग्राम भलस्वा गाज के पास स्थित सोलर प्लांट में ए एस ओ सुरक्षा कर्मी के पद पर कार्य करता हूं। दो फरवरी की रात्रि लगभग 12:00 बजे प्लांट में ड्यूटी दे रहे सुरक्षा गार्ड सुपरवाइजर ओवन कुमार राउंड पर थे। उसने देखा कि प्लांट में तीन लोग वायर काट कर चोरी करने का प्रयास कर रहे हैं। सुपरवाइजर द्वारा उक्त लोगों को चोरी करते देखा तो शोर मचा दिया ।शौर होने पर उक्त तीनों लोग वहां से खेतों की तरफ चले गए। सुपरवाइजर द्वारा मुझे फोन कर बुलाया। घटनास्थल पर पहुंचा तो घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही वह कुछ लोगों को लेकर वायर काट रहे लोगों का पीछा कर उन्हें प्लांट से लगभग 100 मीटर दूर गन्ने के खेत में पकड़ लिया ।उक्त तीनों विमल कुमार सुमित कुमार व मुकेश कुमार ग्राम बाल्लूपुर निवासी थे। सोलर प्लांट में चोरी करने के संबंध में पूछताछ करने पर उक्त लोगों द्वारा हमारे साथ गाली गलोज व मारपीट कर भाग गए। उक्त लोगों में सुमित कुमार पूर्व में इसी प्लांट में हमारे साथ ही नौकरी करता था। जिसे चोरी करने के शक में हटा दिया गया था ।जिससे उक्त लोग पहले से ही हमारे साथ रंजिश रखते हैं। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# बिजली विभाग के खिलाफ गरजे किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सभारतीय किसान यूनियन (रोड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम सिंह रोड ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए विभाग पर किसानों और ग्रामीणों का उत्पीड़न करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी और तानाशाही रवैये से किसान और गरीब परिवार बुरी तरह त्रस्त हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विद्युत विभाग कार्यालय में आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान पदम सिंह रोड ने कहा कि विभाग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं और उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी के झूठे आरोप लगाकर उनका मानसिक और आर्थिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले से ही महंगाई और फसल के उचित दाम न मिलने से किसान परेशान हैं, ऐसे में बिजली विभाग की सख्ती उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिना उचित जांच-पड़ताल के बिजली चोरी के नाम पर नोटिस थमाए जा रहे हैं और भारी-भरकम जुर्माना लगाया जा रहा है। इससे गरीब परिवारों में भय और आक्रोश का माहौल है। पदम सिंह रोड ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि बिजली विभाग ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया और किसानों-गरीबों का उत्पीड़न बंद नहीं किया, तो भारतीय किसान यूनियन सड़क से लेकर सदन तक बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो प्रदेश स्तर पर विशाल धरना-प्रदर्शन और घेराव किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी। धरना-प्रदर्शन में मौजूद किसानों और ग्रामीणों ने भी बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी समस्याएं रखीं। किसानों ने मांग की कि जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तत्काल रोकी जाए, बिजली चोरी के नाम पर हो रहे उत्पीड़न पर अंकुश लगाया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित व पारदर्शी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।



# 4.5 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए हरिद्वार पुलिस लगातार सख्त अभियान चला रही है। इसी कड़ी में कोतवाली भगवानपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.5 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 10 फरवरी 2026 को प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान ईदगाह कॉलोनी, भगवानपुर क्षेत्र से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे जब्बार उर्फ कल्लू पुत्र जफर निवासी ईदगाह कॉलोनी शाहपुर, भगवानपुर, जनपद हरिद्वार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 4.5 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया तथा उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रदीप चौहान, कांस्टेबल दीपक ममंगाई और कांस्टेबल राजेन्द्र वर्मा शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि "ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान" के तहत मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# डीएम व सीडीओ ने दिए प्रेरक संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बोर्ड परीक्षार्थियों को कठिन विषयों की सरल एवं प्रभावी तैयारी उपलब्ध कराने हेतु संचालित "मिशन ज्ञान गंगा" की प्रगति की 'आज आयोजित समीक्षा बैठक' में जिला प्रशासन ने इस अभिनव पहल को शिक्षा क्षेत्र में एक सकारात्मक परिवर्तनकारी कदम बताया। बैठक में डिजिटल माध्यम से तैयार किए जा रहे विषयख्रआधारित वीडियो कंटेंट की पहुँच, उपयोगिता एवं प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की गई।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि मिशन ज्ञान गंगा विद्यार्थियों के लिए 'सुगम, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री' उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से कठिन विषयों को सरल रूप में प्रस्तुत करना समय की आवश्यकता है। यह पहल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ा रही है और परीक्षा तैयारी को अधिक व्यवस्थित बना रही है। सामूहिक सहभागिता से यह अभियान और व्यापक रूप लेगा। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्रा'' ने कहा कि यह मिशन केवल परीक्षा उन्मुख प्रयास नहीं, बल्कि 'अवधारणात्मक समझ विकसित करने की दिशा में एक दूरदर्शी पहल' है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा व्हाट्सऐप समूहों, फेसबुक पेज और अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए शैक्षिक वीडियो का प्रसार विद्यार्थियों तक ज्ञान की समान पहुँच सुनिश्चित कर रहा है। शिक्षकों और स्वयंसेवी टीम की प्रतिबद्धता सराहनीय है, जो शिक्षा को आधुनिक और प्रभावी बना रही है। डायट रूड़की के प्राचार्य मेराज अहमद ने बताया कि मिशन के अंतर्गत गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं भाषा जैसे विषयों के जटिल अध्यायों को स्थानीय संदर्भ, दृश्यख्रश्रव्य प्रस्तुति और सरल व्याख्या के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा विद्यार्थियों की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कंटेंट तैयार किया जा रहा है। प्रारंभिक प्रतिक्रियाएँ अत्यंत उत्साहजनक हैं, जो इस पहल की उपयोगिता को सिद्ध करती हैं। बैठक में मिशन से स्वयंसेवी रूप से जुड़े शिक्षकों और सहयोगी टीम के प्रयासों की सराहना की गई। जिला प्रशासन ने जनपद के सभी शिक्षकों, शिक्षाविदों, विषय विशेषज्ञों तथा यूट्यूबर कंटेंट क्रिएटर्स से आह्वान किया कि वे कक्षाख्रआधारित उपयोगी शैक्षिक वीडियो तैयार कर डायट रूड़की को उपलब्ध कराएं, ताकि इसे व्यापक स्तर पर विद्यार्थियों तक पहुँचाया जा सके।



# देहरादून में 16 फरवरी को विधानसभा घेराव करेंगे कांग्रेसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह के नेतृत्व में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें 16 फरवरी को देहरादून भारी संख्या में चलने का आह्वान किया। हरिद्वार ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने कहा कि 16 फरवरी को सभी देहरादून में विधानसभा घेराव करेंगे। उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार लोगों को गुमराह कर रही हैं उन्होंने कहा केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदल दिया गया है और आहिस्ता आहिस्ता उसको खत्म करने की साजिश है उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार ने लोगों की नौकरी खत्म कर दी है कोई विकास कार्य इनके पास नहीं है इनके द्वारा अभी तक क्षेत्र में कोई विकास कार्य बड़ा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा यह डबल इंजन की सरकार स्कूल बनाने की बजाए स्कूल बंद कर रही है उन्होंने यह भी कहा कि यह सरकार कुछ दिनों की मेहमान है उन्होंने सभी को यह भी कहा कि 16 फरवरी को देहरादून में सभी कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा संख्या में देहरादून पहुंचे जिससे इस सरकार के पैर उखड़ जाएं वहां पर मीटिंग में जो मुख्य व्यक्ति मौजूद थे उनमें गुफरान अंसारी विनोद कुमार फिरोज सिद्दीकी अकिल हसन जगदेव सिंह उर्फ जग्गी ताहिर हसन संजय सैनी जिला पंचायत मेंबर रईस अहमद प्रधान बाबा रवि चौधरी एहसान आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



# बच्चों के विवाद में बड़ों में हुई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में एक मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। इमली रोड पर बच्चों के बीच शुरू हुई कहासुनी ने देखते ही देखते दो पक्षों के परिवारों को आमने-सामने ला खड़ा किया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे और हालात बेकाबू हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि, पहले बच्चों में बहस हुई थी, लेकिन कुछ ही देर में उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि कुछ लोग एक-दूसरे के घरों तक पहुंच गए और वहां भी हाथापाई की। इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में अपने घरों में दुबक गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। भीड़ को तितर-बितर करने और स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात शुरुआती जानकारी के अनुसार बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। बाद में उनके परिवार के लोग भी इसमें शामिल हो गए, जिससे मामला बढ़ गया। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

# कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन के मुद्दा उठाने के बाद लक्सर में सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जनपद हरिद्वार में लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और अवैध रूप से संचालित वाहनों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के स्पष्ट निर्देश पर लक्सर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई को हाल के दिनों में हुई दुर्घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में बेहद गंभीर और निर्णायक कदम माना जा रहा है। शासन स्तर से भी स्पष्ट संकेत दिए गए हैं कि नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों और अवैध खनन से जुड़े डंपरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी के निर्देश पर परिवहन विभाग की टीम ने सड़कों पर उतरकर बिना नंबर प्लेट, ओवरलोड तथा नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की। अभियान का नेतृत्व एआरटीओ कृष्ण चंद्र पलड़िया द्वारा किया गया, जबकि एआरटीओ कृष्ण कुमार पडियाल भी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर जांच कार्रवाई की निगरानी करते रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध रूप से संचालित भारी वाहनों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।अब तक 10 से 20 वाहनों को सीज किया जा चुका है, जबकि कई वाहनों के चालान भी काटे गए हैं। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि यह कार्रवाई एक दिन की औपचारिकता नहीं बल्कि निरंतर अभियान का हिस्सा है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं में हो रही जनहानि को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है और भविष्य में भी ऐसे विशेष अभियान जारी रहेंगे।दो दिन पूर्व खानपुर के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन ने सोशल मीडिया के माध्यम से बिना नंबर प्लेट सड़कों पर दौड़ रहे अवैध खनन से जुड़े डंपरों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने वीडियो जारी कर शासन-प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की थी और चेतावनी दी थी कि यदि प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो वह मुख्यमंत्री से मिलकर इस मामले को उठाएंगे।पूर्व विधायक द्वारा मामला सार्वजनिक किए जाने के बाद प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए व्यापक चेकिंग अभियान शुरू किया, जिसे अब जिलाधिकारी के निर्देश पर तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है।

# आईआईटी रुड़की के शोध में हिमालयी मौसम में बड़े बदलाव के संकेत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की के ताजा शोध ने हिमालयी क्षेत्र की मौसम प्रणालियों में उभरते जलवायु संकेतों का खुलासा करते हुए पश्चिमी विक्षोभों के बदलते स्वरूप पर गंभीर चिंता जताई है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ क्लाइमेटोलॉजी में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पारंपरिक रूप से शीतकालीन हिमपात से जुड़े पश्चिमी विक्षोभ अब प्री-मानसून अवधि में भी अधिक सक्रिय हो रहे हैं, जिससे वर्षा के मौसमी संतुलन में परिवर्तन आ रहा है। शोध के अनुसार जलवायु ऊष्मायन के प्रभाव से ये मौसम प्रणालियाँ लंबी दूरी तय कर अधिक नमी एकत्रित कर रही हैं, जिसके कारण मार्च से मई के बीच वर्षा में वृद्धि देखी जा रही है। इससे हिमालय की नाजुक पारिस्थितिकी में अचानक बाढ़, भूस्खलन और अत्यधिक वर्षा जैसी आपदाओं का जोखिम बढ़ सकता है, साथ ही निचले क्षेत्रों में जल उपलब्धता भी प्रभावित हो सकती है। सात दशकों से अधिक के वायुमंडलीय और वर्षा संबंधी आंकड़ों के विश्लेषण में शोधकर्ताओं ने पश्चिमी विक्षोभों के मार्ग, संरचना और व्यवहार में स्पष्ट बदलाव दर्ज किए हैं। इनमें तेज ऊपरी हवाएँ, अधिक नमी अवशोषण और पारंपरिक शीतकालीन अवधि से बाहर भी वर्षा की तीव्रता शामिल है। जल विज्ञान विभाग की पीएचडी शोधार्थी स्पंदिता मित्रा ने कहा कि अनियमित वर्षा और अचानक चरम मौसम घटनाएँ इन व्यापक वायुमंडलीय परिवर्तनों को दर्शाती हैं। उन्होंने 2023 की हिमाचल बाढ़ और 2025 की उत्तराखंड बाढ़ को ऐसे बढ़ते प्रभावों का उदाहरण बताया। प्रधान अन्वेषक प्रो. अंकित अग्रवाल ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभों में हो रहे मौसमी और संरचनात्मक परिवर्तन जल संसाधनों, आपदा जोखिम और क्षेत्रीय संवेदनशीलता पर दूरगामी असर डाल सकते हैं। वहीं, आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत ने वैज्ञानिक निष्कर्षों को नीति निर्माण और आपदा तैयारी से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। अध्ययन हिमालयी राज्यों के लिए जलवायु मॉडल, पूर्वानुमान तंत्र और आपदा प्रबंधन रणनीतियों की पुनर्समीक्षा की तात्कालिक जरूरत को रेखांकित करता है। शोधकर्ताओं का मानना है कि बदलते मौसम पैटर्न से निपटने के लिए विज्ञान, शासन और अवसंरचना के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक होंगे, ताकि संवेदनशील पर्वतीय क्षेत्रों में जीवन, आजीविका और पारिस्थितिकी तंत्र सुरक्षित रह सकें।

**खोया-पाया-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे बैनामे की मूल प्रति जहूर हसन पुत्र रफीक रियासत अली पुत्र जलालुद्दीन तस्लीम पुत्र जमील हसन वॉल्यूम नंबर 1202 पेज 53 से 72 सीरियल नंबर 4847 दिनांक 19. 06. 2012 वास्वत में कहीं खो गया है जिसका प्रयोग किसी दूसर को अवैध होगा।

**फुरकान पुत्र अब्दुल हमीद नि. बसेड़ी खादर तह. लक्सर, हरिद्वार**

# 'पुलिस आपके द्वार' अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक

# महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर हरिद्वार पुलिस लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे "पुलिस आपके द्वार" अभियान के अंतर्गत कोतवाली रुड़की पुलिस टीम ने आज दिनांक 11 फरवरी 2026 को मेथोडिस्ट कॉलेज, रुड़की में एक विशेष जागरूकता चौपाल का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े अधिकारों, कानूनों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देना तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित करना रहा। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से खुलकर संवाद किया और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने व किसी भी प्रकार की असहज स्थिति में चुप न रहने की सलाह दी। इस अवसर पर उप निरीक्षक अंशु चौधरी ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि पहले से जागरूकता के माध्यम से अपराध की संभावनाओं को समाप्त करना है। उन्होंने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन, साइबर अपराध से बचाव और आत्मरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में उप निरीक्षक चंद्रमा, महिला कांस्टेबल दीपा शर्मा एवं कांस्टेबल 51 अमित रावत भी उपस्थित रहे। पुलिस टीम ने छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्हें हर परिस्थिति में पुलिस सहयोग का भरोसा दिलाया।



# श्री साईं सेवा मण्डल ने लगाया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्री साईं सेवा मण्डल ट्रस्ट (रजि.) रुड़की द्वारा चावमंडी स्थित गौशाला परिसर में 10वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 117 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

कार्यक्रम में पहुंचे विधायक प्रदीप बत्रा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है, जो जरूरतमंदों को नया जीवन देता है। उन्होंने साईं सेवा मण्डल के इस सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं तथा युवाओं को भी प्रेरित करते हैं। व्यापार मण्डल अध्यक्ष एवं मंडल के संरक्षक अरविन्द कश्यप ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है और हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साईं सेवा मण्डल द्वारा लगातार ऐसे शिविर आयोजित कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई जा रही है, जो अत्यंत सराहनीय है। इस दौरान चौम्पियन सूरज रोड, पूर्व मेयर गौरव गोयल, साईं सेवा मण्डल अध्यक्ष पारस सोई, महासचिव खुशहाल मिगलानी, कोषाध्यक्ष नितिन चौहान, मुख्य सदस्य जीतेश ग्रोवर, अंकुर सखूजा, सचिन अरोड़ा, सुमित अरोड़ा, नीटू आहूजा, रोहित कुमार, अरुण कुमार, सौरभ सबरवाल, रवि सोनकर, अंशुल मित्तल, अंशुल सोनकर, रोहित कुकरेजा सहित ट्रस्ट के सभी सदस्य मौजूद रहे



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ट्रेड पर रार

बुधवार को लोकसभा में राहुल गांधी ने बजट 2026 पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने अमेरिका संग हालिया ट्रेड डील से लेकर वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी। राहुल गांधी ने आम बजट और वित्त मंत्रालय की ओर से पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र किया, उनका कहना था कि इसमें उन्हें मुख्य रूप से दो बिन्दु दिखाई दिए, पहला बिन्दू बताता है कि हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है। इसका मतलब है कि अमेरिका को आज रूस व चीन से बड़ी चुनौती मिल रही है। जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है। राहुल का यह भी कहना था कि आज हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। ऐसा कहते हुए उन्होंने रूस और इरान का उदाहरण दिया और याद दिलाया कि पीएम और एनएसए ने कुछ समय पहले कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका है, लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है और इरान में संघर्ष हो रहा है। यानि में स्थिरता से अस्थिरता की ओर जा रहे हैं। उन्होंने भारत का जिक्र करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं। डॉलर को चुनौती दी जा रही है। जैसाकि मेरे कुछ दोस्त समझते हैं। इस तरह हम दो सुपर या कई सुपर पॉवर वाले दौर में जा रहे हैं। उन्होंने अमेरिकी ट्रेड पर भी खुलकर बात की। ट्रेड को लेकर अभी मिली जुली प्रतिक्रिया आ रही है। अमेरिका की तरफ से नई-नई बातें सामने आ रही हैं, जो कई बार भारत को भी असहज करती हैं। अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी फैक्ट शीट में फिर बदलाव किए हैं और पहले जिन बातों का साफ जिक्र था अब उन्हें हटा दिया गया है या उसकी भाषा बदल दी गई है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत-अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा जिसमें दाल भी शामिल थी, अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा दिया गया है। इसी तरह 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदल गई है। पहले लिखा था कि भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए कमिटिड है, अब इसे बदलकर इरादा रखता है कर लिया गया है। भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे इस पर निगरानी के लिए ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें वाणिज्य मंत्री, विदेश मंत्री व वित्त मंत्री शामिल हैं। अगर इनको लगता है कि भारत ने रूस से तेल का दोबारा इम्पोर्ट शुरू कर दिया है तो वह राष्ट्रपति ट्रम्प से दोबारा 25 फीसदी पैनल्टी लगाने के लिए कह सकते हैं। राहुल गांधी भी सरकार को ट्रेड पर घेर रहे हैं और उनकी नजर में भारत डॉलर को चुनौती देने के बजाए उसको मजबूती देने में लगा हुआ है।

## अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हम



हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है, यानी जो अमेरिका आधारित सिस्टम था, उसे चुनौती मिल रही है, उसे अब रूस और चीन फिर से चुनौती दे रहे हैं, दूसरा- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है, हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं, प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था, लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है, यानी हम स्थिरता से अस्थिरता की तरफ जा रहे हैं, देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं, हमने ऑपरेशन सिंदूर किया था, तो हम अस्थिरता की दुनिया में जा रहे हैं, हम सुपरपावर वाली दुनिया से किसी नई दुनिया में जा रहे हैं, जिसका हम अंदाजा नहीं लगा सकते।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# मन के विकार के निदान में उदासीनता





पंकज चतुर्वेदी

विकसित भारत के सामने आज जो प्रमुख चुनौतियां हैं उनमें सबसे ऊपर युवाओं की बिगड़ती मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति है। बकौल इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले 35 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में पाए जा रहे हैं। इन युवाओं के सामने काम का बदता दवाब, प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाओं जैसे पृष खड़े हैं और इनसे जूझते समय बड़ी संख्या में वे अवसाद , बैचेनी की गिरफ्त में आ जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह के मानसिक विकार होने पर रोगी समझ ही नहीं पाता कि उसके मन के साथ कुछ असामान्य है। कहने की जरूरत नहीं कि जिस तरह मानसिक रोग तेजी से फाइल रहे हैं, हमारे पास उस तुलना में चिकित्सक और इलाज के विकल्प गौण हैं। यही वजह है कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियां देश की बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण स्वीकार कर रहा है कि माकूल उपचार अधिकांश मरीजों की पहुंच से बाहर है। लैंसेट साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज स्टडी के अनुसार वर्ष 2017 में भारत में19।73 करोड़ लोग (कुल आबादी का लगभग 14.3 प्रतिशत) किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित थे। इनमें 4. 57 करोड़ अवसाद और 4.49 करोड़ बैचेनी के शिकार हैं । बेंगलुरु के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेस (निमहांस) के सर्वे में सामने आया है कि 13 से 17 वर्ष वाले लगभग 7.3 प्रतिशत किशोर किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित हैं। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा-दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं व डिजिटल जीवन-शैली इसके प्रमुख कारण हैं। सर्वाधिक खराब हालत राजधानी दिल्ली के हैं जहां 11.23 फीसदी आबादी मानसिक बीमारियों से जूझ रही है। यह बात दिल्ली सरकारी की सन 2025 की सालाना सांख्यिकी रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट कहती हैं कि राजधानी में कोई सात फीसदी लोगों का बौद्धिक विकास नहीं हो पाया है, जिससे उनके सीखने और रोजमर्रा के जीवन में कठिनाइयां झेलनी पड़ रहीं। अवसाद, चिंता और सिजोफ्रेनिया जैसी गंभीर मानसिक बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या 4.28 फीसदी हैं। मानसिक रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि दिल्ली में अकेलापन, सामाजिकता का अभाव के साथ -साथ प्रदूषण, ट्राफिक जाम , आर्थिक असमानता जैसे कारण तेजी से मानसिक रोगों को बढ़ा रहे हैं। बात अकेले राजधानी की नहीं हैं , देश के दूरस्थ अंचलों में छोटे गांव तक मानसिक विकार का विस्तार बेहद खतरनाक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा पश्चिम बंगाल के कृषि प्रधान क्षेत्रों में किया गया एक धीयन इसके मूल कारणों पर प्रकाश डालता है। अध्ययन कहता है कि जिन किसानों के खेतों में सप्ताह में एक बार कीटनाशक का छिड़काव होता है, उनमें डिप्रेशन, याददाश्त में कमी और रोजमर्रा की गतिविधियों में गिरावट का खतरा तीन गुना तक बढ़ जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) में प्रकाशित इस अध्ययन में आईसीएमआर का सरकार को सुझाव है कि किसानों को कीटनाशक छिड़कते समय सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए जाएं , साथ ही ग्रामीण इलाकों में कीटनाशक-जनित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य निगरानी कार्यक्रम शुरू किए जाएं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक शोध में कुछ साल पहले ही बताया दिया था कि देश में चौथी सबसे बड़ी बीमारी अवसाद या डिप्रेशन है। आज देश की सबसे बड़ी दूसरी बीमारी हार्ट अटैक के बाद अवसाद को कहा जा रहा है। बढ़ती जरूरतें, जिंदगी में बढ़ती भागदौड़, रिश्तों के बंधन ढ़ीले होनाय इस दौर की कुछ ऐसी त्रासदियां हैं जो इंसान को भीतर ही भीतर खाए जा रही है। ये सब ऐसे विकारों को आमंत्रित कर रहा है, जिनके प्रारंभिक लक्षण नजर आते नहीं हैं, जब मर्ज बढ़ जाता है तो बहुत देर हो चुकी होती है। विडंबना है कि सरकार में बैठे नीति-निर्धारक मानसिक बीमारियों को अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इसे हास्यास्पद कहें या शर्म कि जय विज्ञान के युग में मनोविकारों को एक रोग के बनिस्पत ऊपरी व्याधा या नियति समझने वालों की संख्या बहुत अधिक है। तभी ऐसे रोगों के इलाज के लिए डाक्टरों के बजाए पीर-फकीरों, मजार-मंदिरों पर अधिक भीड़ होती है । सामान्य डाक्टर मानसिक रोगों को पहचानने और रोगियों को मनोचिकित्सक के पास भेजने में असमर्थ रहते हैं। इसके चलते ओझा, पुरोहित, मौलवी, तथाकथित यौन विशेषज्ञ अवैध रूप से मनोचिकित्सक का दुष्कार्य कर रहे हैं। वैसे भारत में सन 1982 में मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम शुरू हुआ था लेकिन इसकी मंथर गति ने रोग को भयानक बना दिया। इतने लोगों के इलाज के लिए कोई 32 हजार मनोचिकित्सकों की जरूरत है, जबकि देशभर में इनकी संख्या बमुश्किल नौ हजार है यानी एक लाख पर एक से भी कम औसतन 0.75 डाक्टर। इनमें भी तीन हजार तो चार महानगरों तक ही सिमटे हैं। यह रोग भयावह है और इसका इलाज भी लंबे समय तक चलता है जोकि खर्चीला भी है। इसके बावजूद कोई भी स्वास्थ्य बीमा योजना में इसे शामिल नहीं किया गया। 15 जून 2020 को सुप्रीम कोर्ट से बीमा नियामक संस्था से यह पूछा भी है कि मानसिक रोग को बीमा सुविधा क्यों नहीं है। उधर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं बिल्कुल उपेक्षित हैं। हालांकि इस साल के बजट में इस दिशा में बहुत ध्यान दिया गया है । देश भर में 24 इनटू 7 परामर्श सेवाओं के लिए राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (टेली मानस) मद में 51.14 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसके अलावा निम्हान्स बेंगलुरु को अनुसंधान, प्रशिक्षण और देखभाल के मद में पिछले वर्षों से लगभग दोगुना 917.21 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ, तेजपुर: 69.32 करोड़ रुपये, क्षेत्रीय मनोरोग सेवाओं की सहायता। जहां एक ओर मर्ज बढ़ता जा रहा है, वहीं हमारे देश के मानसिक रोग अस्पताल सौ साल पुराने पागलखाने के खौफनाक रूप से ही जाने जाते हैं। यह जर्जर, डरावनी और संदिग्ध इमारतें मानसिक रोगियों की यंत्रणाओं, उनके प्रति समाज के उपेक्षित रवैये और सरकारी उदासीनता की मूक गवाह हैं। तभी सन 2017 में 10,246 और सन 2018 में 10,134 मानसिक रोगियों ने आत्महत्या कर ली थी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानता रहा है कि देश भर के पागलखानों की हालत बदतर है। इसे सुधारने के लिए कुछ साल पहले बंगलौर के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ और चेतना विज्ञान संस्थान (निमहान्स) मे एक परियोजना शुरू की गई थी, लेकिन उसके किसी सकारात्मक परिणाम की जानकारी नहीं है। यह परियोजना भी नाकाफी संसाधनों का रोना रोते हुए फाइलों में ठंडी हो गई। हमारे देश की सवा अरब को पार कर गई आबादी के लिए केवल 43 सरकारी मानसिक रोग अस्पताल हैं, इनमें से मनोवैज्ञानिक इलाज की व्यवस्था महज तीन जगह ही है। इन अस्पतालों में 21,000 बिस्तर हैं जो जरूरत का एक फीसदी भी नहीं है। यहां तक कि जरूरत की पचास फीसदी नर्स भी उपलब्ध नहीं हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम की एक रिपोर्ट भी इस बात का प्रमाण है कि ऐसे रोगियों की बड़ी संख्या इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ है। सरकारी अस्पतालों के नारकीय माहौल में जाना उनकी मजबूरी होता है । आज भी अधिकांश मानसिक रोगी बगैर इलाज के अपने हाल में अमानवीय हालात में जीने को मजबूर हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नई मच्छरदानी दोहरी सुरक्षा देगी

**वैसे कुछ वर्ष पूर्व भी WHO ने एक नए प्रकार की मच्छरदानी को सीमित स्वीकृति प्रदान की थी। इस मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ पीबीओ का उपयोग किया गया था जो मच्छरों की पाइरेथ्रॉइड का विघटन करने की क्षमता को खत्म करता है। ये केवल पाइरेथ्रॉइड मच्छरदानी की तुलना में काफी महंगी थीं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि इनके उपयोग से मलेरिया के प्रकोप में कमी से जितना फायदा होता है।**
**वह इनकी लागत के हिसाब से कम है। क्लोरफेनापिर ने इस समस्या को दूर कर दिया है। तंजानिया और बेनिन में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि नई मच्छरदानियों के उपयोग से बच्चों में मलेरिया का प्रकोप लगभग आधा रह गया अर्थात इन मच्छरदानी के उपयोग में होना वाला खर्च मलेरिया उपचार की लागत से काफी कम साबित हुआ जो WHO द्वारा अनुमोदन के लिए पर्याप्त कारण था।**



हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नए कीटनाशक मिश्रण से उपचारित मच्छरदानी के उपयोग का अनुमोदन किया है। इस नई मच्छरदानी में ऐसे दो रसायनों का उपयोग किया गया है जो मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों को अधिक प्रभावी ढंग से खत्म करने में सक्षम है। जल्द ही यह उपचारित मच्छरदानी उप सहारा अफ्रीका में व्यापक रूप से उपलब्ध हो जाएगी जहां पिछले वर्ष मलेरिया से 6 लाख से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। कीटनाशक उपचारित मच्छरदानी का डबल फायदा है।

इसके अंदर सोता व्यक्ति तो सुरक्षित रहता ही है, इस पर बैठने वाले मच्छरों का भी खात्मा हो जाता है। 2000 से 2015 के बीच मलेरिया के प्रकोप में 40 प्रतिशत गिरावट का श्रेय उपचारित मच्छरदानियों को जाता है, लेकिन मच्छर इनमें प्रयुक्त पाएरेथ्रॉइड नामक कीटनाशक के प्रतिरोधी हो चले थे। नई अनुमोदित मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ क्लोरफेनापिर का उपयोग किया गया है। क्लोरफेनापिर मच्छरों के माइटोकॉन्ड्रिया को निशाना बनाता है जिसके चलते मांसपेशियों में मरोड़ पैदा होती है और मच्छर हिलडुल या उड़ नहीं पाते हैं।

वैसे पिछले वर्ष भी WHO ने एक नए प्रकार की मच्छरदानी को सीमित स्वीकृति प्रदान की थी। इस मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ पीबीओ का उपयोग किया गया था जो मच्छरों की पाइरेथ्रॉइड का विघटन करने की क्षमता को खत्म करता है। ये केवल पाइरेथ्रॉइड मच्छरदानी की तुलना में काफी महंगी थीं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि इनके उपयोग से मलेरिया के प्रकोप में कमी से जितना फायदा होता है।

वह इनकी लागत के हिसाब से कम है। क्लोरफेनापिर ने इस समस्या को दूर कर दिया है। तंजानिया और बेनिन में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि नई मच्छरदानियों के उपयोग से बच्चों में मलेरिया का प्रकोप लगभग आधा रह गया अर्थात इन मच्छरदानी के उपयोग में होना वाला खर्च मलेरिया उपचार की लागत से काफी कम साबित हुआ जो WHO द्वारा अनुमोदन के लिए पर्याप्त कारण था। गौरतलब है कि क्लोरफेनापिर का उपयोग सबसे पहले अमेरिका में वर्ष 2001 में गैर खाद्य फसलों के लिए ग्रीन हाउसों में किया गया था। पक्षियों और जलीय जीवों में विषाक्तता के कारण खेतों पर इसके छिड़काव पर प्रतिबंध है। चूंकि इस मच्छरदानी का उपयोग घर के अंदर किया जा रहा है और व्यापक पर्यावरण से इसका सीमित संपर्क है इसलिए पर्यावरण की दृष्टि से इसे सुरक्षित माना जा रहा है।

विशेषज्ञों की चेतावनी है कि देर सबेर मच्छरों में क्लोरफेनापिर के खिलाफ भी प्रतिरोध उभरना तय है। इसलिए प्रतिरोध पैदा होने की रफ्तार को धीमा करने की तकनीकें विकसित करना महत्वपूर्ण होगा। इसके लिए नई मच्छरदानियों के साथ-साथ घरों में अंदर कीटनाशक छिड़काव या कुछ वर्षों के लिए पाइरेथ्रॉइड पीबीओ मच्छरदानियों का उपयोग भी करते रहना ठीक होगा।

# दो पिता की संतान, पुरुष भी पैदा कर सकेगा अपनी जैविक संतान!

हिन्दी फिल्मों में एक बाप की औलाद की बात कई मर्तबा की जाती है और माना जाता है कि वही सच्ची औलाद होती है। लेकिन यहां बात उस संवाद के संदर्भ में नहीं बल्कि वैज्ञानिकों द्वारा नर की कोशिकाओं से अंडे के निर्माण की हो रही है। लंदन में हाल ही में सम्पन्न तृतीय अंतर्राष्ट्रीय मानव जीनोम संपादन सम्मेलन में यह जानकारी दी गई कि शोधकर्ताओं ने नर चूहों की कोशिकाओं से अंडे बना लिए और जब उन्हें निषेचित करके मादा चूहे के गर्भाशय में रखा गया तो उनसे स्वस्थ संतान पैदा हुई और वे स्वयं संतानोत्पत्ति में सक्षम थीं। यह करामात करने के लिए शोधकर्ता बरसों से प्रयास कर रहे थे। मसलन, 2018 में एक टीम ने खबर दी थी कि उन्होंने शुक्राणु या अंडाणु से प्राप्त स्टेम कोशिकाओं से पिल्ले पैदा किए थे जिनके दो पिता या दो माएं थीं।

दो मांओं वाले पिल्ले तो वयस्क अवस्था तक जीवित रहे और प्रजननक्षम थे लेकिन दो पिता वाले पिल्ले कुछ ही दिन जीवित रहे थे। फिर 2020 में कात्सुहिको हयाशी ने बताया था कि किसी कोशिका को प्रयोगशाला के उपकरणों में परिपक्व अंडे में विकसित होने के लिए किस तरह के जेनेटिक परिवर्तनों की जरूरत होती है। इसी टीम ने 2021 में खबर दी कि वह चूहे के अंडाशय की परिस्थितियां निर्मित करके अंडे तैयार करने में सफल रही और इन अंडों ने प्रजननक्षम संतानें भी उत्पन्न कीं। अब हयाशी और उनके साथियों ने कोशिश शुरू कर दी कि वयस्क नर चूहे की कोशिकाओं से अंडे विकसित किए जाएं। उन्होंने इन कोशिकाओं को इस तरह परिवर्तित किया कि वे प्रेरित बहुसक्षम कोशिकाएं बन गईं। टीम ने इन कोशिकाओं को कल्चर में पनपने दिया जब तक कि उनमें से कुछ कोशिकाओं ने स्वत: अपना वाय गुणसूत्र गंवा नहीं दिया। जैसा कि सब जानते हैं नर चूहों की कोशिकाओं में सामान्यत: एक वाय और एक एक्स गुणसूत्र होता है। इन कोशिकाओं को रेवर्सीन नामक एक रसायन से उपचारित किया गया। यह रसायन कोशिका विभाजन के समय गुणसूत्रों के वितरण में त्रुटियों को बढ़ावा देता है। इसके बाद टीम ने वे कोशिकाएं ढूंढी जिनमें एक्स गुणसूत्र की दो प्रतिलिपियां थी, अर्थात गुणसूत्रों के लिहाज से वे मादा कोशिकाएं थीं। इसके बाद टीम ने प्रेरित बहुसक्षम स्टेम कोशिकाओं को वे जेनेटिक संकेत दिए जो अपरिपक्व अंडा बनाने के लिए जरूरी होते हैं। जब अंडा बन गया तो उसका निषेचन शुक्राणु से करवाया गया और निषेचित अंडों को मादा चूहे के गर्भाशय में डाल दिया गया। हयाशी ने सम्मेलन में बताया कि इन निषेचित अंडों (भ्रूण) की जीवन दर बहुत कम रही - कुल 630 भ्रूण गर्भाशयों में डाले गए और उनमें से मात्र 7 का विकास पिल्लों के रूप में हो पाया। लेकिन ये 7 भलीभांति विकसित हुए और वयस्क होकर प्रजननक्षम रहे। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन हयाशी का कहना है कि अभी इसे एक चिकित्सकीय तकनीक बनने में बहुत समय लगेगा क्योंकि मनुष्य और चूहों में बहुत फर्क होते हैं। अभी यह भी देखना बाकी है कि क्या मूल कोशिका में जो एपिजेनेटिक बदलाव किए गए थे वे नर कोशिका से बने अंडों में सुरक्षित रहते हैं या नहीं। और भी कई तकनीकी अड़चनें आएंगी। बहरहाल, यदि ये अड़चनें पार कर ली जाएं, तो यह तकनीक संतानहीनता की कुछ परिस्थितियों में कारगर हो सकती है। जैसे टर्नर सिंड्रोम के मामले में जहां स्त्री के दो में से एक एक्स गुणसूत्र नहीं होता या आधा-अधूरा होता है। जापान के होकाइडो विश्वविद्यालय के जैव-नैतिकताविद तेत्सुया इशी का कहना है कि यह तकनीक पुरुष (समलैंगिक विवाहित) दंपतियों को भी संतान पैदा करने का अवसर दे सकती है। हां, उन्हें सरोगेट गर्भाशय की जरूरत तो पड़ेगी। इसके अलावा, शायद सूदूर भविष्य में अकेला पुरुष भी अपनी जैविक संतान पैदा कर सकेगा। इस संदर्भ में सिर्फ तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक मुद्दों पर विचार भी जरूरी होगा।

## सांप की कलाबाजियां

अगस्त 2019 में, कुछ शोधकर्ताओं को उत्तर-पश्चिम मलेशिया के एक विशाल चूना पत्थर पहाड़ के पास सड़क पार करता हुआ एक ड्वार्फ रीड सांप (स्यूडोरेब्डियन लॉन्गिसेप्स) दिखा। जैसे ही वे उसके पास गए तो पहले तो वह अपने बचाव के लिए हवा में ऊपर की ओर घूमा और फिर कुंडली की तरह गोल-गोल लपेटता हुआ नीचे आ गया। शोधकर्ताओं ने सांप को पकड़ लिया और उसे सड़क किनारे समतल जगह पर रख दिया। उसने यही बचाव करतब फिर कई बार दोहराया। ड्वार्फ रीड सांप दिखने में गहरे रंग का, बौना और संटी सरीखा पतला सा होता है।



यह निशाचर प्राणि है जो चट्टानों में छिप कर रहता है। शोधकर्ताओं ने इस सांप पर किए अपने अवलोकन को बायोट्रॉपिका में प्रकाशित किया है। सांपों में इस तरह की हरकत पहली बार देखी और दर्ज की गई है। हालांकि कई अन्य जानवर, जैसे पैंगोलिन और टेपुई मेंढक, भी इस तरह कुलांचे भर सकते हैं, लेकिन सरिसृपों की बात तो दूर, स्तनधारियों में भी शरीर को मरोड़ना (या बल देना) इतनी आम बात नहीं है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह सांप खतरे से जल्दी दूर भागने के लिए ऐसा करता है। उसका यह व्यवहार उसके शत्रुओं को भ्रमित भी कर सकता है और क्योंकि उसकी यह कलाबाजी रेंगकर चलने की तुलना में उसके शरीर को जमीन से कम संपर्क में रखती है तो उसे सूंघ कर हमला करने वाले शिकारी भटक जाएंगे।

# अमेरिका ने हमे टायलेट पेपर की तरह फेंका: ख्वाजा आसिफ

## पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले: अपने फायदे के लिए पाक का इस्तेमाल किया, साथ देने की कीमत आज भी चुका रहे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टायलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं।

इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया। आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितम्बर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत



■ आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए

पाकिस्तान आज भी चुका रहा है। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा और अपने छोटे फायदे के लिए कभी अमेरिका, कभी रूस और कभी ब्रिटेन की ओर झुकता रहा। उन्होंने कहा कि अब इन देशों का यहां पहले से ज्यादा प्रभाव है, जो 30-40 साल पहले नहीं था। उन्होंने यह भी माना कि पाकिस्तान का आतंकी इतिहास रहा है। आसिफ ने कहा कि अफगानिस्तान की दो जंगों में शामिल होना पाकिस्तान की बड़ी भूल थी और आज देश में जो आतंकवाद है, वह उन्हीं गलतियों का नतीजा है। आसिफ ने कहा कि हम अपने इतिहास और गलतियों को स्वीकार नहीं करते। आज का आतंकवाद उन्हीं डिक्टेटरों की गलतियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। ख्वाजा आसिफ ने यह भी दावा किया कि इन जंगो को सही ठहराने के लिए पाकिस्तान की एजुकेशन सिस्टम में जानबूझकर बदलाव किए गए। उनके मुताबिक, यह बदलाव आज भी सिस्टम में मौजूद हैं। उन्होंने साल 2000 में अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की इस्लामाबाद की कुछ घंटों की यात्रा का जिक्र किया। क्लिंटन भारत दौरे के बाद थोड़े समय के लिए पाकिस्तान आए थे। आसिफ ने कहा कि इससे साफ दिखता है कि दोनों देशों का रिश्ता सिर्फ मतलब तक सीमित हो गया था। उस समय अमेरिका ने सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ पर लोकतंत्र, परमाणु प्रसार और आतंकवाद को लेकर दबाव डाला था। 2000 में पाकिस्तान का प्रधानमंत्री कोई नहीं था, क्योंकि उस समय देश में सैन्य शासन चल रहा था। नवम्बर 1997 से अक्टूबर 1999 तक नवाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे। 12 अक्टूबर 1999 को जनरल परवेज मुशर्रफ ने तख्तापलट करके नवाज शरीफ की सरकार को हटा दिया और खुद चीफ एक्जीक्यूटिव बन गए। 1999 के बाद से 2002 तक पाकिस्तान में कोई निर्वाचित प्रधानमंत्री नहीं था। मुशर्रफ ने सत्ता संभाली और 2002 में चुनाव करवाए, जिसके बाद जफरुल्लाह खान जमाली प्रधानमंत्री बने। यह बयान उस समय आया जब संसद ने इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में हुए हमले के खिलाफ निंदा का प्रस्ताव पास किया। 6 फरवरी को नमाज के दौरान हुए इस आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत हो गई और 169 लोग घायल हुए।



**अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर की अरु घाटी में 'हिम उत्सव' के दौरान कपड़ों का स्टॉल लगाते विक्रेता।**

## राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना ताजमहल का दीदार करने के लिए पहुंचीं आगरा

**आगरा।** थाईलैंड की राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना बुधवार को ताजमहल का दीदार करने के लिए आगरा पहुंचीं। सुबह करीब आठ बजे डेलिगेशन के साथ ताजमहल में पहुंचीं और ताजमहल में करीब डेढ़ घंटे तक रहीं। इस मौके पर उन्होंने फोटो शूट भी कराया। गाइड से ताजमहल के इतिहास के बारे में जानकारी ली। ताजमहल देखने के बाद आगरा किला भी गईं। भारी सुरक्षा के बीच आगरा का दौरा किया। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना के दौरा निजी था। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना एक दिन पहले विशेष विमान से आगरा पहुंच गईं थी और एक होटल में रात्रि विश्राम किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### फिलीपींस में जहाज डूबने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 52 हुई

**फिलीपींस।** फिलीपींस के बेसिलन प्रांत के पास यात्री-मालवाहक जहाज 'त्रिशा कर्स्टिन 3' के डूबने से कम से कम 52 लोगों की मौत हो गई है। फिलीपीन कोस्ट गार्ड (पीसीजी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पीसीजी ने तकनीकी गोताखोर टीमों के चल रहे प्रयासों का हवाला देते हुए बताया कि गोताखोरों ने मंगलवार तड़के बालुक-बालुक द्वीप के पास खोज और बचाव अभियान के दौरान एक और शव बरामद किया, जिससे मरने वालों की कुल संख्या 52 हो गई है। कुल मिलाकर 316 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बचाव दल अभी भी शेष पीड़ितों की तलाश में जुटे हैं।

### वशिष्ठ अनूप ने दुबई और शारजाह में फहराया हिन्दी ग़ज़ल का परचम

**वाराणसी।** लोकप्रिय ग़ज़लकार तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ अनूप ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय काव्य समारोह 'द पोएटिक हार्ट' के 15वें संस्करण में हिन्दी कविता का प्रतिनिधित्व किया। दुबई में आयोजित इस समारोह में ग्यारह विभिन्न भाषाओं के कवियों ने काव्यपाठ किया।

### कश्मीर में पिछले 24 घंटे में हल्की से मध्यम बर्फबारी एवं बारिश


**श्रीनगर।** पिछले 24 घंटों के दौरान कश्मीर में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि गुलमर्ग केंद्र शासित प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में बुधवार सुबह समाप्त हुए 24 घंटों के दौरान कश्मीर संभाग में सबसे अधिक 22.2 मिलीमीटर (मिमी) बारिश भी दर्ज की गई। श्रीनगर में 1.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि दक्षिण कश्मीर के पहाड़ी रिसॉर्ट पहलगाम में 8.8 मिमी बारिश हुई।

# अमेरिका ने हटाया इंडियन मैप वाला पोस्ट

## नक्शे में पीओके-अक्साई चिन को भारत का हिस्सा दिखाया था, पाक-चीन से तनाव की अटकलें लगी थीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) को भारत का हिस्सा दिखाने वाला पोस्ट डिलीट कर दिया है। यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) ने 7 फरवरी को भारत-अमेरिका के बीच हुए ट्रेड एग्रीमेंट के बाद किए गए पोस्ट में इंडियन मैप शेयर किया था। जारी होने के बाद यह नक्शा चर्चा में आ गया था। अब तक अमेरिकी एजेंसियां इंडियन मैप में पीओके और अक्साई चिन को विवादित इलाके के तौर पर अलग रंग या डाटेड लाइन्स से दिखाती थी। हालांकि, इस पोस्ट में ऐसा कोई निशान या लाइन नहीं थी, बल्कि पूरे क्षेत्र को भारत का अभिन्न हिस्सा दिखाया गया था।

इस बदलाव के बाद कई एक्सपर्ट का कहना था कि पाकिस्तान और चीन के साथ अमेरिका के रिश्तों में तनाव के बीच यह कदम भारत के समर्थन का संकेत हो सकता है। वहीं, कुछ लोगों ने इसे गलती से जारी हुआ बताया। इन तमाम अटकलों के बीच अब यूएसटीआर ने यह पोस्ट हटा दिया है। हालांकि, इस पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अमेरिकी ट्रेड आफिस ने यह इंडियन मैप अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क के ऐलान के साथ पोस्ट किया था, जिसे अब हटा दिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। यह 1947 से चला आ रहा है और दोनों देशों के बीच युद्ध, तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है।





■ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस ने यह इंडियन मैप अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क के ऐलान के साथ पोस्ट किया था, जिसे अब हटा दिया गया है

### 'वायु शक्ति अभ्यास' में प्रमुख भूमिका में नजर आएगा स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** पिछले वर्ष दुबई एयर शो में करतबबाजी के दौरान भीषण दुर्घटना का शिकार हुआ वायु सेना का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1 ए एक बार फिर आगामी अभ्यास 'वायु शक्ति 2026' में प्रमुख भूमिका में नजर आएगा। तेजस विमान की इस दुर्घटना में पायलट की भी मौत हो गई थी। वायु सेना का यह व्यापक शक्ति प्रदर्शन 27 फरवरी को राजस्थान के जैसलमेर के पास पोखरण फायलरग रेंज में होगा। सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित तेजस मार्क-1ए इस अभ्यास में हवाई ड्रिल और युद्ध प्रदर्शन में भाग लेगा।

1 भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं। 1947-48 में पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध-पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट आफ एक्सेशन (विलय पत्र) पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। भारत ने सैन्य मदद भेजी। युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने क्षेत्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे अब पीओके कहा जाता है। 1949 में यूएन की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ और सीजफायर लाइन (बाद में लाइन आफ कंट्रोल-एलओसी) बनाई गई, जो दोनों देशों के नियंत्रण को अलग करती है। भारत का दावा-भारत कहता है कि पूरा जम्मू-कश्मीर (पीओके सहित) उसका अभिन्न अंग है, क्योंकि महाराजा ने भारत में विलय किया था। 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। भारत पीओके को अवैध कब्जा मानता है और इसे वापस लेने की बात करता है। पाकिस्तान का दावा-पाकिस्तान कहता है कि कश्मीर मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, इसलिए वह पाकिस्तान का हिस्सा होना चाहिए।

पाकिस्तान पीओके को आजाद कश्मीर कहता है और वहां अपनी तरह की सरकार चलाता है। पाकिस्तान यूएन के पुराने प्रस्तावों का हवाला देता है, जिसमें कश्मीरियों को जनमत संग्रह का अधिकार देने की बात थी। अमेरिका के मैप शेयर करने से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 5 फरवरी को बयान जारी कर कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा। शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए। शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था। शहबाज शरीफ ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फारेन पालिसी का आधार है।

# गुयाना के मंत्री ने हिंदी में दिया भाषण, वीडियो वायरल

**जार्जटाउन।** दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना की संसद में भारतीय मूल के मंत्री विकाश रामकिसून का हिंदी में दिया गया भाषण सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। संसद सत्र के दौरान उन्होंने विपक्ष के उस दावे का जवाब हिंदी में दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें हिंदी नहीं आती।

विपक्षी सांसद विष्णु पांडेय ने सदन में टिप्पणी की कि विकाश रामकिसून को हिंदी का एक शब्द भी नहीं आता। इस पर रामकिसून ने स्पीकर से अनुमति ली और कहा कि वे इसी मुद्दे पर हिंदी में जवाब देना चाहते हैं। इसके बाद उन्होंने हिंदी में बोलते हुए विपक्षी सांसद को खुली चुनौती दी। रामकिसून ने कहा कि मैं अभी इसी वक्त उन्हें चुनौती देता हूं कि किसी भी स्तर पर, किसी भी जगह पर, विषय वे तय करें और मैं बिना कागज देखे हिंदी में बहस करूंगा। मंत्री विकाश रामकिसून के भाषण का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर शेयर किया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोग देख और शेयर कर रहे हैं। यह वीडियो भारत के उच्चायोग की ओर से गुयाना की राजधानी जार्जटाउन से एक्स पर पोस्ट किया गया था। इसके बाद यह तेजी से वायरल हो गया और भारत समेत कई देशों में लोग मंत्री की हिंदी की तारीफ कर रहे हैं।



■ विकाश रामकिसून ने विपक्ष को चुनौती दी, बोले: मैं बिना कागज के हिंदी में बहस को तैयार

सोशल मीडिया यूजर्स ने लिखा कि हिंदी को लेकर उठाया गया सवाल अनावश्यक था और मंत्री ने बिना किसी नोट्स के हिंदी में जवाब देकर अपनी भाषा की पकड़ साबित कर दी। विकाश रामकिसून वर्तमान में गुयाना के कृषि मंत्रालय में मंत्री हैं। वे पहले संसद में कृषि मंत्रालय के संसदीय सचिव भी रह चुके हैं। बनाया गया था। गुयाना में भारतीय मूल की आबादी बड़ी संख्या में रहती है। कुल आबादी का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा भारतीय मूल के लोगों का है। यह किसी भी लैटिन अमेरिकी देश में भारतीय प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। गुयाना में भारतीयों की मौजूदगी की शुरुआत 5 मई 1838 से मानी जाती है। इस दिन भारत से 396 गिरमिटिया मजदूरों को ब्रिटिश गुयाना लाया गया था।

# कनाडा के कोलंबिया प्रांत में गोलीबारी, 10 की मौत, 25 घायल

**वैंकूवर।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज में एक उच्च विद्यालय और पास के एक घर में हुई गोलीबारी में संदिग्ध शूटर समेत 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि 25 अन्य लोग घायल हुए हैं। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने बताया कि अधिकारियों ने स्थानीय समय के अनुसार अपराह्न करीब 1:20 बजे टम्बलर रिज माध्यमिक विद्यालय में गोलीबारी की सूचना पर कार्रवाई की।

विद्यालय में छह लोग मृत पाए गए, जबकि एक व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय में मृत्यु हुई। वहीं, दो और पीड़ित एक घर से मिले, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह इस घटना से जुड़ा है। आरसीएमपी ने कहा कि संदिग्ध शूटर भी मरा मृत पाया

■ आरसीएमपी ने कहा: संदिग्ध शूटर भी मरा मृत पाया गया

गया। शायद उसने खुद को गोली मार ली होगी। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कोई और संदिग्ध फरार नहीं है। लगभग 25 लोग घायल हुए, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल ले जाया गया, जबकि दूसरों का इलाज स्थानीय स्तर पर किया गया। आरसीएमपी ने कहा कि सभी विद्यार्थी और कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। गौरतलब है कि रॉकी माउंटेन्स की तलहटी में बसे टम्बलर रिज की आबादी लगभग 2400 है। ब्रिटिश कोलंबिया के प्रधानमंत्री डेविड एबी ने इस घटना पर दुख जताया है।

# ब्रिक्स, एससीओ आम सहमति से काम करते हैं: लावरोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ज्यादातर मामलों में सर्वसम्मति के आधार पर फैसले करते हैं, जबकि नाटो के फैसले अमेरिका पर निर्भर करते हैं। लावरोव ने रूस के एक यूट्यूब चैनल एमपाशिया मनुची प्रोजेक्ट के साथ बातचीत में कहा कि ज्यादातर मामलों में अंतर्राष्ट्रीय समझौतों का पालन किया जाता है। जब बात हमारे पश्चिमी साथियों की हो तब नहीं, बल्कि जब उन प्रतिनिधियों की होती है जिन्हें हम वैश्विक बहुमत कहते हैं, (जैसे) ब्रिक्स, एससीओ, और सोवियत के बाद वाले सीएसटीओ, ईएईयू, और सीआईएस। इन ढांचों में आम सहमति ज्यादातर बनी रहती है।

# अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में सैन्य तैनाती बढ़ाई

## ईरान से तनाव के बीच मिसाइलों को ट्रकों पर तैनात किया, सैटेलाइट तस्वीरों से हुआ अहम खुलासा

**वाशिंगटन।** ईरान से बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में अपनी सैन्य तैनाती बढ़ा दी है। सैटेलाइट तस्वीरों में सामने आया है कि कतर के अल-उदीद बेस पर पैट्रियट मिसाइल सिस्टम को स्थायी लान्चर की जगह ट्रकों पर तैनात किया गया है।

रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक तस्वीरों में अलग-अलग बेस पर विमानों और सैन्य उपकरणों की संख्या बढ़ती भी दिख रही है। यह बदलाव जनवरी के बाद क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच हुआ है। फोरेंसिक इमेजरी एनालिस्ट विलियम गुडहाइंड के मुताबिक, जनवरी की तुलना में फरवरी की सैटेलाइट तस्वीरों में क्षेत्र में सैन्य गतिविधि बढ़ी दिखती है। उन्होंने



■ रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक तस्वीरों में अलग-अलग बेस पर विमानों और सैन्य उपकरणों की संख्या बढ़ती भी दिख रही है

बताया कि फरवरी की शुरुआत में अल-उदीद बेस पर पैट्रियट मिसाइलें एम983 एमईएमटीटी ट्रकों पर लगी नजर आईं। उनके अनुसार, मिसाइलों को ट्रकों पर रखने से उन्हें जल्दी एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है या हमले की स्थिति में नई पोजिशन पर तैनात किया जा सकता है। कतर के अल-उदीद बेस पर फरवरी की तस्वीर में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम ट्रकों पर तैनात नजर आ रहा है। कतर के अल-उदीद बेस पर 1 फरवरी की तस्वीरों में एक आरसी-135 रीकानिसेंस विमान, तीन सी-130 हरक्यूलिस, 18 केसी-135 स्ट्रैटो टैंकर और सात सी-17 विमान दिखे। 17 जनवरी की तस्वीरों में यहां 14 स्ट्रैटो टैंकर और दो सी-17 थे। यानी कुछ ही हफ्तों में टैंकर और ट्रांसपोर्ट विमानों की संख्या बढ़ी है। इसके अलावा, अधिकतम 10 एमआईएम-104 पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम एचईएमटीटी ट्रकों पर खड़े दिखाई दिए। फरवरी में सामने आई तस्वीरों में अमेरिका ने अल-उदीद बेस विमानों की संख्या भी बढ़ाई। जार्डन के मुवाफ्फक बेस पर 2 फरवरी की तस्वीरों में 17 एफ-15ई स्ट्राइक विमान, 8 ए-10 थंडरबोल्ट, चार सी-130 और चार हेलीकॉप्टर नजर आए। उसी बेस की दूसरी लोकेशन पर 2 फरवरी को एक सी-17, एक सी-130 और चार ईए-18जी ग्रोलर इलेक्ट्रानिक वारफेयर विमान दिखे। 25 जनवरी की तस्वीरों में वहां कोई विमान नजर नहीं आया था। सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान बेस पर 2 फरवरी को एक सी-5 गैलेक्सी और एक सी-17 विमान दिखाई दिए। 6 दिसम्बर की तस्वीरों में यहां पांच विमान थे, जो सी-130 जैसे दिख रहे थे।

# बांग्लादेश में शेख हसीना की सीट पर हिंदू उम्मीदवार

## बीएनपी उम्मीदवार को दे रहे कड़ी टक्कर, कल वोटिंग और संविधान सुधारों पर जनमत संग्रह

**ढाका।** बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पारंपरिक सीट गोपालगंज-3 पर मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। यहां बीएनपी के उम्मीदवार एसएम जिलानी को दो हिंदू उम्मीदवार कड़ी टक्कर दे रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार गोविंद चंद्र प्रमाणिक और गणो फोरम के दुलाल चंद्र विश्वास को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। गोपालगंज-3 सीट में टुंगीपाड़ा और कोटालिपाड़ा इलाके आते हैं।

टुंगीपाड़ा में करीब 26 प्रतिशत और कोटालिपाड़ा में 47 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू आबादी है। यह इलाका शेख मुजीबुर रहमान की जन्मस्थली है और लंबे समय से अवामी लीग का गढ़ माना जाता रहा है। गोविंद चंद्र प्रमाणिक का कहना है कि उन्हें लोगों से अच्छा समर्थन मिल रहा है। वहीं एक 23 साल के युवक ने कहा कि अगर वोट नहीं



■ टुंगीपाड़ा में करीब 26 प्रतिशत और कोटालिपाड़ा में 47 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू आबादी है, यह इलाका शेख मुजीबुर रहमान की जन्मस्थली है

दिया तो हमला या केस हो सकता है। उसने कहा कि वोट तो देंगे, लेकिन शायद इस बार बीएनपी को वोट दें। बांग्लादेश में 12 फरवरी को वोटिंग और संविधान सुधारों पर जनमत संग्रह होना है। गोविंद चंद्र प्रमाणिक जिस गोपालगंज-3 सीट से चुनाव लड़ रहे हैं वहां 50 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू मतदाता हैं। बीएनपी ने भी कई अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। उसके 80 हिंदू उम्मीदवारों में से ढाका-1 सीट से गोयेश्वर चंद्र राय को मजबूत माना जा रहा है। मगुरा में निताई राय चौधरी के सामने कोई बड़ा प्रतिद्वंद्वी नहीं है। बागेरहाट-1 सीट जो पहले अवामी लीग का गढ़ रही है, वहां बीएनपी के कपिल कृष्ण मंडल मजबूत माने जा रहे हैं। बागेरहाट-4 में सोमनाथ डे भी जीत के दावेदार बताए जा रहे हैं। जमात-ए-इस्लामी ने भी पहली बार किसी हिंदू उम्मीदवार को टिकट दिया है। पार्टी ने खुलना-1 सीट से कृष्णा नंदी को मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला बीएनपी के आमिर एजाज खान और सीपीबी के किशोर कुमार राय से है। कृष्णा नंदी अपने सरल और मजाकिया अंदाज के कारण सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। गोपालगंज और खुलना के अलावा बागेरहाट, बरीसाल, पिरोजपुर, मगुरा, जेसोर और दिनाजपुर जिलों में भी हिंदू आबादी अच्छी खासी है। लेकिन बरीसाल, पिरोजपुर, जेसोर और दिनाजपुर में इस बार बड़ी पार्टियों ने हिंदू उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। बरीसाल-5 सीट से डेमोक्रेटिक यूनाइटेड फ्रंट की डा. मोनिषा चक्रवर्ती चर्चा में हैं। बरीसाल-2 से गणो अधिकार परिषद के रंजीत कुमार बरोई चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन उनकी जीत की संभावना कम मानी जा रही है। पिरोजपुर में कोई अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में नहीं है। जेसोर-4 से बीएमजेपी के सुकृति कुमार मंडल चुनाव लड़ रहे हैं।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर

शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®

गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष
शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी
शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर